श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 22 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 332, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया 16

वेदा का पोस्टर रिलीज 15

30 हजार मेगावाट तक पहुंची बिजली की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में भीषण गर्मी के साथ रिकॉर्ड तोड़ रही उमस

अमृत विचार : प्रदेश में उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार रविवार को अधिकतम मांग 29,781 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते दिनों 19 जुलाई को अधिकतम मांग 29,304 मेगावाट दर्ज हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि पिछले दिनों बारिश के मौसम में अधिकतम मांग 22 हजार मेगावाट तक पहुंच गई थी। सात जुलाई से मांग में बढ़ोतरी का क्रम शुरू हुआ, जो लगातार जारी है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार भीषण गर्मी की तर्ज पर मांग में तेजी से बढ़ोतरी जारी है। इससे मांग के 30 हजार मेगावाट का आंकड़ा पार करने की संभावना बन गई है।

संसद सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने मांगा लोकसभा उपाध्यक्ष पद

विपक्ष कांवड़ और नीट मुद्दे पर भरेगा हुंकार, सरकार ने मांगा सहयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार के सहयोगी दलों ने भी विशेष दर्जे की मांग उठाई
- सपा सांसद रामगोपाल ने कहा-विभाजन नीति नहीं चलेगी

संसद का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक एक दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में रविवार को कांग्रेस ने विपक्ष के लिए लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगा और प्रतिष्ठित नीट सहित पेपर लीक से जुड़े अन्य मुद्दे उठाए। कांग्रेस ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का मुद्दा भी उठाया तथा स्पष्ट संकेत दिया कि वह सत्र को हंगामेदार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

इतना ही नहीं, सरकार के सहयोगी और महत्वपूर्ण मौकों पर उसका साथ देने वाले अन्य दलों ने भी अपने-अपने राज्यों के विशेष दर्जे का मुद्दा उठाते हुए केंद्र को अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया और अपने भावी रुख का मुजाहिरा किया। सरकार ने सत्र से पहले होने वाली इस पारंपरिक बैठक में कई छोटे दलों को आमंत्रित किया और सभी मुद्दों पर चर्चा करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने उन्होंने संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा के सहयोगी जनता दल (यूनाइटेड), बीजू जनता दल (बीजद) और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों ने 44 दलों के साथ हुई बैठक में क्रमशः बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग की। आप नेता संजय सिंह ने सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया और नरेन्द्र मोदी सरकार पर आप नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को निशाना बनाने का आरोप लगाया जो आबकारी नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

आतंकी हमलों व मणिपुर की स्थिति को उठाएंगे : कांग्रेस

कांग्रेस नेता के. सुरेश ने कहा कि परंपरा के अनुसार लोकसभा उपाध्यक्ष का पद मांगने में इंडिया गठबंधन के अन्य सदस्यों के साथ उनकी पार्टी भी शामिल हुई। उन्होंने जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमलों, मणिपुर की स्थिति, रेल दुर्घटनाओं, बेरोजगारी और महंगाई सहित कई अन्य मुद्दों पर संसद में चर्चा की जरूरत पर भी जोर दिया। कांग्रेस ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं से संबंधित मुद्दा भी उठाया, जिसके अध्यक्ष ने हाल ही में कथित व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया था।

सर्वदलीय बैठक में 55 नेता हुए शामिल

बैठक में राज्यसभा में सदन के नेता और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के जयराम रमेश, केंद्रीय मंत्री और लोजपा नेता चिराग पासवान सहित 55 नेता शामिल हुए। सरकार ने तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में निर्दलीय सदस्यों को छोड़कर केवल एक सदस्य वाले दलों सहित सभी दलों को आमंत्रित किया। तृणमूल कांग्रेस ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि पार्टी रविवार को कोलकाता में अपनी वार्षिक शहीद दिवस रैली में व्यस्त थी।

एक नजर

हरियाणा के नूंह में इंटरनेट, एसएमएस सेवा 24 घंटे के लिए स्थगित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एक साथ कई लोगों को एसएमएस भेजने की सेवाओं को 24 घंटे के लिए स्थगित करने का रविवार को आदेश दिया। पिछले साल इस यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुराग रस्तोगी के आदेश के अनुसार, जिले में इंटरनेट सेवा रविवार शाम छह बजे से सोमवार शाम छह बजे तक स्थगित रहेगी। आदेश में कहा गया है, .. नूंह जिले में तनाव, गड़बड़ी, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक शांति तथा सौहार्द बिगाड़ने की आशंका है। यह आदेश व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर आदि जैसे सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से गलत सूचना और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए दिया गया है। इस बीच, नूंह पुलिस ने कहा कि यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

मुरैना में रील बनाते समय 11 साल के बच्चे की मौत

मुरैना। जिले में सोशल मीडिया के लिए रील बनाते समय गले में फंदा लगाने से 11 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी रवि भदौरिया ने बताया कि घटना का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सातवीं कक्षा में पढ़ने वाला करण परमार अपने घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। पुलिस के मुताबिक, अन्य बच्चों को लगता है कि करण अभिनय कर रहा है, लेकिन कुछ देर में ही वह अचेत हो गया।

मोदी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रों को सराहा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में हिस्सा लेने वाले छात्रों को रविवार को बधाई दी। मोदी ने भारतीय टोली के असाधारण प्रदर्शन पर खुशी और गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता देश के युवाओं को प्रेरित करेगी। भारतीय टोली ने जहां देश ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ चौथा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के बाथ में आयोजित 65वें अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में छह सदस्यीय भारतीय विद्यार्थी दल ने चार स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीता है।

कांवड़ यात्रा की ड्रोन से होगी निगरानी

चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर, सभी जिलों के प्रशासन को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

अमृत विचार : सोमवार से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा को लेकर राज्य सरकार ने सभी जिलों के स्थानीय प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस मुस्तैद भी हो गई है। पूरे प्रदेश में कांवड़ यात्रा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। वहीं उत्तराखंड पुलिस प्रशासन ने भी कांवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि सावन के पहले सोमवार को दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसे लेकर राज्य सरकार ने पुख्ता इंतजाम किये हैं। काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन के साथ ही सावन में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन, सुरक्षा और सुविधा का विशेष इंतजाम किया गया है। वृद्धजनों, आशक्त दिव्यांगजनों व महत्वपूर्ण लोगों को दर्शन के लिए निशुल्क ई-रिक्शा व गोल्फ कार्ट की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। सोमवार को दैनिक पास निरस्त कर दिया गया है। बाबा के स्पर्श दर्शन पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को मैदागिन से गोदौलिया नो व्हीकल जोन रहेगा। दोनों स्थानों से वृद्ध व दिव्यांगजन को ई-रिक्शा से मंदिर तक पहुंचने की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष पहली बार सिल्को द्वार से भी प्रवेश की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज से वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कावड़ियों के लिए एक लेन सुरक्षित किया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि मंदिर और जिला प्रशासन ने सावन में दर्शनार्थियों की सुविधा और सुगम दर्शन के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

हरिद्वार में कांवड़ मेले को लेकर ब्रीफिंग करते पुलिस अफसर। ● अमृत विचार

बिना सोचे लिया फैसला : जयंत चौधरी

मुजफ्फरनगर। भाजपा के सहयोगी रालोद के प्रमुख जयंत चौधरी ने रविवार को उत्तर प्रदेश सरकार से अपना वह आदेश वापस लेने की मांग की, जिसमें कांवड़ मार्ग पर स्थित भोजनालयों पर उनके मालिकों का नाम प्रदर्शित करने को कहा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा ऐसा लगता है कि यह आदेश बिना सोचे-समझे लिया गया है और सरकार इस पर इसलिए अड़ी हुई है क्योंकि निर्णय हो चुका है। कभी-कभी सरकार में ऐसी चीजें हो जाती हैं।

रामदेव बोले-आदेश सही



हरिद्वार। योग गुरु रामदेव ने कांवड़ मार्ग पर स्थित होटल, रेस्तरां और ढाबा के बाहर मालिक का नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखने संबंधी आदेश को रविवार को सही ठहराते हुए कहा कि किसी को अपना परिचय देने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। रामदेव ने कहा कि अपने नाम पर तो सबको गर्व होता है और उसे छिपाने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने सवाल किया जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए।

आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें कहा गया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने होंगे। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर सकती है।

पिकअप पलटने से तीन की मौत, 24 घायल

अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौटते समय हुआ हादसा

अमृत विचार : गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे इटावा जिले के लोगों से भरी पिकअप रविवार सुबह थाना जहानगंज के होरिकपुर मार्ग पर बिजली पोल से टकराकर पलट गई। पिकअप सवार तीन महिलाओं की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं 24 घायल हैं।

इटावा जिले के थाना सैफई के ग्राम भाला शैय्या निवासी दिलीप चन्द्र के पिता विनोद कुमार (58) की मृत्यु 30 जून को हो गई थी। उनकी अस्थियों को विसर्जित करने के लिए दिलीप चालक मुकुट के साथ अपने दो दर्जन से अधिक रिश्तेदारों और परिजनों के साथ शनिवार रात पिकअप से पांचाल घाट आए। रविवार तड़के पूजा-अर्चना, अस्थि विसर्जन करने के बाद सभी वापस जा रहे थे। जब थाना जहानगंज के होरिकपुर मार्ग पर पहुंचे, तभी चालक को झपकी आ गई और हादसा हो गया। उपचार के दौरान रामकली (73), रामादेवी (70), निवासी नहरौली थाना सैफई, थाना सैफई के भाला शैय्या निवासी सुशीला देवी (45) की मौत हो गई। घटना के बाद जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह और एसपी आलोक प्रियदर्शी जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना।

बांग्लादेश में फंसे लोगों को देंगे शरण

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा के मद्देनजर वह पड़ोसी देश में संकट में फंसे लोगों के लिए अपने राज्य के दरवाजे खुले रखेंगी और उन्हें शरण दिया जाएगा।

बनर्जी ने संभावित मानवीय संकट पर अपने रुख को न्यायोचित ठहराने के लिए शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र के संकल्प का हवाला दिया। उन्होंने कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस की शहीद दिवस रैली में कहा मुझे बांग्लादेश के मामलों पर नहीं बोलना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और इस मुद्दे पर जो कुछ भी कहा जाना चाहिए वह केंद्र का विषय है। लेकिन मैं आपको यह बता सकती हूं कि यदि संकट में फंसे लोग बंगाल के दरवाजे खटखटाएंगे तो हम उन्हें शरण जरूर देंगे। बनर्जी ने कहा ऐसा इसलिए है क्योंकि अशांत क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्रों में शरणार्थियों को समायोजित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक संकल्प है।

- ममता बनर्जी ने शरणार्थियों पर संयुक्त राष्ट्र का हवाला दिया

केंद्र में राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी : अखिलेश

कोलकाता। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग की सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी क्योंकि सांप्रदायिक ताकतों को भले ही कुछ समय के लिए सफलता मिल सकती है, लेकिन अंततः उनकी हार होगी। यादव ने तृणमूल कांग्रेस द्वारा शहीद दिवस पर आयोजित महारैली को संबोधित करते हुए कहा जो लोग सत्ता में आए हैं, वे बस कुछ दिनों के मेहमान हैं। ऐसी सांप्रदायिक ताकतें किसी भी कीमत पर सत्ता में बने रहना चाहती हैं, लेकिन उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे।

केरल में निपाह वायरस से संक्रमित किशोर की मौत

कोझिकोड। केरल के मलप्पुरम में निपाह वायरस से संक्रमित 14 वर्षीय किशोर की रविवार को मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों से उसका इलाज चल रहा था। किशोर पांडिक्कड़ का रहने वाला था। उसका अंतिम संस्कार अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुरूप किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्तमान में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में तीन और पीड़तों का इलाज चल रहा है। मरीजों के नमूनों की जांच रिपोर्ट आज आ जाएगी। मंत्री ने बताया कि लड़का 11 मई को स्कूल गया था, लेकिन अभी तक लक्षण वाले मरीजों के ज्यादा मामले सामने नहीं आए हैं। लड़के के संपर्क में कुल 246 लोग आए थे।

केदारनाथ पैदल मार्ग पर हादसा, 3 तीर्थयात्रियों की मौत, पांच घायल

ब्यूरो, देहरादून

- गौरीकुंड के पास बारिश के चलते पहाड़ी से गिरा मलबा
- मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का था निवासी

अमृत विचार : उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ में बड़ा हादसा हुआ है। अचानक हुए भूस्खलन से मलबा और बोल्डर गिरने से तीन तीर्थ यात्रियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें गौरीकुंड के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रुद्रप्रयाग के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग आठ बजे गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग पर चिरबासा के समीप अचानक पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने लगे। हादसे में कई तीर्थ यात्री दब गए। सूचना पर एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव अभियान चलाया। मृतकों में दो महाराष्ट्र व एक उत्तराखंड का निवासी था।

राहत एवं बचाव कार्य जारी : धामी

इधर, हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि पहाड़ी से मलबा व भारी पत्थर गिरने से कुछ यात्रियों के हताहत होने का समाचार अत्यंत दुखद है। घटनास्थल पर राहत एवं बचाव काम जारी है, इस संबंध में मैं निरंतर अधिकारियों के संपर्क में हूं।

यूजीसी-नेट की पुनः परीक्षा पर रोक के लिए याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय ने 19 जून को रद करने का दिया था आदेश

यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। मंत्रालय ने परीक्षा की शुचिता से समझौता होने की जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया था।

मंत्रालय ने 19 जून को यूजीसी-नेट परीक्षा रद करने का आदेश दिया था और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। याचिका पर प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ सुनवाई करने वाली है।

तीन अभियुक्त सीबीआई रिमांड पर

पटना। एनटीए की ओर से आयोजित नीट 2024 के प्रश्न पत्र लीक मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने गिरफ्तार किए गए तीन अभियुक्तों को आज हिरासती पूछताछ के लिए 10 दिनों की पुलिस रिमांड पर सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने रविवार को विशेष प्रभारी न्यायिक दंडाधिकारी धनंजय पांडे के समक्ष उनके आवासीय कार्यालय पर पेश किया था।

भारी बारिश से 36 उड़ानें रद, 60 लोगों को बचाया

मुंबई। भारी बारिश होने के कारण रविवार को मुंबई हवाई अड्डे पर दिनभर में 36 उड़ानें रद कर दी गईं। इंडिगो की 24 उड़ानें रद की गई हैं, जिनमें 12 प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं, तथा एयर इंडिया की 8 उड़ानें शामिल हैं, जिनमें चार प्रस्थान वाली उड़ानें शामिल हैं। खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण हवाई पट्टी पर परिचालन पहले दोपहर 12.12 बजे आठ मिनट के लिए तथा बाद में दोपहर एक बजे से 1.15 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। वहीं भारी बारिश के बीच पानी के तेज बहाव में फंसे 60 लोगों को बचाया गया। सभी पिकनिक मनाने के लिए नवी मुंबई के बेलापुर नोड में एक पहाड़ी पर गए थे।

अनदेखी

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में मौजूद है एथलेटिक्स का महिला छात्रावास

सिंथेटिक ट्रैक नहीं, मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर बेटियां

संजीव पांडेय, लखनऊ

अमृत विचार: पेरिस ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने को प्रदेश की चार बेटियां तैयार हैं। मेरठ की पारुल, प्रियंका, अन्नू रानी और सहारनपुर की प्राची ओलंपिक गेम्स में तिरंगा फहराने को ट्रैक पर उतरेंगी। इसके पहले पद्मश्री सुधा सिंह भी ओलंपिक गेम्स का हिस्सा रह चुकी हैं। लेकिन, खेल विभाग की देखरेख में संचालित एथलेटिक्स महिला छात्रावास के खिलाड़ियों को इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर बेहतर प्रशिक्षक तक नहीं मिल रहे हैं। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में स्थित एथलेटिक्स महिला छात्रावास की बेटियों के अभ्यास के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं है। यहां पर प्रशिक्षकों की आवाजाही व उदासीनता से भी खिलाड़ी रिजल्ट नहीं दे पा रहे हैं। आलम यह है कि एक आउटसोर्सिंग महिला प्रशिक्षक के भरोसे यहां की लड़कियां मिट्टी के मैदान पर अभ्यास को मजबूर हैं।

एथलेटिक्स खिलाड़ियों के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एथलेटिक्स महिला छात्रावास की शुरुआत तकरीबन 30 वर्ष पहले हुई थी। तब से यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लेकिन आज तक यहां रहने वाली बालिकाओं के लिए सिंथेटिक ट्रैक तक नहीं बिछाया जा सका। पद्मश्री सुधा सिंह ने यहां से ही अपने खेल कॅरियर की शुरुआत की। उन्होंने कई बार छात्रावास की लड़कियों को ट्रैक पर अभ्यास की सुविधा देने की मांग की। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यहां पर खेल विभाग की प्रशिक्षक विमला सिंह तैनात थी, तब यहां से खिलाड़ी लगातार परिणाम दे रहे थे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुधा सिंह को भी विमला सिंह ने प्रशिक्षण दिया था।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में अभ्यास करती बालिकाएं।

> खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं। सिंथेटिक ट्रैक के लिए भी प्रयास किये जायेंगे। प्रशिक्षकों की कमी नहीं है। -**अजय कुमार सेठी**, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ

सिंथेटिक ट्रैक जरूरी: पद्मश्री सुधा सिंह

पद्मश्री सुधा सिंह ने बताया कि वह केडी सिंह बाबू स्टेडियम के एथलेटिक्स छात्रावास में वर्ष 2001 से 2005 तक रही। यहां से प्रशिक्षण लेने के बाद 2010 में चीन में आयोजित एशियन गेम्स में 3000 मीटर स्टीपल चेज में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद 2018 में एशियन गेम्स में इसी स्पर्धा में रजत जीत कर देश का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स के खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक तो होना ही चाहिए। जब लड़कियां मिट्टी के मैदान में अभ्यास करेंगी तो परिणाम कैसे सामने आयेंगे।

प्राचीन शिव मंदिर में आचार्य भुवनेश मिश्र का पूजन करते श्रद्धालु अमृत विचार

पंडित सौखीराम को सम्मानित करते शिष्य। अमृत विचार

खितौरा में गुरुपूजन करते भक्तजन। अमृत विचार

गुरुदेव का पूजन किया और लिया आशीर्वाद

जिले भर में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु देव महेश्वरः, गुरु साक्षात परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः, गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। शिष्यों ने गुरु का पूजन कर आरती उतारी। उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। प्राचीन शिव मंदिर चौगुर्जी के महंत आचार्य भुवनेश मिश्र, कालीबाड़ी के महंत सुबोधानंद महाराज, उदासीन अखाड़ा के महंत स्वामी गणेश दास महाराज का शिष्यों ने पूजन किया। पाड़री बाबा आश्रम में भी महंत श्यामधार के सानिध्य में शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया।

पक्का तालाब स्थित एक कोचिंग सेंटर में गुरु प्रेमानंद जी के शिष्यों ने गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व भजन और राधा नाम जप के साथ खूब उल्लास से मनाया। कार्यक्रम संयोजक विकास यादव और महिंद्रा मैनेजर विवेक यादव ने भक्तो के साथ पुष्प वर्षा की। गंगाराम कुशवाहा, नितिन यादव, शिवा ठाकुर, डॉ आशीष दीक्षित, राहुल चौहान, अभी यादव, गिरीश राजपूत का सहयोग रहा।

खटखटा बाबा की पालकी यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

महान संत खटखटा बाबा की निकली पालकी यात्रा

जसवंतनगर, इटावा। गुरु पूर्णिमा पर खटखटा बाबा की कुटी से रविवार को पालकी यात्रा निकाली गई बैंड बाजा के साथ सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा की पालकी को कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण किया। पालकी में बाबा की मूर्ति को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। मजिस्ट्रेट की नौकरी को त्याग कर वैराग्य धारण करने वाले ब्रहमलीन संत गुरु खटखटा बाबा की पालकी यात्रा नगर के तालाब किनारे स्थित पवित्र कुटी से बाबा के जयकारों के साथ पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ वहां से सब्जी मंडी, होमगंज, नगर पालिका कार्यालय, बड़ा चौराहा, सदर बाजार, छोटा चौराहा, पंसारी बाजार, लोहा मंडी, जैन बाजार, कटरा बिलोचियांन होते हुए पालकी यात्रा ऐतिहासिक बिलैया मठ पहुंची। वहां कुछ देर विश्राम के पश्चात फक्कड़ पुरा, कटरा पुख्ता, कटरा बुलाकी दास आदि का भ्रमण कर गंतव्य स्तर पर जाकर समाप्त हुई। इस दौरान मार्ग में श्रद्धालुओं ने घर-घर बाबा की पालकी पर पुष्प वर्षा करते हुए आरती उतारी एवं प्रसाद वितरित किया। पालकी यात्रा के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु बैंड बाजों की ध्वनि पर नाचते गाते हुए चल रहे थे यात्राओं में महिला श्रद्धालुओं की भी बड़ी संख्या शामिल रही। इससे पूर्व खटखटा बाबा की पवित्र कुटी में सुबह होते ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया।

खितौरा में लगा भक्तों का तांता

युग महापुरुष परम संत बाबा जय गुरुदेव जी महाराज की जन्म भूमि खितौरा धाम में कोने-कोने से श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा। बाबा की जन्मस्थली पर पूर्व सैनिक व सपा नेता शिव शंकर यादव ने पहुंच कर गुरुदेव के चरणों में मस्तक नवाया। उसके उपरांत स्वर्गीय पूर्ण सिंह यादव के समाधि पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और पौधारोपण किया। इस दौरान राकेश यादव, कायम सिंह पहलवान, कमलेश यादव, गजराज सिंह, यशपाल सिंह, संतू यादव, जयवीर सिंह, कंचन यादव, भगवान सिंह, राहुल यादव ने भी मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिष्यों ने गुरुजी को किया सम्मानित

बकेवर, इटावा। ग्राम ईकरी निवासी पं सौखीराम त्रिपाठी को उनके शिष्यों ने गुरू पूर्णिमा पर्व पर घर पर जाकर सम्मानित किया। बताते चलें कि करीब 105 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापक पंडित सौखी राम त्रिपाठी को चकरनगर ब्लाक के ग्राम पर्थरा निवासी प्रताप सिंह फौजी, जितेन्द्र सिंह सेंगर, अर्जुन सिंह, जयपालसिंह आदि लोगों ने शाल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान खिलाकर किया सम्मानित प्रताप सिंह फौजी ने बताया कि पंडित जी ने हम सभी को सन् 1958 में गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाया था। पंडित जी छुट्टी में भी घर नहीं जाते थे हम लोगों को विद्यालय में बुलाकर पढ़ाते थे और यहीं पर रहते थे। पंडित सौखीराम ने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि सन् 1946 में ग्राम बसैयाहार में पहला विद्यालय खोला था। सन 1952 में सैफई प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरण हो गया।

गुरु पूर्णिमा पर ब्रह्माणी देवी मंदिर पर उमड़ी आस्था

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- यमुना नदी की तलहटी में स्थित है प्राचीन ब्रह्माणी देवी मंदिर

अमृत विचार। यमुना नदी की तलहटी में स्थित प्राचीन ब्रह्माणी देवी मंदिर पर आसाढ़ माह की पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों ने मां के दर्शन किये। मंदिर पर नाचते गाते हुए झंडे चढ़ाए। ब्रह्माणी देवी मंदिर पर कई राज्यों के साथ प्रदेश के कई जिलों से श्रद्धालओ की भीड़ हर वर्ष उमड़ती रही है। पुजारियों में भुवनेश, चक्रेश, विशाल, प्रतीक्षा, अन्नू ने मंगला आरती की। उसके बाद मंदिर के कपाट दर्शनार्थियों के लिए खोल दिए। यहां पर आगरा, इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरेया, कानपुर देहात, कानपुर नगर के साथ मध्यप्रदेश राज्य के भिंड, ग्वालियर, मुरैना के साथ राजस्थान से श्रद्धालु ढोल नगाड़ों के साथ झंडे लेकर आ रहे हैं। कुछ भक्त अपनी मन्नतें पूर्ण हो जाने पर झंडे चढा रहे हैं। इस दौरान मौके पर नायब तहसीलदार नेहा सचान, मेला प्रभारी अमित मिश्रा, क्राइम निरीक्षक रमेश सिंह के साथ पीएसी बल, और महिला आरक्षियों के साथ क्षेत्रीय लेखपाल, शमसेर बहादुर, माजिद अली, राघवेन्द्र और जयपाल सिंह के साथ क्षेत्रीय राजस्व अमीन भी मौजूद रहे।

ब्रह्माणी देवी मंदिर पर लगी लाइन और श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

किसान की हत्या कर शव सड़क पर फेंका

कार्यालय संवाददाता, इटावा

पहले शराब पिलाई फिर मार डाला

नलकूप पर शराब के खाली क्वॉर्टर तथा गिलास मिले, इससे अनुमान लगाया गया है कि हत्यारोपितों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। इसके तहत पहले शराब पिलाकर शिशुपाल को नशे में कर दिया फिर चेहरे व अन्य जगह ईंटों से प्रहार करके हत्या कर दी, घटनाक्रम को हादसे में परवर्तित करने के लिए शव पांच किमी दूरी पर बाइक सहित डाल दिया। एएसपी सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

अमृत विचार। भूमि विवाद में किसान की ईंट से प्रहार करके हत्या कर दी गई। घटना को हादसा दर्शाने के इरादे से शव को पांच किमी दूर सड़क पर बाइक सहित डाल दिया। सुबह होने पर नलकूप से सड़क तक खून देखे जाने पर हत्या का खुलासा हुआ। घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। पुलिस ने दो तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

शिशुपाल।

थाना बसरेहर क्षेत्र में गांव अकबरपुर हाल निवास शहर में ओमपुरम कॉलोनी में रहने वाले किसान शिशुपाल सिंह (45) पुत्र लज्जा राम शनिवार शाम शहर से बच्चों से खेत की निराई गुड़ाई कराने की कहकर गांव अकबरपुर जाने की कहकर निकल आया था। रविवार सुबह खेत पर काम करने गए एक किसान ने शिशुपाल के नलकूप पर खून से सनी चप्पल और काफी मात्रा में खून पड़ा देखा तो मृतक के घर पर सूचना दी।

मृतक की मां गंगा देवी ने चप्पल अपने बेटे शिशुपाल की होने की पुष्टि की तो सनसनी फैल गई। सूचना पर बसरेहर थाना प्रभारी समित चौधरी फोर्स व फॉरेसिंक टीम सहित पहुंचे, छानबीन की तो नलकूप से लेकर पांच सौ मीटर तक की दूरी में खून पड़ा मिला जिसे पर फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किए। एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह आ गए।

वैदपुरा थाना प्रभारी सनत कुमार ने बताया कि रात 11 बजे इसी मार्ग पर गांव छितौनी के पास बाइक से दबा हुआ एक व्यक्ति मिला था, जिसे जिला अस्पताल भिजवा दिया। वहां जाकर देखा गया तो मोर्चरी में शव शिशुपाल का मिला। जिस पर माना गया कि शिशुपाल की निर्ममतापूर्वक हत्या करके उसके शव को वैदपुरा थाना क्षेत्र में फेंका गया।

पुत्रवधू ने सास-ससुर को घर से निकाला

इटावा। एसएसपी संजय वर्मा को दिए प्रार्थना पत्र में भरथना के मोहल्ला पुराना भरथना में रहने वाले बुजुर्ग दिलीप कुमार मिश्र ने कहा है कि 22 जनवरी 2019 में छोटे बेटे की शादी इसी थाना क्षेत्र में एक गांव से की थी। शादी के चंद दिनों बाद ही पुत्रवधु मकान को अपने नाम कराने के लिए जोर देने लगी। विरोध किया तो पुत्रवधु ने अपने आधा दर्जन परिजनों संग हम लोगों पर हमला कर दिया जिससे उन्हें चोट लगी है। साथ ही घर के कीमती सामान पर कब्जा कर लिया। थाना में कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पुत्रवधू ने परिजनों संग फिर से मारपीट कर बुजुर्ग पत्नी सहित घर से निकाल दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारी से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की है।

तीन मौतों से नरहौली व भालासैया में मातम

संवाददाता सैफई, इटावा

अमृत विचार। सैफई क्षेत्र के ग्राम भालासैया में गुरु पूर्णिमा पर फर्रुखाबाद गंगा में अस्थि विसर्जन करके लौटते समय हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। कई ग्रामीण घायल हो गए। घायलों को सैफई अस्पताल भर्ती कराया गया है। महिलाओं की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया।

थाना सैफई के ग्राम भाला सैया निवासी दिलीप चन्द्र के पिता विनोद कुमार (58) की मृत्यु 30 जून को हो गई थी। उनकी अस्थियों को विसर्जित करने के लिए दिलीप ने अशोक कुमार की किराए पर पिकअप की। चालक मुकुट के साथ दिलीप अपने दो दर्जन से अधिक रिश्तेदारों और परिवारीजनों के साथ शनिवार रात पांचाल घाट आए।

रविवार सुबह तड़के पूजा-अर्चना गंगा स्नान अस्थि विसर्जन करने के बाद सभी वापस जा रहे थे। जब थाना जहानगंज के पास होरिकपुर मार्ग पर पहुंचे, तभी चालक को झपकी आ गई। जिससे पिकअप पोल से टकराकर पलट गई।

दुर्घटना में भालासैया की सुशीला देवी पत्नी अवधेश व राम कली पत्नी जबर सिंह जो कि विनोद कुमार की भाभी थी उनका निधन हो गया। इसके अलावा विनोद कुमार की बहन राम बेटी पत्नी जगदीश ग्राम नरहौली का भी निधन हो गया। दोनो गांव नरहौली व भालासैया में एक साथ तीन शव पहुंचने से मातम फैल गया। आसपास के गांव के लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। पहले भालासैया की दोनों महिलाओं का अंतिम संस्कार किया गया।

घायलों का हाल चाल पूंछते जिलाधिकारी अवनीश राय एवं एसएसपी संजय कुमार।

- जिलाधिकारी, एसएसपी ने सैफई में भर्ती घायलों का जाना हाल

सैफई में भर्ती कराए घायल

सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में दिलीप पुत्र विनोद कुमार व उनकी पत्नी सोनी, मां सरोज देवी व भाई सोनू, बच्ची सृष्टि, ऋचा निवासीगण ग्राम भालासैया थाना सैफई जिला इटावा, अमर सिंह पुत्र मिजाजी लाल, सत्यवती, मुकुट सिंह पुत्र कन्नौजीलाल, ममता पत्नी शिशुपाल, अनीता पत्नी राजेश कुमार, ब्रजेश पुत्र नाथूराम, शिंभूदयाल पुत्र रामसनेही, राहुल पुत्र रक्षपाल, सत्यवती पत्नी शिव सिंह, राधका पत्नी राम सिंह, सुनीता पत्नी कन्हैया लाल, अशोक पुत्र जाहर सिंह, निवासीगण ग्राम भालासैया थाना सैफई व विकास अपने पिता विनोद व मां ममता निवासी नगला मुकन्द थाना किशनी जिला मैनपुरी, आशा देवी पत्नी सुभाष निवासी उदयपुर कला थाना ऊसराहार जिला इटावा का इलाज जारी है। जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने सैफई अस्पताल में घायलों को मौके पर जाकर देखा और निर्देश दिए।

युवक का शव फंदे पर लटका मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता ताखा, इटावा

अमृत विचार। संदिग्ध हालात में युवक का शव चारपाई पर पड़ा मिला। मृतक के पिता ने नामजदों पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस पर हत्या नकारते हुए हड़काने का आरोप लगाया।

ऊसराहार क्षेत्र में भरतिया कोठी गांव में रहने वाले ओमपाल के 18 वर्षीय पुत्र अश्वनी कुमार का शव घर में शनिवार रात दो बजे परिजनों ने देखा तो चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने नामजदों पर गला घोटकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पत्नी छत पर लेटी थी और बेटा नीचे लेटा था। गांव के ही नामजद लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर बेटे की गला घोटकर हत्या कर दी। पत्नी दो बजे लघुशंका को आई तो घर से कुछ लोग भागते हुए दिखाई दिए। नीचे देखा तो बेटे का शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को देखकर हत्या के आरोप को नकारते हुए हड़काया। पुलिस जबरन आत्महत्या का प्रार्थना पत्र लिखवा लिया तब शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

अनाथ किशोरी को जीजा बनाता रहा हवस का शिकार

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

- गर्भवती होने पर पुलिस को बताई आप बीती, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार। मेरे रिश्ते के जीजा ने मेरा जीवन बर्बाद कर दिया। मुझे न्याय दो साहब, यह शब्द एक 13 वर्षीय नाबालिग अनाथ किशोरी के हैं। पुलिस उसकी व्यथा सुनकर हैरान रह गई। उसका जीजा पिछले कई महीनों से उसका शारीरिक शोषण और दुष्कर्म करता रहा। जिससे वह गर्भवती हो गई। गर्भवती होने के बाद भी वह उसे अपनी हवस का शिकार बनाता रहा। किशोरी से जब नहीं सहा गया तो अपनी फरियाद लेकर पुलिस के पास पहुंच गई। किशोरी ने थाने पहुंचकर पुलिस को अपनी आपबीती सुनाई।

गिरफ्त में आरोपी जीजा

इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़िता ने बलरई थाने में पहुंचकर अपने ऊपर हुए अत्याचार और शारीरिक शोषण की व्यथा पिंक बूथ पर तैनात महिला आरक्षी को सुनाई। पीड़िता ने बताया कि उसकी मां उसके जन्म के बाद ही खत्म हो गई। पिता उसे छोड़कर चला गया वह बिहार राज्य में कहीं रहने लगा। उसका लालन पालन इटावा शहर के एक मोहल्ले के रहने वाले मेरे फूफा और बुआ ने किया। वह उन्हीं के साथ उनके घर में रह रही थी।

यहां तक तो सब ठीक चल रहा था। चार माह पूर्व मेरे फूफा बुआ के यहां दूर के रिश्ते में लगने वाला बलरई थाना अंतर्गत नगला तौर गांव के रहने वाले गीतम लोधी पुत्र रामदुलारे अपने गांव में खेती-बाड़ी में ज्यादा काम होने से घर में सहयोग के उद्देश्य से फूफा जी की अनुमति से दो-चार दिन की कहकर मुझे अपने घर ले आया। उसकी नीयत में खोट था। शाम को गीतम लोधी शराब पीकर आया और मुझे कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दी। मेरी बेहोशी की हालत में गीतम लोधी ने मेरा शारीरिक शोषण कर बलात्कार किया। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा की यह बात किसी को बताई तो जान से मार देंगे। वह लगातार शारीरिक शोषण करता रहा।जिससे मैं तीन से चार माह की गर्भवती हो गई। बलरई थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण हेतु भेजा है। वहीं आरोपी जीजा गीतम लोधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

सार-संक्षेप

पहले बाइक में मारी टक्कर, फिर पीटा

भरथना। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरासई के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने आगे जा रही बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। अचानक लगी बाइक की टक्कर से आगे वाली बाइक का चालक पिंटू पुत्र प्रकाश निवासी ग्राम चंदेठी शेखूपुर बेर का चचेरा भाई सोनपाल सिंह पुत्र तोताराम घायल हो गया। बाबजूद इसके बाइक सवार पिंटू और घायल सोनपाल के साथ मारपीट करने लगे। पुलिस ने गंभीर घायल सोनपाल को भरथना चिकित्सालय में भर्ती कराया। घायल बाइक सवार पिंटू और सोनपाल बसरेहर में अपनी एक रिश्तेदारी से वापस लौट रहे थे।

अधिवक्ता के बुजुर्ग मुंशी को सर्प ने डसा

भरथना। भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पालीखुर्द में वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी दीक्षित के बुजुर्ग मुंशी सत्यवीर सिंह (62) पुत्र कालीचरन पालीखुर्द को जहरीले सांप ने डस लिया। बुजुर्ग मुंशी रात्रि में खेतों पर बने मंदिर के दर्शन कर पैदल घर लौट रहे थे। राह चलते सर्प ने पैर में डस लिया। पुत्र मोहित यादव ने उन्हें सीएचसी भरथना में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने समय रहते उचित इलाज करके मुंशी को बचा लिया। अब वे पूरी तरह स्वस्थ बताए गए हैं।

केके कॉलेज में टैबलेट, लैपटाप वितरण कल

इटावा। केके कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में सत्र 2022-23 में परास्नातक अंतिम कक्षाओं में अध्ययनरत रह चुके तथा सत्र 2023-24 में परास्नातक कक्षाओं के द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश शासन की योजना के अंतर्गत टैबलेट वितरण 23 जुलाई को किया जाएगा। इन सत्रों में अध्ययनरत रहे सभी विद्यार्थी 23 जुलाई को प्रात: 9 बजे अपने साथ आधार कार्ड मूल रूप में व एक छायाप्रति, फीस रसीद मूल रूप में व एक छायाप्रति एवं अंकतालिकायें मूल रूप में व एक एक छायाप्रति के साथ उपस्थित हों। प्राचार्य ने बताया कि सभी प्रपत्रों की जांच के बाद ही विद्यार्थी टेबलेट पाने का हकदार होगा। प्राचार्य ने बताया कि शासन द्वारा महाविद्यालय को लगभग 1900 से अधिक स्मार्टफोन व टेबलेट आवंटित किये गए हैं।

युवक का शव फंदे पर लटका मिला

ताखा, इटावा। थाना क्षेत्र में गुंदेला गांव के सालिगराम के खेत में खड़े आम के पेड़ पर रविवार सुबह युवक का शव लटका मिला। लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान मैनपुरी के थाना किशनी क्षेत्र के गांव नगला ढूंढे निवासी भगवान दास जोगी के 28 साल के बेटे अरूण के रूप में हुई। थानाध्यक्ष मंसूर अहमद ने बताया अरूण कुछ दिनों से परिवार के साथ मुर्चा मे जोगियो के अड्डे पर रह रहा था वह घर से आम तोड़ने के लिए निकला था लेकिन उसने पेड़ पर चढ़कर खुदकुशी कर ली।

भाजपा लागू कर रही सांप्रदायिक एजेंडा : अशोक

इटावा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि व्यापारियों को जाति धर्म के आधार पर बांटना निंदनीय है। आज़ादी से पहले रेलवे स्टेशनों पर हिंदू पानी, मुस्लिम पानी के टैग लगे होते थे। देश आज़ाद हुआ, ये परंपरा खत्म हो गई। आज़ादी के 77 साल बाद यही दौर लौट आया लगता है। दुकानों, ठेलों और होटलों को हिंदू मुस्लिम में बांट दिया गया है। यूपी सरकार का ये फैसला घोर सांप्रदायिक है। इस विभाजनकारी आदेश से समाज में वैमनस्य फैलेगा। लोकसभा चुनाव में गहरी चोट लगने के बाद भी भाजपा सांप्रदायिक एजेंडे से बाहर नहीं आना चाहती। लोगों को हिंदू मुस्लिम नहीं, रोजगार चाहिए, महंगाई से निजात चाहिए, परीक्षाओं के परिणाम चाहिए, पेपर लीक से आजादी चाहिए।

प्रतियोगिता टूर्नामेंट में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

शतरंज में शशांक, अंशिका प्रथम

संवाददाता भरथना, इटावा

- होली प्वाइंट एकेडमी के ऑडिटोरियम हॉल में हुआ आयोजन
- प्रधानाचार्य ने विजेताओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

अमृत विचार। होली प्वाइंट एकेडमी के ऑडिटोरियम हॉल में इंटर हाउस शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में विद्यालय के सभी हाउस मास्टर्स ने चुने गये प्रतिभागियों को शामिल किया। इसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्र वर्ग में शशांक यादव ने प्रथम, सोम यादव ने द्वितीय, छात्रा वर्ग में अंशिका यादव ने प्रथम व तन्वी गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप चंद्र ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य डॉ. आरके पांडेय ने कहा कि छात्र-छात्राओं के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए इस प्रकार के खेलों का आयोजन होना अत्यंत आवश्यक है। विजेताओं को प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया गया। गौरव वर्मा, अरूण मोटवानी, अमित श्रीवास्तव, अनुराग दीक्षित का सहयोग रहा।

टूर्नामेंट में शतरंज की बाजी लगाती छात्राएं। अमृत विचार

तमंचा बरामद हिस्ट्रीशीटर पकड़ा

जसवंतनगर। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि शनिवार की रात को पुलिस कचौरा घाट मार्ग पर गश्त पर थी। तभी सूचना मिली कि एक युवक किसी घटना की फिराक में लखेरे कुंआ के पास सड़क किनारे पर खड़ा हुआ है। बताए गए स्थान पर जब पुलिस पहुंची तो एक युवक पुलिस की गाड़ी देखकर खेतों में भागने लगा। जिसे टीम ने दौड़कर पकड़ लिया। जब उससे उसका नाम पूछा तो उसने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र राधामोहन गांव सिरसा बीबामऊ बताया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उससे एक अवैध देशी तमंचा कारतूस बरामद किया गया।पकड़ा गया सुनील हिस्ट्रीशीटर है, उस पर बलरई व जसवंतनगर थाने में डेढ दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

रसोई गैस लीक होने से सिलेंडर में लगी आग

संवाददाता भरथना, इटावा

- कमरों में फंसे दंपति, पांच बच्चों को सुरक्षित निकाला गया

अमृत विचार। भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम कुसना में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही घर में चीख पुकार मच गई। घर में मौजूद लोगों ने सिलेंडर को बाहर फेंककर वहां मौजूद परिजनों को सुरक्षित बाहर निकाला। अचानक हुई इस घटना से पूरा गांव सहम गया। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडर में लगी आग को बुझाया।रविवार की सुबह मुनील कठेरिया की बड़ी बेटी खुशी रसोई में गैस सिलेंडर से खाना बना रही थी। अचानक गैस लीक होने से सिलेंडर में भीषण आग लग गई। जिसके बाद पूरे घर परिवार में चीख पुकार मच गई। जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसी और ग्रामीणों ने पुलिस और फायर बिग्रेड को फोन सूचना दी। घर के कमरों में फसे दंपती मुनील उसकी पत्नी रूबी, बच्चे खुशी 15 वर्ष, अनुष्का 12 वर्ष, शिवानी 8 वर्ष, आर्यन 4 वर्ष, हीर 3 वर्ष को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाला, फिर रसोई में बुरी तरह आग उगलते सिलेंडर को ग्रामीणों ने घर के आंगन में खींचकर निकाल लिया। पुलिस और फायर बिग्रेड मशीन भी मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने आग पर काबू पाया।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

35.5⁰ अधिकतम तापमान | 28.4⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 29 | सूर्यास्त 07 : 01

सेना के जवान का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

संवाददाता बिंदकी

- जवानों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया
- पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक ने भी श्रद्धा सुमन चढ़ाए

अमृत विचार। पूरेदान गांव व क्षेत्र में शोक के माहौल के बीच सेना के जवान के जवान का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। सेना के आए हुए जवानों ने पार्थिव शरीर में पुष्प चक्र अर्पित किए। वहीं भाजपा विधायक ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अंतिम विदाई में सभी की आंखें नम थी। परिजन रो रो कर बेहाल हो रहे थे।

चांदपुर क्षेत्र के पूरेदान गांव निवासी विजय प्रताप सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह जम्मू में तैनात थे। वह एक महीने की छुट्टी में अपने घर आए हुए थे। एक दिन पहले शाम को अपने घर से बाइक द्वारा कुछ काम से जाफरगंज थाना क्षेत्र के सठिगवा गांव जा रहे थे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सेना के जवान विजय प्रताप की मौके पर मौत हो गई थी। हालांकि जीवित रहने की आशा पर कानपुर के आर्मी हॉस्पिटल ले जाया गया था जहा पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। शनिवार की देर शाम को सेना के जवान का पार्थिव शरीर पूरे दान गांव आया तो एक बार भी पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया। सभी लोग सेना के जवान के निधन पर दुख जता रहे थे। रविवार की सुबह सेवा के जवान के पार्थिव शरीर की अंतिम विदाई को लेकर भारी संख्या में लोग मौजूद थे। सेना के आए कई जवानों ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया। वहीं पूर्व मंत्री व जहानाबाद क्षेत्र के भाजपा विधायक का राजेंद्र सिंह पटेल एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुतीक्षण सिंह सहित तमाम लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते सेना के जवान। अमृत विचार

243.77 लाख से हाईटेक होंगे दो हॉस्टल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जिले के दो छात्रावासों में अब छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। समाज कल्याण मंत्री की पहल पर हास्टल के कायाकल्प के लिए 243.77 लाख रुपये का बजट जारी किया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग की ओर से जिले में संचालित राजकीय कॉलेजों में अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 243.77 लाख रुपए जारी किया है। यह जानकारी समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, असीम अरुण द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि जारी धनराशि से छात्रावासों की सुविधाओं को और बेहतर किया जाएगा। ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है। ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक तकनीक आधारित आधुनिक शिक्षा का लाभ पहुंच सके। इसके लिए योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं भी प्रदान की जा रही है।

इन हॉस्टलों का होगा कायाकल्प

जिले में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास, महिला डिग्री कालेज, फतेहपुर में छात्रावास मुख्य भवन के मरम्मत का कार्य, आन्तरिक जलमल कार्य, वाह्य जलमल कार्य, स्थल विकास, इलेक्ट्रिक कार्य, बोरिंग का कार्य, बाउंड्रीवाल गेट सहित, सीसी रोड़ एवं कैम्पस में लाइटिंग का कार्य कराने के लिए 124 .41 लाख रुपये प्रदान किया गया है।

खागा हॉस्टल के लिए भी बजट जारी

राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास खागा में छात्रावास में मुख्य भवन के मरम्मत सहित विभिन्न कार्यों के लिए 119 .36 लाख रुपये की वित्तिय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस प्रकार दोनों छात्रावासों के कायाकल्प के लिए कुल 243 .77 लाख रुपये बजट उपलब्ध कराया गया है।

एक नजर

बहू व ससुर को पीटने वाले युवक पर मुकदमा

किशनपुर। थाना क्षेत्र के अहमदगंज तिहार गांव में शनिवार शाम दबंग प्रवृत्ति के युवक ने दलित महिला को पीट दिया। उलाहना देने पर महिला के ससुर को भी पीट-पीट कर लहुलुहान कर दिया। अहमदगंज तिहार गांव के मैकू पासवान ने रविवार सुबह किशनपुर थाना में शिकायती पत्र देकर बताया कि शनिवार शाम उसकी बहू रामश्री देवी खेतों की तरफ गई थी। जहां गांव का ही दबंग प्रवृत्ति के गोरेलाल विश्वकर्मा ने उसके बहू को पीट दिया। दबंग की पिटाई से घर लौटी महिला ने मामले की जानकारी अपने ससुर से दी। जिसके बाद महिला का ससुर उलाहना देने गया। उस दौरान आरोपी गोरेलाल ने लाठी डंडों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। जिस मामले में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी गोरेलाल के विरुद्ध एससी एसटी का केस दर्ज कर घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया है। मामले में प्रभारी निरीक्षक हेमंत मिश्र ने बताया मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घायल को इलाज के लिए भेजा गया है।

किशोरी को घर ले जाकर की छेड़खानी

फतेहपुर। कक्षा नौ की छात्रा को जबरदस्ती अपने घर की ओर खींच ले जाने और उसके मुंह में समोसा भरकर उसके साथ छेड़खानी करने के मामले में एफआईआर दर्ज हुई है। खागा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि दोपहर में उसकी 14 साल की पुत्री चीनी लेने के लिए घर से दुकान के लिए निकली थी। रास्ते में उसे गांव की एक महिला मिली तो वह बात करने लगी। महिला के जाते ही वहां पर सनिल पाल आ गया। आरोप है कि सनिल पाल ने किशोरी को समोसा खिलाने की बात कहकर जबरदस्ती उसे पकड़कर खींचते हुए अपने घर ले गया और वहां पर उसके मुंह में समोसा भर दिया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा। लड़की ने विरोध किया और शोर मचाया तो उसने मारपीट की, जिससे उसकी पुत्री बेहोश हो गई। जब पुत्री घर नहीं पहुंची तो मां ने खोजबीन की तो वह गांव के एक घर में मिली, जिसके बाद वह बेटी को लेकर सदर अस्पताल गई। पुलिस ने सनिल पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कंटीले तारों ने ले ली युवक की जान

फतेहपुर। अंतिम यात्रा में पिता के साथ सम्मिलित होने जा रहा युवक सड़क किनारे बंधे कटीले तारों की चपेट में आने से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। खागा थाना क्षेत्र के रामनगर पांभीपुर गांव निवासी राम प्रकाश अपने पुत्र रामनरेश के साथ उसकी ससुराल थरियांव थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव एक अंतिम यात्रा में शामिल होने के जा रहा था। जैसे ही वह थरियां थाना क्षेत्र के औरई असोथर मार्ग पर पहुंचा तो बाइक स्लिप होकर रोड किनारे बंधे कटीले तारों में जा टकराई। कटीले तारों में टकराने से युवक व उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। जिसकी शादी 11 जुलाई को हुई थी। मौत की खबर सुनते ही पत्नी साधना देवी माता रामपती भाई लखन सहित अन्य परिवारीजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

दहेज के लिए विवाहिता को पीटने का आरोप

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के रारी गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह ने कोतवाली खागा में तहरीर देकर बताया कि 17 जुलाई की रात उसकी पुत्री आंचल सिंह जो टेसाही बुजुर्ग गांव निवासी सत्यम सिंह के साथ ब्याही है। उसे दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालीजनों ने जमकर पीट दिया। जिससे उसे चोट आ गई और वह अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने जांच के बाद पति सत्यम सिंह, ससुर सुमेर सिंह, सास कमला देवी, ननद पारुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

किशोरी को भगाने पर रिपोर्ट

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 16 जुलाई की सुबह उसकी नाबालिग बेटी स्कूल जाने की बात कहकर निकली थी और वापस नहीं लौटी। आरोप है कि सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अल्लीपुर भादर गांव निवासी अनुज कुमार उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने अनुज पर मुकदमा दर्ज किया है।

बिजली समस्या पर चक्का जाम कर उपकेंद्र का घेराव

भाकियू टिकैत के तत्वावधान में की गई पंचायत, कहा-बिजली कर्मियों की मनमानी बर्दाश्त के बाहर

संवाददाता, धाता फतेहपुर

अमृत विचार। नगर धाता मे बिजली समस्या को तहसील अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अगुवाई में चक्का जाम कर बिजली उपकेंद्र का घेराव किया। धाता के केटमयी में स्थित पावर हाउस में कर्मचारियों के खिलाफ अराजनैतिक भाकियू टिकैत संगठन का ग़ुस्सा फूट पड़ा।

महीनों से किसानों को धान की रोपाई के लिए बिजली पर्याप्त नहीं मिल पा रही है, जहां सैकड़ों किसानों की धान की बेढ़ (नर्सरी) हजारों रुपयों की सूख गई है। जहां एक दिन दो फेस व दूसरे दिन तीन फेस मिलता है। उसमें भी एक से तीन घंटे बिजली मिलने के कारण किसान अपनी धान की रोपाई नहीं कर पा रहा है और लो वोल्टेज होने से समस्या और भी विकराल हो जाती है। क्षेत्र में अक्सर हाई टेसन तार टूट कर गिर जाती है। अखिलेश सिंह ने कहा की जब बिजली कर्मचारियों को फोन मिलाते हैं तो फोन नहीं उठाते हैं। अब यह मनमाना रवैया बर्दाश्त से बाहर हो चुका है। गुस्साए लोगों ने चक्का जाम करते हुए विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ये तो अभी अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है, जैसी भावना के बीच प्रशासन को जमकर कोसा। तहसीलदार जगजीत सिंह को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर किसान संगठन ने धरना समाप्त किया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए धरना स्थल में थाना अध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय मय फोर्स के मौजूद रहे।

ज्ञापन देते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- मुराइनटोला पावर हाउस में 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में शनिवार को गिरी थी गाज
- उपकेन्द्र से संचालित छह फीडरों के उपभोक्ताओं को बिजली ने खूब छकाया

36 घंटे से बिजली गुल, उमस भरी गर्मी में लोग हुए बेहाल

फतेहपुर। शहर के मुराइनटोला बिजली उपकेन्द्र का 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर 36 घंटे बाद भी नहीं सही हो पाया। जिससे जुड़े आधा दर्जन फीडरों के हजारों उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग द्वारा दूसरे ट्रांसफार्मर से प्रत्येक फीडर को दो-दो घंटे की आपूर्ति दे रहा है लेकिन उमस भरी गर्मी में इससे उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पा रही है। बता दें कि शुक्रवार की रात में बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली से मुराइनटोला पावर में हाउस का 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया था। पावर हाउस में 10 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर हैं। जिनमें से एक ट्रांसफार्मर फुंक जाने से शुक्रवार की रात 11 बजे सभी आधा दर्जन फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। करीब 36 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी आपूर्ति सुचारु नहीं हो पाई। जिससे रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर हजारों उपभोक्ता हलाकान रहे। विभाग के एसडीओ ने बताया कि ट्रांसफार्मर फुंकने क बाद से व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नया ट्रांसफामर्र मंगाया गया है। मऊ जनपद से आ रहे ट्रांसफार्मर आते ही लगवाया जाएगा। बताया कि मंगलवार तक उपभोक्ताओं का समुचित आपूर्ति मिल सकेगी। फिलहाल सभी फीडरों के उपभोक्ताओं को एक ट्रांसफार्मर से दो-दो घंटे बारी-बारी से आपूर्ति दी जा रही है। वहीं उपभोक्ताओं ने बताया कि समुचित सप्लाई ठप हो जाने से दो से तीन घंटे बाद लोगों के घरों व दुकानों के इनवर्टर धड़ाम हो जा रहे हैं। दो दिन से बिन बिजली लोग विभाग को कोसते रहे।

सार-संक्षेप

ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

फतेहपुर। असोथर कस्बे निवासी गोरेलाल पुत्र बुद्धू की तरफ से अपनी साइकिल से असोथर घर जा रहा था। जैसे ही गोरेलाल थरियांव थाना क्षेत्र के बिलंदा पूर्वी बाईपास के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने साइकिल सवार गोरेलाल को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से गोरेलाल के सिर में काफी चोटे आ जाने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देख आसपास के दुकानदार मौके पर आ गए और गोरेलाल के पास पहुंच कर पुलिस को सूचना पहुंचा दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची हसवा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रणजीत बहादुर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवा दिया गया है।

कूलर में उतरे करंट से महिला की मौत

फतेहपुर । एक महिला कूलर चालू करने लगी तभी कूलर में उतरे करंट के चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे महिला के मायके पक्ष से भाई ने करंट लगाकर मारने का आरोप लगाया है। भाई के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी नई बस्ती के रहने वाले मनोज की पत्नी अंजू देवी सुबह घर पर कूलर चालू करने लगी, तभी कूलर में करंट उतरने से महिला की मौके पर चिपक कर मौत हो गई। महिला की सात साल की बेटी खुशी की नजर पड़ी तो शोर मचाया। चीख पुकार सुनकर परिजन ने कूलर से तार हटाया।सूचना मिलने पर मायके पक्ष से पहुंचे अरविंद कुमार ने आरोप बताया कि मेरी बहन अंजू देवी की शादी 21 नवम्बर 2011 में मनोज के साथ हुई थी। शादी के बाद से बहन को ससुराल वाले किसी न किसी बहाने परेशान करते थे। बहनोई दो माह से सूरत में रहकर काम कर रहे हैं। घर पर सास देवरानी और भांजी खुशी ही रहते थे। सुबह भांजी ने फोन कर बताया कि मां की मौत हो गई और तीन दिन से घर पर लड़ाई चल रही थी। भाई ने आरोप लगाया कि मेरी बहन को करंट लगाकर मार दिया गया है, क्योंकि बहन घर पर प्रॉपर्टी के बंटवारे के लिए कह रही थी। थाना मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही होगी।

शॉर्ट सर्किट से खंभे में लगे तारों में लगी आग

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज चौराहे के निकट एक पोल के तारों से चिंगारियां निकलने लगीं और तार टूट गया। जिससे आसपास मौजूद लोग एवं राहगीरों के बीच हड़कंप मच गया, किंतु इस हादसे को देख रहे एक युवक की निगाह पोल के नीचे लेटे वृद्ध पर पड़ी। उसने अपनी जान की परवाह किए बगैर वृद्ध के पास पहुंचकर उसे खींचकर हादसे वाले स्थान से दूर कर दिया। गनीमत तो यह रही की इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकरगंज चौराहे के पास एक पोल में अचानक तेज विस्फोट के साथ आग लग गई और तार टूटकर नीचे गिर गया। उसे उठ रही चिंगारियों को देखकर आसपास मौजूद लोग एवं राहगीरों के बीच हड़कंप मच गया। इसी दौरान एक युवक की निगाह पोल के नीचे लेटे असहाय वृद्ध पर पड़ी तो उसने अपनी जान की परवाह ना करते हुए आनन-फानन में वृद्ध के पास दौड़कर पहुंचा। वृद्ध का हाथ पकड़ कर हादसे वाले स्थान से दूर पहुंचा दिया। इस पूरे घटनाक्रम को किसी ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो को जिस किसी ने भी देखा वृद्ध को बचाने वाले युवक की तारीफ करता हुआ नजर आया। लोगों का कहना है कि युवक ने अपनी जान की परवाह न करते हुए जिस तरह से वृद्ध को बचाया है, वह मानवता के लिए एक मिसाल है।

किशोरी के गर्भपात मामले में जांच करने पहुंची टीम

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अधेड़ ने कुछ माह पूर्व एक किशोरी को बहला फुसला कर अपनी हवस का शिकार बना डाला था। पीड़िता नाबालिग किशोरी ने परिजनों को न बताकर मामले को दबा दिया था लेकिन कुछ माह बाद नाबालिग किशोरी के छह माह का गर्भ ठहर गया तब परिजनों को जानकारी हुई। जिन्होंने बिना किसी को बताये गांव की आशाबहू से मिलकर अमौली कस्बे में चल रहे एक निजी हॉस्पिटल में बिना किसी को सूचना दिए गर्भपात करा डाला। गर्भपात करवाने से संबंधित एक ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जिसमें अमौली के एक हॉस्पिटल का जिक्र किया जा रहा है। नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम ने हॉस्पिटल में अचानक छापेमारी की और अस्पताल की जांच की। टीम के पहुंचते ही हॉस्पिटल मालिक सहित डॉक्टर गायब हो गए। यहां से जांच टीम पीड़िता किशोरी के गांव पहुंची, जहां देर रात तक पूछताछ करती रही। जांच टीम में नायब तहसीलदार अमरेश कुमार, कानूनगो वीरेंद्र, लेखपाल रजत कुमार सहित क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधीक्षक पुष्कर कटियार शामिल रहे। मामले में नायब तहसीलदार बिंदकी अमरेश कुमार ने बताया कि जांच के दौरान हॉस्पिटल में कोई भी ओपीडी रजिस्टर नहीं पाया गया। सीसीटीवी कैमरा नहीं मिला। न ही अन्य कोई व्यवस्थाएं पाई गई हैं। नाबालिग किशोरी का गर्भपात हुआ है लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गर्भपात कहां हुआ है। जांच चल रही है।

पौधारोपण करते विधायक व नगर पंचायत अध्यक्ष । अमृत विचार

एक पेड़ मां के नामः पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

संवाददाता, जहानाबाद

अमृत विचार। सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से लोगों को पेड़ लगाकर जागृत करने का कार्य कर रहे हैं। बिंदकी तहसील के अंतर्गत जहानाबाद कस्बा में जहानाबाद क्षेत्र के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल कस्बे के विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज में पौधारोपण किया। उनके साथ जहानाबाद की नगर पंचायत अध्यक्ष आबिद हसन, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार, वरिष्ठ लिपिक राघवेंद्र सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी विवेकानंद गुप्ता, वन दरोगा विकास मिश्रा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लाल सिंह सूर्यवंशी, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष मनीष सचान, जिला उपाध्यक्ष मुकेश ओमर, जिला मंत्री राजा अग्निहोत्री, मातृशक्ति वर्षा, नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद व्योमेश कुमार ,विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम,प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाय मौजूद रहे इस मौके पर छात्र-छात्राओं को लगभग 3000 पौधों का वितरण किया गया।

मंदिर में गूंजेंगे महादेव के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सोमवार से सावन माह की शुरुआत होने से बढ़ी महत्ता
- भोले की भक्ति में लीन होगा दोआबा, इस बार सावन में पड़ेंगे पांच सोमवार

अमृत विचार। रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व सम्पन्न होने के बाद आज यानि सोमवार से सावन माह का आगाज हो गया। शिवालयों में घंटा घड़ियाल के साथ बम-बम भोले, हर-हर महादेव के नारे गुंजाएमान होंगे। सावन में भक्तों की व्यवस्थाओं को लिए शिवालयों में रविवार को शाम तक तैयारियां जोरों पर चलती रहीं। सावन का पहला सोमवार पड़ने से भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।

सावन को लेकर महादेव के दरबार सज गए हैं। मंदिरों में तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया। शहर के ताम्बेश्वर मंदिर समेत जिले के सभी सिद्धपीठ एवं शिवालयों में सावन का पहला सोमवार पड़ने के कारण व्यवस्था को दुरुस्त कराया गया है। इस बार सावन महीने में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। सुबह-सुबह शिव मंदिरों में अभिषेक होगा। शहर 'ओम नम शिवाय' की जद में होगा। घी, गंगाजल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद से भगवान का स्नान कराया जाएगा।

तांबेश्वर मंदिर में तैयारियों को दिया जा रहा है अतिंम रूप । अमृत विचार

सावन में शिव आराधना का महत्व

- पं. भृगुनंदन शुक्ला के अनुसार सनानत धर्म में श्रावण महीने का बहुत महत्व है। शिव पुराण के अनुसार भगवान शंकर ने शप्त ऋषियों को वरदान दिया था कि जो भी भक्त श्रावण मास में उनकी पूजा, आराधना एवं नित्य अभिषेक करेगा और बेलपत्र चढ़ाएगा। उनके समस्त मनोकामना पूर्ण होगी। सावन महीने में ओम नमः शिवाय का जाप भर करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं।

सावन में ऐसे करें भोलेनाथ की पूजा

- सावन में भगवान भोले की विशेष रूप से पूजा की जाती है। पुजारियों की मानें तो शुरुआत महादेव के अभिषेक से होती है। अभिषेक में महादेव को जल, दूध, दही, घी, शक्कर, शहद, गंगाजल, गन्ना रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक के बाद बेलपत्र, समीपत्र, दूब, कुशा, कमल, नीलकमल, ऑक मदार, जंवाफूल, कनरे, राई फूल से शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। इसके साथ ही भोग के रूप में धतूरा, भांग और श्रीफल चढ़ाया जाता है।

गुरु पूर्णिमा | जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पर्व, जगह-जगह हुए अनुष्ठान व हवन-पूजन

भक्तों ने गुरुओं की पूजा-अर्चना, मांगा समृद्धि का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। गुरू पूर्णिमा का पावन पर्व रविवार को श्रद्धाभाव के साथ परम्परागत ढंग से मनाया गया। गुरू आश्रमों में गुरूपूजन का सिलसिला भोर की बेला से लेकर देर शाम तक चलता रहा। कई मंदिरों व आश्रमों के अलावा अन्य स्थानों पर भी भंडारे आयोजित किए गए। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा पर हिन्दू घरों में हवन पूजन के साथ सत्यनारायण कथा व अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। गंगा घाटों में स्नानार्थी पहुंचे और गंगा स्नान कर पूजा की। गुरु पूर्णिमा का पर्व भक्तों द्वारा अपने अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व है।

हमारे जीवन में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। हर साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। यह दिन गुरु को समर्पित होता है। इस दिन भक्त अपने गुरु की पूजा करते हैं। आचार्य भृगुनंदन शुक्ला ने बताया आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 20 जुलाई शाम 05:59 पर शुरू हुई। यह तिथि 21 जुलाई दोपहर 03:45 पर समाप्त हो गई। गुरु पूर्णिमा पर्व 21 जुलाई रविवार को मनाया गया।

राधा वाटिका में गुरु पूजन के बाद प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

तांबेश्वर मंदिर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। अमृत विचार

साईबाबा की पालकी यात्रा में जुटे भक्त

- शहर के वर्मा तिराहे के समीप स्थित श्री साईं धाम मंदिर में गुरु पूर्णिमा श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। साईंनाथ महाराज की पालकी शोभायात्रा निकाली गई और प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बाबा के आकर्षक श्रंगार के साथ मंदिर व आसपास के क्षेत्र में यात्रा को घुमाया गया। इस मौके पर अजय अवस्थी आदि भक्त शामिल रहे।

राधा वटिका में कराया गया संतों को भोज

- शहर स्थित राधावाटिका पर सुबह से ही साधु-संत व भक्त पहुंचे। भक्तों ने सबसे पहले महान संत स्वामी मूलानंद जी की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता, विधायक पुत्र विकास गुप्ता समेत उनके भाइयों ने कन्याभोज व संत महात्माओं को भोज कराकर भव्य भंडारा शुरू किया गया। जयरामनगर में स्वामी रामानंद महाराज की पूजा अर्चना हुई। ग्रामीणांचल बहुआ, असोथर, गाजीपुर, हथगाम, खागा, बिंदकी, आदि स्थानों में भीं पर्व मनाया गया।

गौतम बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष आराधना करते अनुयायी । अमृत विचार

अनुयायियों ने की बुद्ध की पूजा-अर्चना

फतेहपुर। डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर मिशन भारत के अध्यक्ष रमेश बौद्ध सचिव अतुल कुमार के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट स्थित गौतम बुद्ध पार्क में गौतम बुद्ध की पूजा अर्चना की गई।

इस दौरान रमेश बौद्ध ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में गौतम बुद्ध ने सारनाथ में पांच लोगों को धम्म दीक्षा दिया था जिसके तहत आज यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर बाबूराम गौतम, शत्रुघ्न लाल, सिया दुलारी, संगीता, राज गौतम, भंते राहुल, भंते कंचन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

इसी तरह से गुरू पूर्णिमा पर ताम्बेश्वर मंदिर में समाजसेवी पूनम श्रीवास्तव के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संगीता द्विवेदी, शिवांग श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

चालक को आई झपकी, धमाके के बाद मची चीख-पुकार

भरी पिकअप जब पोल से टकराई तो हुआ था जोरदार धमाका, तीमारदारों ने उपचार में लापरवाही का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गंगा में अस्थि विसर्जन कर लौट रहे इटावा जिले के लोगों से भरी पिकअप जब पोल से टकराई तो जोरदार धमाका हुआ और चीख पुकार मच गई। बताया जाता है कि चालक को झपकी आने के कारण हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके की आवाज के बाद चीख-पुकार मचने लगी। लोग दौड़े और लोगों को पिकअप से बाहर निकाला।

तेज आवाज सुन आस-पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर आ गए। थाना पुलिस को सूचना दी गई। थाना अध्यक्ष भोलेंद्र चतुर्वेदी फोर्स के साथ तत्काल पहुंच गए। कई एंबुलेंस, डायल 112, थाना पुलिस की गाड़ी, निजी वाहनों से घायलों को लोहिया अस्पताल लाया गया। ईएमओ डॉ. अभय की रात्रि ड्यूटी खत्म हो रही थी और डॉ. कृष्ण कुमार की सुबह की ड्यूटी शुरू हो रही थी। अधिक मरीज आने की सूचना पर डॉ. अभय भी रुक गए। कुछ ही देर में दो दर्जन मरीज आ गए। इससे इमरजेंसी में हड़कप मच गया। चार बेड की इमरजेंसी में 24 मरीजों को उपचार देने को जगह नहीं बची। तीन-तीन मरीजों एक बेड पर लिटाने के बावजूद स्ट्रेचर और फर्श पर लिटाना पड़ा। मामला संज्ञान में आते ही एसीएमओ डॉ. रंजन गौतम, डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक कटारिया, सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी आ गए। आर्थो सर्जन डॉ. ऋषिकांत को भी बुलाया गया। तब तक एसडीएम सदर रजनीकांत पांडे, तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडे, सीओ सिटी प्रदीप सिंह सहित कई अधिकारी भी पहुंचे।

जिला अस्पताल में मृतका सुशीला के रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

जानकारी लेते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

एंबुलेंस से मरीजों को ले जाते हुए कर्मचारी। अमृत विचार

ये हुए घायल, सभी सैफई रेफर

- अमर सिंह (45) पुत्र मिजाजीलाल
- सोनी (35) पत्नी दिलदीप
- ममता (40) पत्नी शिशुपाल
- दिलीप चन्द्र (34) पुत्र विनोद कुमार
- अशोक(45) पुत्र जाहर सिंह
- विकास(16) पुत्र विनोद कुमार
- मुकुट सिंह (45) पुत्र जाहर सिंह
- ममता (30) पत्नी विनोद
- सृष्टि (6) पुत्री दिलीप
- सुशील (28) पुत्र विनोद
- शिवदयाल (33) पुत्र रामसनेही
- राधिका (45) पत्नी राम सिंह
- आशा देवी (40) पत्नी सुभाष चन्द्र
- सत्यवती (45) शिव सिंह
- सरोज (55) पत्नी विनोद
- अनीता(50) पत्नी राजेश
- श्रेया (4) पुत्री दिलीप
- सुभाष (50) पुत्र बाबूराम
- सुनीता (40)पत्नी कन्हैयालाल
- अनीता(40) पत्नी मुकुट सिंह
- राहुल (25) पुत्र रक्षपाल

इलाज में लापरवाही का लगाया आरोप

घटना के बाद सुबह 7 साढ़े सात बजे रामकली (73) पत्नी जबर सिंह को लाया गया। लेकिन जब तक वह अस्पताल पहुंची, उनकी सांसे थम चुकी थीं। दूसरी महिला रामादेवी (70) पत्नी जगदीश निवासी नहरौली थाना सैफई को सुबह 7 :22 मिनट पर लाया गया। दो घंटे उपचार के बाद 9 :40 पर उनकी मौत हो गई। ईएमओ डॉ. कृष्ण कुमार ने मृत घोषित कर दिया। पिता की अस्थि विसर्जन को आए दिलीप की मृतका बुआ थी। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। थाना सैफई के भाला शैय्या निवासी सुशीला देवी (45) पत्नी अवधेश को सुबह आठ बजे अस्पताल लाया गया था। उपचार के बाद द्वितीय मंजिल पर शिफ्ट कर दिया गया। सवा दस बजे उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के भतीजे रविन्द्र ने बताया कि कोई देखभाल नहीं हुई। आधे घंटे तक द्वितीय मंजिल पर स्ट्रेचर नहीं मिला। चाची तड़पती रहीं, लेकिन किसी ने नहीं सुना। जब नीचे लाए तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया कि जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह, एसपी आलोक प्रियदर्शी के जिला अस्पताल पहुंचने के बाद इलाज करने में चिकित्सकों ने तेजी दिखाई। डीएम ने बताया कि मरीजों और चालक से भी बात की है। किसी वाहन से टक्कर नहीं होने की बात सामने आई है। प्रथम दृष्ट्या यह लग रहा है कि चालक को झपकी आने से पिकअप अनियंत्रित हुई, जिसके बाद घटना हुई।

मरीजों नहीं मिले वार्डब्वाय, तीमारदारों ने खींचा स्ट्रेचर, पकड़े रहे ड्रिप

पिकअप हादसे की घटना में दो दर्जन मरीज आ जाने से इमरजेंसी सहित पूरी व्यवस्था चौपट हो गई।मरीजों को जब शिफ्ट किया गया या दूसरे तल पर रेफर किया गया तो वार्ड बॉय नहीं मिले।जिसके चलते मरीजों के तीमदार दार ही स्ट्रेचर खींचते दिखे। जब राधिका को रेफर किया गया तो उनके तीमारदार ही स्ट्रेचर खींच कर और ड्रिप लेकर एंबुलेंस तक ले गए।उन्होंने बताया कि कोई वार्ड बॉय नहीं मिला।

सार-संक्षेप

ट्रैक्टर से कुचलकर किसान की मौत

अमृतपुर फर्रुखाबाद। बीती रात शहजहांपुर जिले की अल्लाहगंज मंडी से मक्का बेंच कर वापस घर आ रहे किसान की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। कस्बा अमृतपुर निवासी रामलखन पुत्र रामस्वरूप शुक्ला शनिवार को अपनी मूंगफली शाहजहांपुर की अल्लाहगंज मंडी मे बेचने ले गए थे। देर शाम वापस आते समय अमृतपुर कस्बे के हनुमान मूर्ति के पास धीमी रफ्तार से चल रहे ट्रैक्टर से रमलखन अचानक नीचे उतरा और उसका पैर फिसल गया। जिससे वह ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गया। ग्रामीणों ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी मिलने पर पत्नी सरोजनी, बेटा अरविंद, अजीत एवं अन्य परिजन अस्पताल पहुंचे। रामलखन की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को थाने में खड़ा करा लिया। थाना अध्यक्ष मिनेश पचौरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

मंदिर में लगे पीपल के पेड़ से घंटे चोरी

कंपिल फर्रुखाबाद। मेदपुर गांव में ब्रह्मदेव मंदिर में लगे पीपल के पेड़ से दो दर्जन से अधिक पीतल के घंटे चोरी हो गए। चोरी की सूचना पर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि दो बार पहले भी चोरी हो चुकी है। अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। कंपिल कायमगंज मार्ग स्थित मेदपुर गांव के किनारे ब्रह्मदेव का मंदिर है। मंदिर परिसर में पीपल का पेड़ लगा है। पेड़ पर दो दर्जन से अधिक पीतल के घण्टे लटके हुए थे। शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों ने पेड़ पर लटके घण्टे चोरी कर लिए। रविवार की सुबह पूजा करने पहुंचे श्रदालुओं ने इसकी सूचना पुलिस को दी। हल्का इंचार्ज मुनीर खान फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने मंदिर से कुछ दूरी पर स्थित गैस एजेंसी में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन सफलता नहीं मिली।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। कायमगंज अलीगंज मार्ग पर मार्ग दुर्घटना में पिता पुत्र घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया। क्षेत्र के गांव भटासा निवासी राजवीर अपने पुत्र शिवम के साथ मोटरसाइकिल से गांव ढमढेरा रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी कायमगंज अलीगंज मार्ग पर एक कोल्ड स्टोरेज के समीप एक साइकिल सवार उसकी मोटर साइकिल के सामने आ गया। साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में वह अनियंत्रित होकर रोड पर जा गिरा। आसपास राहगीरों की भीड़ लग गई। एंबुलेंस की मदद से दोनों को सीएचसी मे भर्ती कराया। जहां राजवीर को प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

चार्जर ठीक कराने गई किशोरी घर नहीं लौटी, रिपोर्ट दर्ज

कंपिल फर्रुखाबाद। चार्जर ठीक कराने बाजार गई किशोरी घर वापस नहीं लौटी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में कहा कि 17 जुलाई को दिन के 12 बजे उसकी नाबालिग पुत्री अपनी मां का चार्जर ठीक करने की बात कहकर घर से गई थी। जब उसका पिता घर लौट कर आया तो उसकी पत्नी ने कहा अभी तक बेटी नहीं लौटी है। इस पर उसने आसपास व रिस्तेदारी में पता किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पिता का कहना है कि उसकी बेटी कहीं चली गई है या फिर कोई उसे बहला फुसला कर ले गया है।

बाइक के सामने कुत्ता आने से दंपति समेत चार घायल

फर्रुखाबाद। थाना कमालगंज क्षेत्र में बाइक के सामने कुत्ता आ जाने पर दंपति समेत चार लोग घायल हो गए। याकूतगंज ससुराल से वापस जा रहे बाइक सवार जब थाना कमालगंज क्षेत्र से निकल रहे थे। तभी बाइक के सामने कुत्ता आ गया। उसे बचाने के चक्कर में बाइक का अनियंत्रित होकर गिर गई। दंपति और उनके दो बच्चों घायल हो गए। पड़ोसी जिला कन्नौज के थाना गुरसहायगंज के निबिया जलालपुर निवासी पवन कुमार अपनी पत्नी मान देवी पुत्र जितेश और आर्यन के साथ फर्रुखाबाद के याकूतगंज के पास स्थित अपनी ससुराल आए थे।पत्नी और बच्चों के साथ वापस जा रहे थे।जब थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्रान तुड़ा नगला पहुंचे, तभी बाइक के सामने कुत्ता आ गया।जिससे बाइक अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई।स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।जहां से जिला अस्पताल लोहिया भेज दिया गया। ईएमओ ने भर्ती कर उपचार किया।दोनों बच्चों के अधिक चोट आ जाने से उनकी हालत चिंता जनक बनी हुई है।

कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस व प्रशासन चौकन्ना

फर्रुखाबाद। सोमवार से यहां शुरू होने वाली कावड़ यात्रा के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था की गई है। गंगा घाटों से लेकर कांवड़ियों के निकलने वाले मार्गों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से निकल सके इसके लिए प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में जनता के साथ बैठक करके शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। यहां मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा अन्य प्रदेशों से कांवड़िये गंगाजल भर ले जाते हैं। क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने थाना जहानगंज क्षेत्र में आगामी श्रावण मास कावड़ यात्रा को लेकर शासन से प्राप्त निर्देशों व आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए आमजन को जनता के साथ बैठक कर जागरूक किया। बताते चलें कि चौमुखी महादेव मंदिर दूर दराज से कावड़िये जल चढ़ाने आते हैं।

महिला के खाते से उड़ाई गई रकम कराई वापस

फ़तेहपुर। जिले में आयदिन घटित होने वाले साइबर अपराध में प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला साइबर सेल ने आन लाइन ठगी का शिकार हुई एक पीड़िता महिला के खाते से उड़ाई गई नगदी में पूरी रकम वापस करवाई है। नुसरत फात्मा निवासी आमवाली मस्जिद जहांगीराबाद मध्य प्रदेश जो कि अपनी रिश्तेदारी खखरेरू थाना क्षेत्र के कोट गांव आई हुई थी। जहां रहते ही महिला के फोन पर साइबर ठगों ने केवाईसी के नाम पर बैंक खाते की ओटीपी लेकर 60 हजार 276 रुपये उड़ा दिये थे। फोन पर मैसेज देख पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। पीड़िता ने एसपी उदय शंकर सिंह को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की थी। एसपी जिला साइबर टीम को मामले पर कार्यवाही के निर्देश दिये थे। टीम ने पीड़िता के खाते से साइबर ठगों द्वारा उड़ाई गई नगदी 60 हजार 276 रुपये की नगदी वापस करवाई है।

एक नजर

जमीन पर कब्जे का आरोप

कंपिल फर्रुखाबाद। ग्रामीण की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। क्षेत्र के गांव बरखेड़ा निवासी धर्मेंद्र पाल की जमीन पर गांव के ही कुछ दबंगों ने फसल बोकर कब्जा कर लिया है। कब्जे का धर्मेंद्र ने विरोध किया तो आरोपित फावड़ा व हसिया लेकर जान से मारने को लेकर दौड़े। धर्मेंद्र ने भाग कर अपनी जान बचाई। धर्मेंद्र ने पुलिस को तहरीर दी। हल्का प्रभारी राम लखन ने बताया दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद है। जांच की जा रही है।

महिला को सांप ने डसा

कायमगंज फर्रुखाबाद। कंपिल क्षेत्र के गांव नसरुल्लापुर निवासी रामा को जहरील सांप ने काट लिया। चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। आनन फानन में सीएचसी लेकर आए। जहां उसका इलाज किया गया।

सीढियों से गिरकर महिला घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। क्षेत्र के गांव पहाडी निवासी कुलसुम सीढियों से गिरकर गंभीर घायल हो गई। गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और सीएचसी लेकर आए। जहां उसका प्राथमिक इलाज के बाद उसे गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

मार्ग दुर्घटनाओं मे चार घायल

कायमगंज। अलग–अलग स्थानों पर नगर के मोहल्ला छप्टी निवासी अनुज, मोहल्ला चिंलाका निवासी भगवान दास, कंपिल क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी विकास कुमार, क्षेत्र के गांव लुधईया नगरिया निवासी कौशल यादव मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए।

किसानों की समस्या पर जताई नाराजगी

संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक रविवार को नहर कालोनी में जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिला के सभी क्षेत्र से आए किसानों ने बिजली की कटौती, लो वोल्टेज समस्या और नहरों में पानी न आने की समस्या रखी।

जिलाध्यक्ष ने कहा बिजली की समस्या और नहरों में पानी और भी कई समस्याओं को लेकर 25 जुलाई को कमिश्नरी प्रयागराज का घेराव राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान की अगुवाई में होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, युवा किसान नेता अंकित सिंह चौहान, जिला महासचिव प्रीतम सिंह, जिला उपाध्यक्ष छोटे लाल, दीपक गुप्ता, शुभम सिंह, अजय प्रजापति रहे।

मासिक बैठक में किसानों की चर्चा करते यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

लापता सगी बहनों का अभी तक नहीं लगा सुराग

संवाददाता किशनपुर

- पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के पहाड़पुर चौकी के एक गांव में करीब महीने भर पूर्व दो लड़कियां गायब हो गई थी। लड़कियां के गायब होने के बाद पीड़ित पिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर खोज निकालने की गुहार लगाई थी। महीना भर बीतने के पुलिस गायब लड़कियों को नहीं ढूंढ सकी है। लड़कियों के गायब होने के बाद पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर मझिगवां गांव निवासी एक युवक पर के खिलाफ तहरीर दी थी। पिता का आरोप था की आरोपी युवक उसकी बड़ी लड़की से फोन पर बात करता था। पीड़ित पिता ने युवक पर शक जताते हुए तहरीर दी थी। पिता ने युवतियों के साथ अनहोनी की आशंका जताई है।

पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट

संवाददाता फतेहपुर

- दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज की गई रिपोर्ट

अमृत विचार। शुकदेव इंटर कालेज के पीछे वाली गली में दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई। दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खागा कस्बे के मुसवापर (शुकदेव इंटर कालेज के पीछे) रहने वाले रविशंकर ने कोतवाली खागा में तहरीर देकर बताया कि रात करीब नौ बजे उसके घर में बल्लू सिंह निवासी उमरा घुस आया और उसे गाली-गलौज देते हुए पीटने लगा। जिससे उसे चोट आ गई। मारपीट की आवाज सुनकर स्थानीय लोग आए तो बल्लू सिंह जानलेवा धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पुलिस ने रविशंकर की तहरीर पर बल्लू सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं बल्लू सिंह ने बताया कि रात में वह शुकदेव इंटर कालेज के पीछे वाली गली से निकल रहा था तो जब वह छेद्दू शुक्ला के घर के पास आया तो वहां मौजूद मन्ना सिंह, छेद्दू शुक्ला, फूलपान उर्फ द्वारिका प्रसाद, हरिकेश त्रिपाठी ने उसे गाली-गलौज करते हुए लोहे की राड से पीटना शुरू कर दिया।

सर्वांगीण विकास से ही समाज का भला

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्त ने कहा कि सर्वांगीण विकास से ही समाज का विकास संभव है। राजनैतिक आर्थिक एवं सामाजिक विकास का गुरूमंत्र हैं।

भारतीय दोसर वैश्य महासमिति की एक बैठक सिविल लाइन में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के संरक्षक इंजीनियर गिरधारीलाल गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि आज समाज को संगठित करने की आवश्यकता है। उसके लिये जनपद में सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले दोसर वैश्य परिवारों में संपर्क कर संगठन से जोडना है और संगठन की इकाइयों को वहां तक पहुंचाने का कार्य करना होगा जिससे की समाज संगठित हो सके। मुख्य अतिथि भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गुप्त ने कहा कि समाज को सर्वांगीण विकास की आवश्यकता है। इससे हमारा समाज राजनैतिक सामाजिक आर्थिक रूप से आगे बढेगा तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का एक एक कार्यकर्ता बडा महत्वपूर्ण होता है और सभी को एकजुट होकर संगठन को आगे बढाने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में संगठन के लोग संगठित होकर आगे बढे और अपना राजनैतिक स्तर भी बढायें। जिससे कि समाज को एक नई दिशा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करें।

दोसर वैश्य महासमिति की बैठक में भाग लेते राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वाजातीय लोग।

आस्था का पर्व | जिलेभर में हर्षोल्लास से मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व, शिष्यों ने गुरु पूजन किया

भक्तों ने गंगा स्नान कर अपने गुरुजनों की पूजा–अर्चना की

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। गुरुपूर्णिमा का पर्व जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु भक्तों ने गंगा स्नान कर अपने-अपने गुरुओं की पूजा अर्चना कर दान पुण्य किया। जिले के गंगा घाटों पर इस मौके पर भीड़ लगी रही। वहीं दूसरी तरफ मंदिरों में सारे दिन पूजा अर्चना चलती रही। ओशो रजनीश के शिष्यों ने गहन ध्यान में डुबकी लगा अपने गुरु को याद किया। गुरु भक्तों को सम्बोधित करते हुए ओशो शिष्य स्वामी आनन्द पुनीत ने आषाढ़ मास की विदाई और मनभावन सावन के आगमन पर प्रकाश डाला।

आषाढ़ पूर्णिमा के दिन लोगों ने बढ़पुर देवी मंदिर जाकर उनके दर्शन किये और मनोती मांगी। बढ़पुरदेवी मंदिर पर भक्तों की भारी भीड़ रही। इसी तरह से पांडेश्वर नाथ मंदिर में भी भक्तों की भारी भीड़ रही। बताते चले कि पहले सावन के सोमवार को लेकर शिवालय पूरी तरह सज कर तैयार हो गए हैं। शहर के सभी शिव मंदिरों में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। आवास विकास स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भारी सजावट की गई है। मंदिर के कर्ताधर्ता अनिल भदौरिया ने बताया कि यहां सावन के पहले सोमवार से शिव पुराण का आयोजन किया जाएगा। जो 9 दिन तक चलेगा। इसके साथ-साथ यहां रुद्राभिषेक की विशेष व्यवस्था की गई है। मंदिर कमेटी के सदस्य विजय कटियार ने बताया कि भोले भंडारी की पूजा अर्चना के लिए यहां आने वाले भक्तों के लिए बैठने तथा पूजा करने की विशेष व्यवस्था की गई है।

- शिव मंदिरों में दर्शन करने वालों की लगी लाइन

दुर्वासा ऋषि आश्रम पांचाल घाट पर ईश्वदास महाराज ने गुरु पूर्णिमा पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया। उन्होंने दूरदराज से आये संत महात्मा व अन्य लोगों को भोजन करा कर दक्षिणा दी। इस मौके पर ईश्वर दास महाराज ने कहा कि कि गुरु के बिना ज्ञान सम्भव नहीं है। इस मौके पर कारव वाले त्यागी जी महाराज को याद किया गया।

गंगा स्नान करते भक्त। अमृत विचार

बढ़पुर देवी मंदिर में भक्तों की उमड़ी भीड़। अमृत विचार

गुरु पूर्णिमा पर हुआ व्यास पूजन

कायमगंज फर्रुखाबाद। विश्व बन्धु परिषद् ने कृष्णा प्रेस परिसर में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में व्यास पूजन के साथ संगोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रो. रामबाबू मिश्र 'रत्नेश' ने कहा कि विश्व साहित्य के महानतम महाभारत महाकाव्य के रचयिता भगवान व्यास सही मायने में विश्व गुरु हैं। उन्होंने वेदों को व्यवस्थित करके 18 पुराणों की रचना की। पूर्व प्रधानाचार्य अहिवरन सिंह गौर ने कहा कि व्यासदेव की श्रीमद भागवत गीता योग और आध्यात्म का विश्व मान्य ग्रन्थ है। प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ल ने कहा कि आज की भौतिकवादी शिक्षा युवा पीढ़ी को राष्ट्र धर्म और संस्कृति से विमुख कर रही है। गोष्ठी में जगदीश प्रकाश दुबे, वीएस तिवारी, शिव कुमार दुबे आदि ने भी विचार रखे।

शिव पुराण आज से

फर्रुखाबाद। श्रीनर्मदेश्वर महादेव मंदिर, आवास विकास कॉलोनी, फर्रुखाबाद में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिव महापुराण का प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आचार्य कृष्ण मोहन मिश्रा के सानिध्य में होगा। आयोजक नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति हैं। समिति के अध्यक्ष अरुण राठौर, कोषाध्यक्ष आयुष कटियार, महामंत्री उमेश गुप्ता, संरक्षक मंडल– अनिल भदौरिया, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, विजय कटियार, हरनाम सिंह, मृदुल कटियार रविवार को तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पीड़ित से रिश्वत लेने के आरोपी राजस्व निरीक्षक निलंबित

कसावा के दंपति ने रुपये लेने के बाद भी पैमाइश न कराने पर परिवार समेत आत्मदाह की दी थी धमकी

आखिर निपट गए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। रिश्वत लेने के आरोपी राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) को निलंबित कर दिया गया है। कसावा के दंपति ने जमीन की नापजोख करने के एवज में 50 हजार रुपये लेने की शिकायत की थी। लेनदेन की बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ था। उसकी जांच के बाद जिलाधिकारी ने कार्रवाई की है।

दरअसल, 13 जुलाई को थाना ठठिया में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे कसावा निवासी विश्वनाथ दुबे व उनकी पत्नी नूतन ने एसडीएम अशोक कुमार की मौजूदगी में कानूनगो ओमप्रकाश दुबे पर कई आरोप लगाए थे। साथ ही आत्मदाह की धमकी भी दी थी। एडीएम आशीष सिंह ने बताया है कि जमीन की पैमाइश के नाम पर राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश दुबे ने विश्वनाथ से पांच हजार रुपये लिए थे। पैमाइश भी नहीं की गई। शिकायत कर्ता ने ऑडियो भी जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल को भेजा था। इसमें ओमप्रकाश दुबे व विश्वनाथ की बातचीत थी। डीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए ऑडियो की जांच कराई। इसके अलावा अविवादित वरासत बिना किसी कारण निरस्त किए जाने, क्षेत्रीय जनता की ओर से बार-बार की जा रही शिकायतों को भी देखा गया। प्रारंभिक जांच में मामले प्रथम दृष्टया सही पाए गए। एडीएम ने बताया कि इस वजह से ओमप्रकाश दुबे को राजस्व निरीक्षक के पद से निलंबित कर दिया गया।

पीड़ित पर दर्ज हो चुकी रिपोर्ट: फरियादी विश्वनाथ के खिलाफ थाना में आत्महत्या की धमकी देने व कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बाद भी जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए दबाव बनाने के आरोप में रिपोर्ट भी दर्ज हो चुकी है। यह केस खुद एसआई ने दर्ज कराया है।

रिश्वत का आरोप लगाने पर पुलिस ने पीड़ित खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई

आरोप लगने के बाद एसडीएम ने कानूनगो के तीनों सर्किल छीने

लगाए आरोप-पुलिस-प्रशासन कराना चाहता है देवरिया कांड

अमृत विचार समाचार पत्र में प्रकाशित खबरें। अमृत विचार

- ऑडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने कराई जांच, आरोपों की हुई पुष्टि

> सभी राजस्व अधिकारियों एवं कर्मियों को सचेत किया गया है कि यदि इस प्रकार की शिकायत पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> आशीष सिंह
> एडीएम

अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा: आपके अपने लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने पीड़ित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने व उसमें रिश्वत का जिक्र न होने का मामला उठाया था। साथ ही थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता एसडीएम अशोक कुमार ने की थी लेकिन एफआईआर में थानाध्यक्ष अरुण कुमार की अध्यक्षता दिखाई गई।

बचाने पर तुले रहे एसडीएम तिर्वा

- राजस्व कर्मियों को एसडीएम तिर्वा बचाने में माहिर हैं। एसडीएम पर आरोप है कि कई मामले तहसील क्षेत्र में हुए हैं लेकिन आरोपी लेखपाल व कानूनगो पर वह जल्द कार्रवाई नहीं करते हैं। अगर कार्रवाई हो भी जाती है तो उसे जल्द वापस ले लिया जाता है। एसडीएम ने बचाने के लिए ही कार्यक्षेत्र छीनकर तहसील में संबद्ध कर दिया था। साथ ही यूपीडा समेत अन्य पटलों की जिम्मेदारी दी थी। कहा जा रहा है कि आरोपी ओमप्रकाश दुबे के मामले को डीएम शुभ्रान्त शुक्ल गंभीरता से न लेते तो कार्रवाई न होती। दूसरी ओर तिर्वा के लेखपालों का एक खेमा भी आरोपी कानूनगो के खिलाफ आंदोलन कर रहा था। एसडीएम व डीएम से लिखित शिकायतें भी हुईं थीं।

वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को हुई जानकारी
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल

अमृत विचार। किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के गर्भवती होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई। जिस पर किशोरी के पिता ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि ग्राम प्रतापपुर निवासी छोटा उर्फ सूरज ने उसकी पुत्री (15) का अश्लील वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर छह माह तक दुष्कर्म करता रहा। जब किशोरी गर्भवती हो गई तो पुत्री ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद परिजनों ने किशोरी से पूछताछ की तब किशोरी ने पूरा मामला परिजनों को बताया। कोतवाली पुलिस ने युवक के खिलाफ। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया। कोतवाल आलोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया है। किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

युवती ने जहरीला पदार्थ पीया, हालत गंभीर

कन्नौज। सदर कोतवाली के गांव खुसटिया निवासी प्रवीन कुमार की 20 वर्षीय पुत्री शिवानी ने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत खराब होने पर परिजनों को इस की जानकारी हुई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उपचार के बाद हालत में सुधार आया। जहरीला पदार्थ किस कारण पीया इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

ऑनलाइन आवेदन करें

कन्नौज। प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि जरूरत के मुताबिक दिव्यांग किसी भी जनसेवा केंद्र से उपकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बेवसाइट divyangjanup.upsdc.gov.in पर पात्र दिव्यांगों के लिए ट्राईसाइकिल, बैशाखी, श्रवण यंत्र (कान की मशीन), व्हीलचेयर आदि के लिए ऑनलाइन आवेदन होते हैं। इसके लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/ यूडीआईडीकार्ड, आधारकार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (ग्रामीण क्षेत्र के लिए वार्षिक आय 46,080 रुपये और नगरीय क्षेत्र के लिए 56,460 रुपये से अधिक ना हो), जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति की स्थिति में), चिकित्साधिकारी से मिला प्रमाण पत्र की जरूरत होगी। आवेदन के बाद हार्डकॉपी पर चिकित्साधिकारी की संस्तुति के बाद उसे विकास भवन के कमरा नंबर 12 में जमा करना होगा।

भीम आर्मी के स्थापना दिवस पर सदस्यता अभियान शुरू

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। आजाद समाज पार्टी को मजबूत करने के लिए भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने पांच लाख सक्रिय कार्यकर्ता बनाने की घोषणा की है। जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने पार्टी के स्थापना दिवस पर ग्राम कुंवरपुर बनवारी में सदस्यता अभियान चलाया।

आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ताओं से ही पार्टी मजबूत होगी। चन्द्रशेखर आजाद के सांसद बनने पर बहुजन समाज अब आजाद समाज पार्टी की ओर देख रहा है। बीजेपी की सरकार में दलितों, पिछड़ों, मुस्लिमों, शोषित पर लगातार उत्पीड़न बढ़ता जा रहा है। मुस्लिम समाज पर मॉब लिंचिंग की यूपी में घटनाएं लगातार बढ़ रहीं हैं। बीजेपी सरकार हिन्दू-मुस्लिमों में भेदभाव पैदा कर रही है। चन्द्रशेखर आजाद सड़कों से लेकर संसद तक शोषित पीड़ितों की लड़ाई लड़ेंगे। पार्टी सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रही है। गौतम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी के बगैर किसी की सरकार नहीं बनेगी। शनी गौतम को विधानसभा सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, जिला महासचिव अखिलेश कबीर, जिला सह संयोजक नेम सिंह, लीग सेल एडवाइजर एंड अजीत कठेरिया, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू कठेरिया, सह संयोजक रवि, तहसील संयोजक यशपाल भारती, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, पवन सबिता रहे।

सदस्यता अभियान में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

मंचासीन भाजपा व भाजयुमो के पदाधिकारी। अमृत विचार

युवाओं पर होगी 2027 के विस चुनाव की जिम्मेदारी: वरुण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- भाजयुमो की क्षेत्रीय कार्यशाला में 17 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए

अमृत विचार। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने कहा है कि युवाओं के कंधों पर ही आगे की सरकार बनेगी। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार रहें। 2027 का लक्ष्य पाने के लिए युवाओं को पूरी तन मनता से भाजपा का सदस्यता अभियान चलाना है।

रविवार को वह भारतीय जनता युवा मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की कार्य योजना बैठक में शामिल होने आए थे। एक निजी होटल में संपन्न हुई बैठक में 17 जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि जनता को पार्टी से जोड़ना है। यह विधानसभा चुनाव जीतने में कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के चुनाव में पूरे विश्व की निगाहें लगी हुई हैं। 25/26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर युवा मोर्चा मशाल जुलूस निकालेगा। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि युवा कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव में पुनः भाजपा की योगी सरकार बनवाएंगे।

कहा, दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा वंशवाद नहीं चलाती। इसमें बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष बन सकता है। उन्होंने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस ने जिन माफियाओं को संरक्षण दिया था उनको योगी सरकार ने घुटनों पर ला दिया है। इससे विपक्षी बौखला गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष सुनील साहू ने की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री छोटू त्रिपाठी, क्षेत्रीय महामंत्री प्रशांत द्विवेदी, अमित बाथम, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, ओम बिहारी भार्गव, शशांक गुरनानी, निशांत शुक्ला, सुमित सिंह, खेमराज शर्मा, मंगलम पांडेय, व्योम शुक्ल, मोनू चौहान, विशाल शुक्ल, छोटू यादव, आर्यन कटियार, शिवा चौबे, अतुल वर्मा, ललित सिंह व अंकित कुमार उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री वरुण गोयल ने शहर के ग्वाल मैदान स्थित गांधी पार्क के पास किया पौधारोपण भी किया।

सार-संक्षेप

गोपाल बने अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष, विशाल उपाध्यक्ष

गुरसहायगंज, कन्नौज। संगठन की मजबूती व विस्तार के लिए गांव-गांव सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिला व नगर कार्यकारणी का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। जल्द ही पार्टी के लोग संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। यह बात अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कही। रविवार को नगर के जीटी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी की बैठक हुई। इसमें जिला व नगर इकाई के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इसमें गोपाल गुप्ता को जिलाध्यक्ष, विशाल गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, विशाल गुप्ता, शिवम गुप्ता व योगेन्द्र कुमार को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया। अरविंद गुप्ता को नगर अध्यक्ष गुरसहायगंज, कन्हैया गुप्ता को नगर अध्यक्ष सौरिख, जितिन गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

कांग्रेसियों ने मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई

कन्नौज। कांग्रेस नेताओं ने स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहर के मकरंदनगर स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि मसूरियादीन पासी महान राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्रता सेनानी थे। वह चार बार लोकसभा के सदस्य रहे। दो अक्टूबर 1911 को इलाहाबाद के जोंधवल में मसूरियादीन पासी का जन्म हुआ था। आजादी की लड़ाई में उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। 1946 में वह भारत की संविधान सभा के लिए चुने गए। 1952, 1957 में उन्हें फूलपुर से और 1962 व 1967 के आम चुनावों में चायल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुना गया। वह आजीवन कांग्रेस से जुड़े रहे और 21 जुलाई 1978 को उनका निधन हुआ। जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के लिये किये गए उनके बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष मुहम्मद तारिक़ बशीर, पूर्व शहर अध्यक्ष एहसानुल हक़, ब्लाक अध्यक्ष तिर्वा अशोक कन्नौजिया, रमाशंकर राठौर, सत्य प्रकाश शर्मा, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष वीर सिंह फौजी, आशुतोष, जिला उपाध्यक्ष प्रशासन अविनाश दुबे, आकाश कटियार, सचिन मौर्य, कप्तान सिंह कनौजिया, रमेश चंद्र यादव, सरताज अंसारी मौजूद रहे।

कैंप लगाकर मरीजों को देखते डॉक्टर। अमृत विचार

निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे 149 मरीज

छिबरामऊ, कन्नौज। मोहल्ला बिरतिया वार्ड नंबर आठ मालवीय नगर स्थित नगर पालिका के बारात घर के पास फातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से फ्री मेडिकल कैंप लगा। हुजूर अनीसुल मशायख हजरत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि इस कैंप कानपुर से डॉ. वसीम खान, डॉ. नवीन पटेल एवं डॉ. मोहम्मद सैफी ने कैम्प में पहुंचे 149 मरीजों को देखकर फ्री दवाइयां दीं। हजरत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीजों को लाने की गुजारिश की थी ताकि गरीब, बेसहारा, मजबूर बीमार लोगों का परीक्षण कर फ्री में दवाइयां दी जा सकें। इस दौरान आमिर अत्तारी, महमूद मंसूरी, आमिर, मोहम्मद हुसैन, मुजफ्फर हुसैन व सलीम मंसूरी आदि लोगों की देखरेख में मरीज को देखा गया।

दिन में जलती रहतीं स्ट्रीट लाइटें... बिजली विभाग को हो रहा नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लाइटों के बंद करने व जलाने के लिए कर्मचारियों की तैनाती के बाद भी है समस्या

अमृत विचार। ओबरब्रिज समेत पाल चौराहा व शहर के कई मोहल्लों में दिन के समय स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं। नगर पालिका परिषद व बिजली विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इससे बिजली बचाओ का नारा बेईमानी साबित हो रहा है।

शहर हो या एनएचएआई की ओर से लगाई गई स्ट्रीट लाइटें रात में हर नहीं बल्कि दिन में भी जलती रहती हैं। इससे सरकार की ओर से दिये गये संदेश राष्ट्र हित में बिजली बचायें बेईमानी साबित हो रही है। शहर का तिर्वा क्रॉसिंग का ओवरब्रिज हो या शहर के अंदर जगह-जगह दिन के समय स्ट्रीट लाइटें जलती रहती हैं। इन विभागों की ओर से दिन के समय जलती लाइटों को बंद करने व शाम को जलाने के लिये कर्मचारियों की तैनाती है। इसके चलते यह लाइटें हर समय जलती रहती है। इस संबंध में एक्सईएन विद्युत मगन सिंह का कहना है कि जिन विभागों की स्ट्रीट लाइटें दिन के समय जलती रहती है उन को पत्र भेज कर दिन के समय लाइटे बंद करने को कहा जायेगा। जिससे राष्ट्र हित में बिजली को बचाया जा सके।

पाल चौराहे पर दिन में जलती स्ट्रीट लाइटें। अमृत विचार

विवाहिता को पीट कर घर से निकाला

सौरिख, कन्नौज। थाना क्षेत्र के नगरिया तालपार निवासी इसरार ने पुत्री सायरा का निकाह दो वर्ष पूर्व कोतवाली छिबरामऊ के मोहल्ला बिरतिया ऊंचा निवासी सिराज के पुत्र अमन के साथ किया था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही ससुरालीजन दान-दहेज से संतुष्ट नहीं थे और मोटरसाइकिल व 50 हजार रुपए नकद की मांग कर विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। 29 जून को सायरा को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पिता इसरार की ओर से दिए गए जेवर व नगदी को भी आरोपियों ने छीन लिया। विवाहिता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पति अमन, ससुर सिराज, सास शकीला, देवर हुसैन व जीशान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

केबिल गिरने से लगा करंट, किशोरी की मौत

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। घर पर झाड़ू लगाते समय केबिल ऊपर गिर जाने से किशोरी की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी मुकेश कुमार की 13 वर्षीय पुत्री जूली रविवार सुबह घर में झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान ऊपर से निकली बिजली की केबिल उस के ऊपर आ गिरी। करंट की चपेट में आने से वह मौके पर ही गिर पड़ी। घटना के समय परिवार का कोई सदस्य मौजूद न होने उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख परिवार के लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया पर कोई नतीजा नहीं निकला। परिजन उसे लेकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

करंट लगने से युवती की हालत बिगड़ी

कन्नौज। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जसौली निवासी साबरीन (23) पुत्री इकरार रविवार को पंखे का प्लग लगा रही थी। इसी बीच तार कटा होने से उसे करंट लग गया। इससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। परिजनों की नजर जब पुत्री पर पड़ी तो वह उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे उपचार दिया। एक घंटे तक चले उपचार के बाद हालत में सुधार आया।

समस्या गहराई अंडरग्राउंड केबिल में हो रहे फॉल्ट से विभाग व उपभोक्ता परेशान, फॉल्ट खोजने में हो रही दिक्कत से कई घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

अंडरग्राउंड केबिल बनी मखौल, पोल से हो रही बिजली की आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। शहर की अंडरग्राउंड केबिल मखौल बन गई है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद शहरियों को निर्बाध बिजली नहीं मिल रही है। इसी के चलते विभाग पोल पर लगे पुराने तारों का सहारा ले रहा है। जर्जर तारों के बीच लकड़ी बांधकर किसी तरह काम चलाया जा रहा है।

अंडरग्राउंड बिजली व्यवस्था में उम्मीद जताई गई थी कि अब फॉल्ट नहीं होंगे। आंधी व बारिश होने पर भी बिजली नहीं गुल होगी। इस उम्मीदों पर उस समय पानी फिर गया जब केबिल पड़ने के बाद हुई बारिश से जमीन के अंदर पानी पहुंचा तो फॉल्ट होने लगे।

इसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने मशीन लगा कर फॉल्ट खोजने शुरू किये और मरम्मत का काम किया। बीते पांच वर्ष से अधिक समय शहर में अंडरग्राउंड केबिल को पड़े हो गया है लेकिन एक दिन भी उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली नहीं मिली। अब हालात और भी खराब हो गये। जगह-जगह फॉल्ट होने से बिजली विभाग ने पोल से पुराने तारों को उतारने की जो योजना बनाई ती वह ध्वस्त हो गई। इसकी मुख्य वजह अंडरग्राउंड केबिल में फॉल्ट अधिक होने से विभाग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत पोल पर लगे बिजली के तारों को न उतारने का निर्णय लिया। इससे विभाग को खासा लाभ हुआ है। अंडरग्राउंड केबिल में फॉल्ट होने पर यदि कर्मचारियों को फॉल्ट खोजने में अधिक समय लगता है तो वह तत्काल पोल पर लगी पुरानी लाइनों में बिजली की सप्लाई चालू कर उपभोक्ता को बिजली दे देते।

इससे शहर में अंडरग्राउंड केबिल के साथ ही पोल पर भी तार पहले की तरह लगे हैं। शहर के अंदर अधिकतर केबिल अंडरग्राउंड के स्थान पर बाहर खुले में पड़ी है। इससे किसी वाहन के गुजरने से केबिलें क्षतिग्रस्त हो रही है और आएदिन फॉल्ट हो रहे हैं।

बिजली कार्यालय के निकट जमीन के ऊपर पड़ी अंडर ग्राउंड केबिल।

33 हजार केवी की अंडरग्राउंड लाइनों में दिक्कत अधिक

- अंडरग्राउंड लाइन को डाल कर विद्युत उपकेंद्रों तक की गई 33 हजार केवी की सप्लाई सबसे अधिक बाधित हो रही है। इसकी वजह ओवरलोडिंग बतायी जा रही है। कुछ लोगों का कहना है कि केबिल की गुणवत्ता खराब होने से फॉल्ट हो रहे हैं। केबिल डालने के दौरान विभाग ने जांच नहीं की। सभी जगह केबिल पड़ने के बाद विभाग ने पास कर दी। इससे कुछ दिन चलने के बाद 33 हजार की अंडरग्राउंड लाइनों में सबसे अधिक फॉल्ट हो रहे हैं। इससे पूरा विद्युत उपकेंद्र ही बंद रहता है।

> बिजली व्यवस्था को वेहतर रखने के लिये शहर में कुछ स्थानों पर पोल से अभी बिजली के खुले तारों को नहीं हटाया गया है। जब शहर की बिजली पूरी तरह से ठीक हो जायेगी तभी इन तारों को उतारा जायेगा। क्योंकि अंडरग्राउंड केबिल में फॉल्ट आने से अभी दिक्कत हो रही है।
>
> मगन सिंह (अधिशाषी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड कन्नौज)

कार्यक्रम में मौजूद अभिभावक व अन्य लोग। अमृत विचार

बच्चे मोबाइल का कम करें प्रयोग: मोनिका

कन्नौज। शहर के मोहल्ला कानूनगोयान स्थित गुरुकुल अकादमी इंटर कॉलेज में अभिभावक मिलन समारोह हुआ। इसमें कई जानकारियां दी गईं। साथ ही स्मार्ट क्लास और ऑनलाइन पढ़ाई के बारे में बताया गया। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। लीड कंपनी के एरिया मैनेजर सत्यवीर सिंह ने अभिवावकों को पढ़ाई के बारे में जानकारी दी। रिलायंस कंपनी के मैनेजर केडी सिंह ने बच्चों की पढ़ाई के लिए बचत किस तरह से करें ये बताया। पूर्व प्रधानाचार्य व सह सचिव आदेश नारायण सक्सेना ने विद्यालय की आख्या पढ़ी और भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। प्रधानाचार्य मोनिका श्रीवास्तव ने अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई, मोबाइल फोन के कम से कम प्रयोग तथा उससे होने वाली परेशानियों के बारे में बताया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक नितीश चंद्र श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

छिबरामऊ। एनएच-34 जीटी रोड स्थित एक हॉस्पिटल के पास गलत साइड से आ रही कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। चालक कार लेकर भाग गया।

नगर की कांशीराम कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय आसिफ पुत्र उमर खान दो वर्षीय भतीजी शिदरा पुत्री राजा तथा रिश्तेदार सोनू पुत्र अख्तर को बाइक पर बिठाकर पूर्वी बाईपास स्थित पेट्रोल टंकी पर बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह बाइक लेकर निजी हॉस्पिटल के पास पहुंचे उसी समय गलत साइड से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना में तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होते ही घटना स्थल पहुंचे परिजनों ने शिदरा व रिश्तेदार सोनू को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। आसिफ को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बाइकों की भिड़ंत में चार लोग हुए घायल

तालग्राम, कन्नौज। कस्बा तालग्राम के मोहल्ला गांधीनगर निवासी अंकित कुमार (23) शनिवार की देर रात बाइक से चौखटा चौराहे से घर लौट रहे थे। तालग्राम इंदरगढ़ मार्ग के एक निजी हॉस्पिटल के सामने ग्राम बरई निवासी सौरभ सिंह (21) की बाइक से भिड़ंत हो गई। घटना में दो बाइकों में सवार चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में बाइक सवार अंकित कुमार को मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया।

सावन आज से, पहला दिन ही सोमवार...सज गए शिवालय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। आषाढ़ माह का समापन हो गया है। आज से सावन शुरू हो गए हैं। पहला दिन ही सोमवार पड़ने की वजह से भक्तों में अपार खुशियां हैं। आचार्य भी इसे शुभ मान रहे हैं। शिवालय भी सज गए हैं। महीनेभर भक्त यहां बेलपत्र, धतूरा, फूल, प्रसाद, दूध आदि अर्पित करेंगे।

सावन में सोमवार का विशेष महत्व है, क्योंकि यह दिन भगवान शिव का प्रिय माना जाता है। इसलिए शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ती है। सावन मास के पहले सोमवार को इसकी भव्यता बढ़ाने के लिए शिव मंदिरों को सजाने और संवारने का काम रविवार देर रात तक पूरा कर लिया गया। शहर के प्रमुख मंदिरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ होगी। शिव मंदिर रंग-रोगन के बाद बिजली की झालरों से सजाए गए है। प्रशासन ने सावन माह में लगने वाले मेले व कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले को जोन व सेक्टरों में बांट दिया है। इन स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेंगे। मंदिरों में रविवार को साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के पूजा-पाठ और पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त की गई है। सुबह पांच बजे से श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। शहर के सिद्धपीठ बाबा गौरी शंकर मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर चौधरियापुर, आंदेश्वर महादेव मंदिर समेत कई मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इसकों लेकर मंदिर कमेटियों की ओर से इंतजाम किए जा रहे।

सिद्धपीठ बाबा गौरी शंकर मंदिर की पुताई करते कर्मचारी। अमृत विचार

सावन को लेकर महादेवी गंगा घाट पर सजी दुकान। अमृत विचार

दौलेश्वर मंदिर में लगेगा भक्तों का तांता

तिर्वा। बाबा दौलेश्वर मंदिर आने वाले शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए। इसके साथ मंदिर समिति ने सफाई व्यवस्था पूरी की। मंदिर पर प्रतिदिन सैंकड़ों भक्त दर्शन करने के साथ विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर मनौती मांगते हैं। सावन में भक्तों की भीड़ हो जाती है। पहले सोमवार को पुलिस ने शिवभक्तों के लिए मंदिर में आने-जाने के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग करा दीं जिससे किसी भक्त को परेशानियों का सामना न करना पड़े। मंदिर मार्ग पर लगने वाले मेले के लिए दुकानदारों ने दुकानें लगानी शुरू कर दी

एक नजर

पत्रकार सहायता समिति की सभी कार्यकारिणी भंग

कन्नौज। पत्रकार सहायता समिति के दिवंगत प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद दुबे को प्रदेश पदाधिकारियों सहित अन्य पत्रकारों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान तय किया गया कि प्रतिवर्ष प्रदेश अध्यक्ष की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सभी ने सर्वसम्मति से प्रदेश सहित अन्य सभी कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग कर दी। साथ ही शीघ्र अगली बैठक बुलाकर नयी कार्यकारिणी के गठन पर मोहर लगायी। इस दौरान कुशल मिश्रा, अभिषेक दुबे, नीरज श्रीवास्तव, राजीव दुबे, जितेन्द्र दुबे, प्रिंस श्रीवास्तव, दिलशाद, प्रभव श्रीवास्तव मौजूद रहे।

सर्प दंश से युवक की हालत बिगड़ी, रेफर

तालग्राम, कन्नौज। थाना क्षेत्र के ग्राम पिड़ारी खेड़ा निवासी सुखराम सिंह (57) पुत्र चंपत लाल रविवार की सुबह सिंचाई के लिए खेतों में साइफन डाल रहे थे। उसी समय सांप ने उनके हाथ में काट लिया। परिजनों ने उनको सीएचसी तालग्राम भर्ती कराया। हालत नाजुक होने पर डॉ. मोनिश अंसारी ने मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

विवाद में दो पक्ष भिड़े महिला सहित दो घायल

तालग्राम, कन्नौज। थाना क्षेत्र के ग्राम भीखमपुर सानी में शनिवार रात राकेश सिंह और राहुल सिंह में मामूली बात को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें विष्णु सिंह (22) पुत्र राजू सिंह व पिंकी (28) पत्नी राहुल घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी तालग्राम भर्ती कराया। जहां से पिंकी की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल कन्नौज रेफर कर दिया। प्रशिक्षु सीओ कपूर कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रंजिश के चलते मां-बेटे को किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और मां बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम पचपुखरा निवासी रामलाल पुत्र राम चरण ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19 जुलाई की दोपहर लगभग एक बजे गांव के रामाऔतार, दशरथ, मुकेश, रामनिवास, रामवती, रीना, प्रतिमा उर्फ यशोदा, वीना ने रंजिश को लेकर उसकी पत्नी अनीता व पुत्र आशीष सिंह के साथ गाली गलौज की। मना करने पर दोनों को मारपीट करने घायल कर दिया और धमकी दी। गांव कोतवाल सिंह, नरेंद्र सिंह, अरविंद ने बीच बचाव कर मां बेटे को छुड़ाया। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बुजुर्ग से मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

कन्नौज। शराब के नशे में घर के बाहर बैठे बुजुर्ग से अभद्रता कर युवक ने मारपीट की। पीड़ित बुजुर्ग ने कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली में युवक समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के बलारपुर गांव निवासी 65 वर्षीय भैयालाल ने बताया कि 28 फरवरी को घर के बाहर बैठा आग ताप रहा था। तभी गांव के विपिन कुमार शराब के नशे में आया और गाली गालौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। कुछ देर बाद विपिन के पिता पहाड़ी और मां मूला देवी ने भी आकर मारपीट की। मामले को लेकर पुलिस को तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर सदर कोतवाली में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

गुरु पूर्णिमा: श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

लोगों ने अपने-अपने गुरुओं का किया पूजन, लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। महादेवी गंगा घाट में गुरू पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान और दान कर पुण्य कमाया। जिलेभर में कई स्थानों पर भंडारा और यज्ञ भी हुए। लोगों ने अपने-अपने गुरुओं की पूजा कर उनसे आशीर्वाद लिया।

रविवार को गुरू पूर्णिमा पर गंगा में स्नान के लिए शनिवार रात से ही कन्नौज के अलावा पड़ोसी जनपदों के श्रृद्धालु महादेवी गंगा घाट पर पहुंचने शुरू हो गए थे। रविवार सुबह चार बजे तक गंगा तट श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। गंगा घाट में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सूर्यदेव को अर्घ्य दिया। स्नान के बाद परिवार सहित लोगों ने गंगा तट पर यज्ञ किए। कई भक्तों ने गंगा तट व सड़क पर भंडारे का आयोजन किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन के पुख्ता इंतजाम किए थे। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सादा कपड़ों में महिला पुलिस कर्मी तैनात रहीं। इस दौरान गंगा तट पर मेले का आयोजन भी किया गया। यहां पर जमकर खरीदारी हुई।

हरदोई-कन्नौज जाने वाले के लिए डायवर्जन: स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस ने डायवर्जन लागू किया। हरदोई जाने वाले वाहनों को नेशनल हाईवे होते हुए बिल्हौर से जाना पड़ा। वहीं कन्नौज आने वाले वाहन भी बिल्हौर होते हुए आए। हरदोई मोड़ से कासिमपुर तिराहा तक नो एंट्री रही। दूसरी ओर वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कानपुर गजियाबाद ग्रीन फील्ड नेशनल हाईवे पर वाहनों का डायवर्जन रहा। इसके अलावा पुलिस की ओर से महादेवी गंगा घाट की ड्रोन से भी निगरानी की गई।

महादेवी गंगा घाट पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

सुंदरकांड के बाद हुआ कन्या भोज और भंडारा

कन्नौज। मानीमऊ स्थित आनंदेश्वर धाम आश्रम परिसर में धूमधाम से गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। सनातन धर्म सेवा समिति व मां दुर्गा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में गुरुदेव पूजन, शिव पूजन व संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इसके बाद कन्या भोज व भंडारा हुआ जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कई जिलों से आए सनातनियों ने अपने गुरु के रूप में पंडित कौशलजी महाराज का आशीर्वाद लिया। पंडित कौशलजी महाराज ने कहा कि गुरु के बिना मानव जीवन अधूरा है। इंसान की सफलता के पीछे किसी न किसी गुरु का मार्गदर्शन होता है। इस दौरान सनातन धर्म सेवा समित के अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला, मां दुर्गा देवी समिति के अध्यक्ष बलराम सिंह बघेल, प्रभात त्रिपाठी, रितु दुबे, दिलीप सिंह सैनी, धीरज तिवारी, अरुण सिंह, अंकित सिंह बघेल, सौरभ पाठक, ब्रजकिशोर त्रिपाठी, शिवांक त्रिपाठी, हिमांशी प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव शामिल हुए।

मां अन्नपूर्णा पर अन्न चढ़ा कर मांगी मनौतियां

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- पूर्णिमा पर आई भीड़ से लगा घंटों जाम
- ठठिया रोड से नहीं निकलने दिए गए वाहन

अमृत विचार। सिद्धपीठ मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर में आषाढ़ी पर लगने वाला एक दिवसीय मेला में भारी संख्या में क्षेत्र सहित आस पास जनपदों के श्रद्धालुओं ने मत्था टेक मनौतियां मांगी। श्रद्धालुओं की भीड़ से आवागमन काफी देर तक बाधित रहा। इसे नियंत्रित करने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लोग मंदिर परिसर की पवित्र मिट्टी खोद कर घरों में ले गए।

पिछले कई दशक से आषाढ़ी पूर्णिमा पर मेला लगता है। इसमें कन्नौज के अलावा जालौन, हमीरपुर, झांसी, औरैया, इटावा, कानपुर, हरदोई, कानपुर देहात, भिंड सहित कई जिलों व मध्य प्रदेश से सटे भाग के श्रद्धालु यहां आकर मां अन्नपूर्णा के चरणों में अपनी उपज अनाज के रूप में अर्पित करते हैं। साथ ही अपने खेतों की पैदावार बढ़ाने के लिए मां अन्नपूर्णा देवी परिसर से मिट्टी ले जाकर अपने खेतों में डालते हैं। मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर परिसर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं से भर गया। रविवार को झांसी, ललितपुर, बांदा के अलावा मुरैना, ग्वालियर के श्रद्धालुओं की भीड़ टोलियां मंदिर में मां के जयकारों के साथ प्रवेश कीं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ प्रियंका बाजपेयी, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष तैनात रहे।

खूब बिके कंडे और आम

तिर्वा। अन्नपूर्णा मंदिर मे दर्शन करने आए लोग अपने खाने के लिए खाना बनाने का इंतजाम करने लगे। कस्बे के कुछ लोगों ने कंडो की दुकान लगाकर उनकी जमकर बिक्री की। इसके साथ ही श्रृद्धालुओं ने जमकर आम खरीद की। आम विक्रेताओं ने आम की कमी को देखकर धीरे-धीरे दाम बढ़ा दिए। देर शाम तक आम 50 से 60 रुपए किलोग्राम तक बिका।

संत निरंकारी सत्संग में मौजूद सत्संगी। अमृत विचार

मां ही होती है हर व्यक्ति की प्रथम गुरुः रजनी बागानी

गुरसहायगंज। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को संत निरंकारी सत्संग हुआ। इसमें कानपुर की रजनी बागानी ने कहा कि सदगुरु ने हमको ब्रह्मज्ञान दिया। जब हमारे जीवन में ब्रह्मज्ञान आता है, तो जीवन में एक सुकून आ जाता है। हम संसार में किसी के साथ बैठ लें। लेकिन वो सुकून नहीं मिलता है। सत्संग में आने से ब्रह्म की प्राप्ति होती है। सभी भ्रम समाप्त हो जाते हैं। हमारे जीवन में गुरु बहुत सारे आते हैं, लेकिन प्रथम गुरु हमारी मां ही होती है। जीवन के हर पड़ाव पर हमको जो कोई भी, कुछ सिखाता है, वो हमारा गुरु हो जाता है। लेकिन सदगुरु एक बार आता है, जो हमे सत्य का बोध कराता है। इसलिए हम सभी को अपना जीवन गुरु को सौंप देना चाहिए। इस दौरान मुखी महात्मा विपिन, देवेन्द्र, विश्राम सागर, शिवा, ईश्वर दयाल, सुरेंद्र, सुशील, पीके, आकाश, आरती, रश्मि, गीता, सुनीता, सेजल, पूनम आदि मौजूद रहे।

स्वामी अखंडानंद सरस्वती को पगड़ी पहनाते जालौन के विधायक गौरी शंकर।

गुरु की दीक्षा के बगैर सभी की पूजा अधूरी

कन्नौज। गुरु की दीक्षा के बगैर सभी की पूजा अधूरी है। उक्त विचार गुरु पूर्णिमा पर मां काली दुर्गा मंदिर सरायमीरा में आयोजित कार्यक्रम में उरई (जालौन) के भाजपा विधायक गौरी शंकर ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रथम गुरु माता-पिता होते हैं। इस अवसर पर स्वामी अखंडानंद ने कहा कि आज का दिन गुरु के स्मरण का दिन होता है। इस दिन गंगा का स्नान, दान और व्रत करना बहुत पुण्य माना जाता है। कार्यक्रम में हरदोई, कन्नौज, मथुरा, झांसी से कमल अग्रवाल, श्याम तिवारी, रामजी दुबे, रमाकांत शास्त्री, अभिषेक चतुर्वेदी, शिवम राठौर, रामजी शर्मा, शांतन मिश्रा, बांबे शुक्ला रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

संवाददाता, तालग्राम, कन्नौज

- अतरौली मोड़ के पास हुई दुर्घटना

अमृत विचार। बाइक सवार मजदूर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम अतरौली निवासी रमाकांत सक्सेना उर्फ रामू (45) पुत्र सुखवासी लाल रविवार की शाम बाइक से सब्जी लेकर घर लौट रहा था। उसी समय छिबरामऊ की ओर जा रहे अज्ञात वाहन ने तालग्राम-छिबरामऊ मार्ग स्थित अतरौली मोड़ के पास पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी तालग्राम में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गई। आनन फानन में परिजन सीएचसी तालग्राम पहुंच गए। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी (प्रशिक्षु सीओ) कपूर कुमार पुलिस बल के साथ स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए। उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक मजदूर रमाकान्त सक्सेना के दो पुत्री मनीषा (20) व निशा (10) है। एक पुत्र अमर सक्सेना (18) है। पत्नी धनदेवी पति की मौत से बेसुध है। प्रशिक्षु सीओ ने बताया कि शव का पोस्मार्टम कराया गया है।

सड़क निर्माण रोकेने से आक्रोश

संवाददाता, जलालाबाद, कन्नौज

अमृत विचार। हाईवे से जलालाबाद तक बन रही लिंक रोड को रास्ते में ग्रामीण की ओर से रोके जाने से लोगों में रोष है। इससे स्थानीय लोगों ने भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों से सड़क निर्माण को पूरा कराए जाने की मांग की।

रविवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश सचिव कयूम खान के नेतृत्व में मंडल उपाध्यक्ष हाशिम अली, महिला जिलाध्यक्ष पिंकी तिवारी, जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर बैठक की और समस्या को सुना। मामले में बताया गया है कि सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीण ने बीच में एक दीवार उठा दी और सड़क को दूसरे स्थान से निकालने की बात कह रहा है। जिससे सड़क का निर्माण रुक गया है। इस पर भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने उच्चाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्या के निस्तारण की मांग की और ग्रामीणों को हर संभव मदद का ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष मकबूल अहमद ने कहा कि यदि सड़क का निर्माण नहीं हुआ तो इसके विरुद्ध धरना-प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान दीपू तिवारी, पिंकी राजपूत, रामप्रकाश कुशवाह, रामशंकर, महेश चंद्र, सोनू बाथम मौजूद रहे।

ग्रामीणों के साथ बैठक करते भाकियू लोकशक्ति के पदाधिकारी। अमृत विचार

खेलकूद

हाजी मजरुद्दीन मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट इमरान बिन जफर ने किया उद्घाटन

हिमांशु व अनस क्रिकेट क्लब की टीमों ने जीते अपने मैच

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के कांशीराम कॉलोनी के पीछे शुरू हुए मरहूम हाजी मजरुद्दीन मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर बसपा नेता इमरान बिन जाफर ने उद्घाटन किया। शनिवार की रात खेले गए दो मैचों में हिमांशु व अनस क्रिकेट क्लब की टीमों ने अपने अपने मैच जीतकर दमखम दिखाया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक जीशान उर्फ इम्मी, अशरफ व राजू मास्टर ने बताया कि मरहूम हाजी मजरुद्दीन मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन का पहला मैच हिमांशु व साहिल क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। साहिल क्रिकेट क्लब की टीम ने अपने निर्धारित 10 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 97 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हिमांशु क्रिकेट क्लब की टीम ने 8.2 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच जीत लिया। हिमांशु क्रिकेट क्लब की टीम के प्रशांत को चार विकेट और 12 रन बनाने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसके बाद शुरू हुआ दूसरा मैच कमालपुर और अनस क्रिकेट क्लब की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए कमालपुर की टीम ने 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 87 रनों का स्कोर बनाया। दूसरी पारी में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नजारा कराते हुए अनस क्रिकेट क्लब की टीम ने महज 6 ओवर में दो विकेट खोकर मैच जीत लिया। अपनी टीम के लिए विस्फोटक पारी खेलकर 67 रन बनाने वाले मोहसिन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन के दौरान इमरान बिन जफर व अन्य।

संकुल टीटी व योगा प्रतियोगिता हुई

जलालाबाद, कन्नौज। जवाहर नवोदय विद्यालय में 19 व 20 जुलाई को संकुल स्तरीय टीटी और योगा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इसमें आगरा संकुल के कुल 08 विद्यालय के 78 विद्यर्थियों ने भाग लिया। दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में कुल चयनित 36 विद्यार्थी क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। टीटी के चयनित प्रतिभागी क्षेत्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। प्राचार्य ने बच्चों के चहुंमुखी विकास पर जोर दिया। प्राचार्य के मार्गदर्शन में खेल शिक्षक सुशील कुमार और सुषमा पाल कुशलता पूर्वक अपने उत्तर दायित्व का निर्वहन किया। कर रहे थे। संचालन डॉ. संतोष कुमार सिंह ने किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **सायरा बानो पत्नी सोहराब खां निवासी ग्राम सरैया, पोस्ट-बंधुआकलां, परगना-मीरानपुर, तहसील सदर, जिला-सुलतानपुर** मैने एक बैनामा गाटा 0-414/2मि0 क्षेत्रफल-0.0050 हे0 स्थित ग्राम- गोराबारिक, परगना-मीरानपुर, तहसील सदर, जिला-सुलतानपुर का लिया है। मैने उक्त बैनामा शालिनी अल्ला पत्नी मो0 नजरे आलम से दिनांक 02.03.2021 डीड नं0-2480 को लिया है। उक्त मदर डीड जो शालिनी अल्ला ने मो0 इरसाद खां पुत्र मो0 नसीर खा से खरीदा था जिसका बैनामा दिनांक 24.04.2014 बुक जिल्द नं0-5832, पेज नं0-1-16 डीड नं0-3384 जिला-सुलतानपुर वास्तव में खो गयी है।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरा इंटरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वर्ष 2023 रोल नंबर 2237223150 वास्तव में खो गया है। **विवेक कुमार तिवारी पुत्र दिनेश कुमार तिवारी परसिया आलम राम नगर खुजुरी पयागपुर बहराइच**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **सुरेश कुमार सिंह पुत्र रामबख्स सिंह निवासी सिंगरिया संभालपुरवा थाना परसपुर जिला गोंडा** मेरे अपने पुत्र अंकुर कुमार सिंह को अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसका चाल-चलन ठीक नहीं है, वह शराबी है और उसकी संगत गलत लोगों के साथ है। 2021 से घर नहीं आया। परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। उसके द्वारा किसी भी कृत्य, लेनदेन से मेरा व परिवार के अन्य लोगों का वास्ता सरोकार नहीं है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं **सुरेश कुमार सिंह पुत्र रामबख्स सिंह निवासी सिंगरिया संभालपुरवा थाना परसपुर जिला गोंडा** मेरे अपने पुत्र अंकुर कुमार सिंह को अपने समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसका चाल-चलन ठीक नहीं है, वह शराबी है और उसकी संगत गलत लोगों के साथ है। 2021 से घर नहीं आया। परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं है। उसके द्वारा किसी भी कृत्य, लेनदेन से मेरा व परिवार के अन्य लोगों का वास्ता सरोकार नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मेरे दो पुत्र अमित कुमार व देवेन्द्र कुमार पुत्र पुत्रगण मेवालाल अनुरागी है। देवेन्द्र कुमार को दो डंफर खरीदकर देने के बाद उसे अपनी संपत्ति का हिस्सा देकर अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। देवेन्द्र का चाल-चलन सही न होने के कारण उससे व उसकी पत्नी पूजा से मेरा कोई सरोकार वास्ता नहीं है अपने कृत्य के देवेन्द्र उसकी पत्नी पूजा स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-मेवालाल पुत्र नथुआ अनुरागी नि0 विवेक नगर कबरई, जि0 महोबा।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **संजीव कुमार पुत्र स्व0 तेज प्रताप, निवासी- शाहगंज मुकीमपुर उफा पहाडपुर, तहसील- बीकापुर जनपद अयोध्या** मेरे पिता तेज प्रताप का हाईस्कूल अनुक्रमांक 1661427 क्रमांक 087329 का हाईस्कूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

आवश्यकता है

श्री नारायण सिंह महाविद्यालय
ककरघटा, शाहाबाद, जिला- हरदोई
(सम्बद्धता - लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)

बी.बी.ए. / बी.सी.ए पाठ्यक्रम
सहा. आचार्य (बी.बी.ए.) 03 पद
सहा. आचार्य (बी.सी.ए.) 03 पद

शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान- राज्य सरकार / यू0जी0सी0 के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र मय शैक्षिक प्रमाण पत्रो की प्रमाणित प्रतियो, चार फोटोग्राफ व आधार कार्ड के साथ आवेदन करें।

प्रबंधक -9415564041

ज्वाला प्रसाद सिंह महाविद्यालय
महादेव नगर ,नानेमऊ सुलतानपुर

में आवश्यकता है-
प्राचार्य पद हेतु।
योग्यता एवं वेतनमान - यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार ।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने अन्दर अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व-हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं दो स्वः पता लिखा लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबंधक
मो0नं0- 9792630538

सतगुरु संत अनंत हैं, प्रभु से कर दें मेल

जिले भर में रही गुरु पूर्णिमा की धूम, हवन-यज्ञ के बाद लगाए भंडारे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

गुरु पूर्णिमा पर्व पर यज्ञ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में रविवार को गुरुपूर्णिमा का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। दिबियापुर नगर के रामगढ़ रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ (आश्रम) पर गुरु पूर्णिमा पर्व पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में 3 पालियों में दो सैकड़ा से अधिक लोगों ने आहुतियां डालीं। 5 लोगों ने गुरुदीक्षा ली, 2 लोगों का यज्ञोपवीत संस्कार, पुंसवन संस्कार व विद्यारंभ संस्कार कराया गया। इसके पहले अखंड जप में परिजनों ने गायत्री मंत्र का जाप किया। अंत में विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

जिला समन्वयक डॉ. हरी बाबू गुप्ता व परिव्राजक प. उमेश चंद्र ने यज्ञ संपन्न कराया। पंकज शर्मा, विश्वनाथ गुप्ता, जीके गुप्ता, सुनीता तोमर, जावित्री देवी, चंद्रा देवी शर्मा, दिनेश त्रिपाठी, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. संगीता गुप्ता, भानु शर्मा, अजय गुप्ता, नीरज राजपूत, दीपक गुप्ता, गौरव शर्मा, राधा बाथम, संजीव गुप्ता, राजेन्द्र बहादुर, अलकेश यादव, अशोक तिवारी, हरिओम यादव, योगेश दोहरे, रामचंद्र शुक्ला, जय गोपाल पांडेय, एसके तिवारी, रामनरायन सविता, सुरेंद्र अनमोल, सियाराम, अमित गुप्ता, आलोक बाबू गुप्ता, डॉ. सपना गुप्ता, मोनिका गुप्ता, अपर्णा पाल, बबिता गुप्ता, मुन्नी भदौरिया, रेखा गुप्ता, पूनम मिश्रा, रजनी गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता, परिव्राजक जयप्रकाश, गगन पोरवाल, नंद किशोर विश्नोई, जगदीश आदि का सहयोग रहा।

गुरु पूर्णिमा पर हवन पूजन व भंडारे का आयोजन

अछल्दा। कस्बा में गुरु पूर्णिमा पर जगह-जगह हवन पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर शिरकत की। कस्बा के हरीगंज बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर भंडारे आयोजन किया गया। वहीं गायत्री परिवार की ओर से सैकड़ों की संख्या में हवन पूजन कराया गया। इसके बाद नहर बाज़ार स्थित डॉ. भीम राव आंबेडकर को गुरु मानकर माला पहनाकर गुरुपूर्णिमा मनाई। इसी बीच नीलू ने कहा कि गुरु का एक अलग सम्मान होता है और गुरु जैसा कोई नहीं हो सकता। स्टेशन रोड पर सीता राम मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया गया। अखिलेश शर्मा, महेंद्र गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अंकित पोरवाल, जितेंद्र गुप्ता, रामजी गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया।

मंदिरों में दर्शन कर किया गुरुदेव का पूजन

संवाददाता अजीतमल, औरैया

मंदिर में विग्रह का दृश्य। अमृत विचार

गुरुचरणों में शीश नवाते शिष्य। अमृत विचार

अमृत विचार। अषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा एवम वेद व्यास के जन्मदिन के रूप में मनाई जाने वाली गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु की आराधना होती है। शनिवार को अर्धरात्रि से गुरु पूर्णिमा का पर्व शुरू हो गया। पंचनद धाम बाबा साहब मंदिर, कालेश्वर मंदिर और कर्णखेरा, मझखरा मंदिर आश्रम अजीतमल में प्रतिष्ठित मन्दिरों पर भक्तगणों ने पहुंचकर पूजन अर्चन कर अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। हनुमान मंदिर बबाइन में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। रविवार को सुबह विशेष आरती के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।

मात-पिता का नाम रोशन करना ही सच्ची गुरु दक्षिणा : प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज आश्रम आजादनगर स्थित शाखा में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। ब्रह्माकुमारीज संजू बहिन ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान परमात्मा से ऊपर है। गुरु पूर्णिमा के पश्चात चातुर्मास शुरू होता है। भारतीय संस्कृति में यह विधान है कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए बाहरी खानपान को रोका जाए। शाखा की प्रबंधिका ब्रह्माकुमारी संजू दीदी ने कहा कि गुरु दक्षिणा के रूप में आप सभी अपने संकल्प, बोल और कर्म से अपने माता पिता का नाम रोशन करें, मैं सिर्फ यही चाहती हूं।

रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए दर-दर भटक रहा ग्रामीण

संवाददाता अजीतमल, औरैया

- 16 जुलाई को एसडीएम ने कोतवाली प्रभारी को दिए थे रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

अमृत विचार। सूबे के मुखिया जहां एक ओर पीड़ितों को हरसंभव न्याय मिलने का वायदा करते हैं वहीं कुछ विभागों के अधिकारी-कर्मचारी इस बात पर पानी फेरते देखे जा सकते हैं। सूबे के मुखिया के तमाम आदेश के बाबजूद भी पीड़ितों को कोतवाली सहित अन्य विभागों के चक्कर काटते हुए अक्सर देखा जा सकता है।

ऐसी ही एक मामला अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी के साथ भी देखने को मिल रहा है। पीड़ित बीते 5 दिनों से कोतवाली के चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि उपजिलाधिकारी अजीतमल ने कोतवाली प्रभारी को बीते 16 जुलाई को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था।

कस्बा क्षेत्र के गांव बरुवाई निवासी पीड़ित विजय सिंह पुत्र लाल सिंह ने बताया कि उसने अपने मौजा बरुवाई में गाटा संख्या 73 व 348 पर सरकारी बंटवारा करवाया था। बंटवारा पूर्ण होने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जाकर सरकारी खुट्टी लगा दी थी और पीड़ित को कब्जा भी दिलवा दिया था। इसके बाद विपक्षी नामजद लोगों ने पक्की सरकारी खुट्टी उखाड़ दी तो पीड़ित ने उपजिलाधिकारी अजीतमल को शिकायती पत्र दिया। इस पर उपजिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक से जांच आख्या मांगी। जिस पर राजस्व निरीक्षक ने 15 जून को उपजिलाधिकारी को जांच रिपोर्ट ने सरकारी खुट्टी उखाड़ने का जिक्र किया। कोतवाली प्रभारी राज कुमार सिंह ने बताया मामला उनकी जानकारी में नहीं है। जानकारी कर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

किसान की विद्युत पोल में उतरे करंट से मौत

एरवाकटरा, औरैया। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नहरा बोझ निवासी मृतक 49 वर्षीय सर्वेश कुमार पुत्र हाकिम सिंह कल शनिवार की रात के 9 :00 बजे अपने खेत में खड़ी धान की पौध आवारा जानवरों से रखवाली करने गए थे जब वह लौट के घर वापस नहीं आए तो परिवारी जनो ने रात भर उनकी काफी खोजबीन की इनका कोई पता नहीं चला आज रविवार दोपहर म 1 बजे मृतक के घर वाले खेतों पर गए तो देखा मृतक सर्वेश कुमार का शरीर विद्युत पोल से चिपका हुआ था।आनन फानन लाइनमैन से बिजली कटवाई गई।तब इनका शब विद्युत पोल से हटाकर कच्चे चक मार्ग पर रखा गया। आज शांय 3 :30 बजे थाना पुलिस ने इनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक की 20 वर्ष की एक पुत्री कुमारी रश्मि व छोटे-छोटे तीन लड़के संजीव, राजीव, राजवीर, पत्नी कमलेश देवी का रो रो कर हाल है। ग्राम वासियों ने बताया कि मृतक की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। शासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।

संपूर्ण समाधान दिवस आज

औरैया। शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। बीते शनिवार का समाधान दिवस दिनांक 22 जुलाई 2024 को यानी कि आज जनपद के तहसील बिधूना में जिलाधिकारी डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी तहसील बिधूना में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।

बिजली के तार पर गिरी पेड़ की डाल, सप्लाई बाधित

इटावा। यहां कचहरी के पास रविवार की दोपहर में एक पेड़ की डाल बिजली के तारों पर गिर गई। इससे केबिल में फाल्ट आ गया और इससे मैनपुरी फाटक के फीडर न. 1 की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। इसकी सूचना पर बिजली विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत करके बिजली सप्लाई बहाल की। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक इस क्षेत्र की बिजली बंद रही। रविवार की दोपहर कचहरी के पास मुख्य सड़क पर एक पेड़ की डाल टूटकर वहां से गुजरे बिजली के तारों पर गिर पड़ी। इसके चलते बिजली की केबिल क्षतिग्रस्त हो गई और इस क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद हो गई। इसकी सूचना बिजली विभाग कोमिलते ही जेई विनोद यादव के निर्देशन में तत्काल जेसीबी बुलाकर मरम्मत का कार्य किया गया। पेड़ की डाल को अलग किया गया और बिजली स प्लाई बहाल की गई। हालांकि इस दौरान लगभग डेढ घंटे तक इस क्षेत्र की बिजली गुल रही जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

थाना प्रभारी ने आरोपों को बताया निराधार

ताखा, इटावा। ऊसराहार थाना प्रभारी मंसूर अहमद का कहना है कि मृतक के पिता का पुलिस पर हड़काने का आरोप निराधार है। मृतक के गले में फांसी का फंदा घर की साड़ी से लगा मिला, फॉरेंसिक टीम से मौके पर नमूने एकत्रित कराए गए हैं। प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, इसलिए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। मृतक के पिता, बड़ा भाई दीपक व दो अन्य परिजन किशोरी भगाने के मामले में नामजद हैं, दो दिन पहले ही मां बेटा घर आए थे। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

गोवंश से टकराकर बाइक सवार घायल

जसवंतनगर। क्षेत्र के सिरसा श्यामनगर गांव के रहने वाले सत्यम मिश्रा देर शाम इटावा से घर वापस लौट रहे थे, तभी कचौरा बाईपास पर स्थित रेलवे पुल क्रॉस करते ही सड़क मार्ग पर अचानक से गोवंश का झुंड सामने आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गोवंश से टकराकर पलट गई। जिससे बाइक सवार के हाथ व पैर में गंभीर चोटें आईं और बाइक भी टूट गई। घायल हुए युवक को सीएचसी ले जाया गया जहां से परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

युवक के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

बकेवर। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम दाउदपुर निवासी रोहित कुमार ने थाने में मामला दर्ज कराया कि वह भरथना रोड भगवती गेस्ट हाउस के पास खडे हुए थे। शुक्ला टेन्ट हाउस से लोडर पर सामान लेकर आ रहे उसमें बैठे विद्या विहार मुहाल बकेवर निवासी अजय पुत्र होरीलाल, सत्येन्द्र पुत्र नीरज व अर्पित पुत्र रतन सिंह ने लाठी डंडो से हमला कर दिया और गाली गलौज करने लगे। इस मारपीट के बाद जब लोग इकट्ठे होने लगे तो उपरोक्त लोग भाग गये। थाना पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराकर मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता अजीतमल, औरैया

परिजनों से पूछताछ करते सीओ राममोहन शर्मा। अमृत विचार

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के सोनासी गांव में घर के कमरे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे फांसी से उतारा।

सोनासी गांव निवासी रामनरेश कुशवाहा किसान हैं। बड़े पुत्र अवधेश का विवाह हो चुका है। छोटा पुत्र सर्वेश कुशवाहा (25) बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। कंपनी में काम करने के रुपये न मिलने पर वह करीब डेढ़ माह पहले घर लौट आया था और काफी परेशान था। शनिवार की शाम सभी लोग खाना खाकर बाहर बैठ गए। सर्वेश कमरे में था। आवाज देने पर जब वह नहीं बोला तो अंदर से बंद कमरे की खिड़की से देखा। सर्वेश रस्सी के सहारे कमरे में लगे पंखे से लटका हुआ था। सीओ राम मोहन शर्मा, अनंत राम चौकी प्रभारी जयेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। कमरे में किसी जहरीले पदार्थ के रैपर और पानी की बोतल भी मिली है। अनुमान है कि पहले किसी जहरीले पदार्थ का सेवन किया फिर फांसी लगा ली।परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। सीओ राम मोहन शर्मा ने बताया कि सर्वेश ने रस्सी से लटक कर आत्महत्या की है। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

सीमांकन के लिए लगाई खुटी उखाड़ने का केस दर्ज

अजीतमल। कस्बा क्षेत्र के गांव सेंगनपुट्टा निवासी रामस्वरूप की ओर से दी गई तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही आफताब अहमद खां और इरशाद अहमद खां के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव स्थित गाटा संख्या 1055 की खेत की मेड़ आदि काटकर, अपनी ओर मिला लिए जाने का आरोप लगाते हुए रामस्वरूप की ओर से उपजिलाधिकारी न्यायालय में वाद दायर किया गया था। जिसके परिपेक्ष्य में राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन करते हुए, बीते 06 मार्च को पक्की खूंटी लगाई गई थी। आरोप है कि आरोपियों ने खूंटी उखाड़ कर फेंक दी। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

युवती ने व्यापारी, उसके दोस्तों पर परेशान करने का लगाया आरोप

संवाददाता अजीतमल, औरैया

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने नगर के एक प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी और उसके दोस्तों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। युवती का कहना है कि आरोपी की हरकतों से उसकी और उसके परिवार की समाज में छवि खराब हो रही है। पुलिस ने युवती की तहरीर पर व्यापारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक मोहल्ले की रहने वाली युवती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला आशीष गुप्ता रात को दो दो बजे खिड़की से तेज चिल्लाता और रोता है जिससे मोहल्ले में उसके और मेरे परिवार की छवि खराब हो रही है। यह भी आरोप लगाया कि जब मेरी मां और छोटी बहन छत पर जाती हैं तो आशीष अपने घर में लगाए सीसीटीवी कैमरे में देख कर छत पर आ जाता है और तालियां बजाकर चिल्लाने लगता है।

8 महीने पहले लापता हुआ था व्यापारी

व्यापारी आशीष गुप्ता पहले 14 नवंबर 2023 को अचानक कहीं लापता हो गया। इससे बाद उसका युवती के पिता से परेशान होकर आत्महत्या किए जाने का वीडियो वायरल हुआ है। इसके बाद आशीष गुप्ता दो दिन बाद पुलिस के सामने आया था। और पंचायत के बाद मामला शांत हो गया था।

साथियों के साथ नदी में नहाने गए बच्चे की डूबने से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

शिव।

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम माधव सिंह पूर्वा के चार बच्चे सहायल क्षेत्र में नदी में नहाने गए थे जहां गहरे पानी में जाते ही बच्चे पानी में डूबने लगे। ग्रामीणों ने देखा तो तत्काल नदी में कूद गए और तीन बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। लेकिन एक बच्चा काफी देर बाद मिला जिसे 100 शैय्या अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे की पहचान शिव (10) पुत्र रणवीर सिंह तोमर निवासी माधौ सिंह पूर्वा और साथ के ही तीन सकुशल बरामद बच्चे बीटू उर्फ अंश पुत्र अजय तोमर , नैतिक पुत्र योगेश तोमर वर्ष ,राघव पुत्र रज्जन सिंह निवासीगण माधव सिंह पूर्वा उपरोक्त बच्चे सहायल थाना क्षेत्र के मलगंवा गांव के जमनिया घाट पर नहाने गए थे। सीओ सिटी महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तीन बच्चों को ग्रामीणों ने सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया और एक बच्चे की मौत हो गई है। दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि मृतक बच्चे के परिजन ने शव का पोस्टमार्टम नही कराया और घर ले गए।

बच्चों ने मौज-मस्ती के साथ मनाया रेनी डे

संवाददाता फफूंद, औरैया

रैनी डे मनाते विद्यार्थी। अमृत विचार

अमृत विचार। फफूंद के एक्सिस पब्लिक स्कूल में प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों ने मौज-मस्ती और उत्साह के साथ रैनी डे मनाया। एलकेजी और यूकेजी के बच्चों अद्विका, जारा, कार्तिक, तान्या ने रॉकिंग संगीत पर रेन डांस का आनंद लिया।

रंग-बिरंगी गेंदों और गुब्बारों ने उनका उत्साह बढ़ा दिया। रेनकोट, गमबूट और छाते पहने का आनंद लिया। प्री-नर्सरी और नर्सरी के बच्चे ओजस, कनक, कार्तिके, कार्तिक, आदर्श, रिया ने बारिश के गीतों और तुकबंदी पर जमकर डांस किया। प्रधानाचार्य गुरमीत सिंह सोढ़ी ने बताया वर्षा मानव के लिए अति महत्वपूर्ण है क्योंकि पानी के बिना जीवन संभव नहीं है। वर्षा से फसलों के लिए पानी मिलता है तथा सूखे हुए कुएं, तालाबों तथा नदियों को फिर से भरने का कार्य वर्षा के द्वारा ही किया जाता है। इसीलिए कहा जाता है कि जल ही जीवन है।

उप प्रधानाचार्य शिवम त्रिपाठी, पीटी टीचर अंकित अवस्थी, एक्टिविटी इंचार्ज खुशी त्रिपाठी, परीक्षा प्रभारी सुदीप कश्यप, कोऑर्डिनेटर तान्या त्रिपाठी, कार्यालय हेड कारण यादव, पूजा पोरवाल, देवराज दुबे आदि अध्यापक गण उपस्थित रहे ।

एक पेड़ मां के नाम

ग्राम प्रधान से गांववासियों को पौधों की देखभाल करने के लिए किया प्रेरित

दूसरे दिन ग्राम पंचायत बूढ़ादाना में रोपे गए 300 पौधे

पौधारोपण करते मोहित सिकरवार। अमृत विचार

पौधारोपण करते वन विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

संवाददाता, ककोर

अमृत विचार। जिले में वृक्षारोपण के दूसरे दिन भी ग्राम पंचायत बूढ़ादाना के ग्राम प्रधान मोहित सिकरवार ने अपनी ग्राम पंचायत में 300 से अधिक पौधो का रोपण कराया। सभी पंचायत वासियों से अनुरोध किया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और उनका बेहतर ढंग से पालन पोषण भी करना ग्राम प्रधान ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए। उनका पालन-पोषण अपने बच्चों की तरह करना चाहिए।

वन विभाग ने एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधारोपण

बिधूना। गत दिवस प्रदेश में 36 .50 करोड़ पौधरोपण के लक्ष्य के अनुरूप एक पेड़ मां के नाम, वृक्षारोपण जन अभियान के तहत बिधूना रेज के अंतर्गत गपकापुर वन ब्लाक में सुखलाल भारती नोडल अधिकारी औरैया द्वारा पीपल, अमरूद आदि पौधे रोपित किए गए। वन क्षेत्राधिकारी अंगद सिंह, उप संभागीय अधिकारी सामिर खान, उपजिलाधिकारी हरिश्चंद्र, डिप्टी रेंजर डीएस गौतम, जिला विकास अधिकारी औरैया, डीसी मनरेगा आदि अधिकारियो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

जन्मदिन पर समाजसेवी ने किया पौधारोपण

बिधूना। शनिवार को नगर एवं क्षेत्र के समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉक्टर एसपी सिंह ने एक पेड़ मां के नाम से पौधरोपण के साथ सादगीपूर्ण ढंग से अपना जन्मदिन मनाया। उनके शुभचिंतकों ने उनके रामलीला मैदान स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके दीर्घायु की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि सभी को अपने जन्मदिन, शादी व अन्य खास अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। रनवीर सिंह, रामपाल सिंह, जैकी चौहान, अवनीश भदौरिया, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, अनुपम प्रताप सिंह, आनंद प्रताप सिंह गौर, आरके शाक्य, रामजी सेंगर, गौरव भदौरिया, विनोद भदौरिया, ठाकुर पवन सिंह आदि ने डॉक्टर एसपी सिंहको युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा श्रोत बताया।

पौधारोपण करते भागवताचार्य आचार्य मनोज अवस्थी एवं अन्य। अमृत विचार

समिति के पदाधिकारियों ने आश्रम में चलाया पौधरोपण अभियान

औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा गुरु पूर्णिमा पर रविवार को औरैया नगर से लगभग 3 किलोमीटर दूर फफूंद रोड पर पूर्व दिशा में स्थित उमा प्रेम सत्संग आश्रम में पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय भागवताचार्य आचार्य मनोज अवस्थी के साथ समिति के सदस्यों व गुरु के शिष्यों द्वारा पीला चंदन, रुद्राक्ष, आम, हरसिंगार, सफेद चंदन, बेलपत्र आदि पौधे रोपे गए। पंडित मनोज अवस्थी ने कहा कि पेड़-पौधों की हमारे जीवन में अहम भूमिका है।इनके बिना मानव जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरु) द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये गए। समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता, प्रतिभा अवस्थी, आचार्य केशवम अवस्थी, दिनेश शिवहरे, बैंक से सेवानिवृत योगेश गुप्ता, हिमांशु दुबे, देवेंद्र आर्य, ऐश्वर्य मिश्रा व मयंक राठौर मौजूद रहे।

बुलेट बाइकों के शोर से लोग परेशान

अछल्दा। पटाखा बुलेट बाइकों के शोर से शहर में बच्चे, बुजुर्ग सहित आम लोग परेशान हैं। बावजूद इसके पुलिस और परिवहन विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। नई बुलेट खरीदने के बाद युवा उसे बाइक मिस्त्री के पास ले जा रहे हैं। वहां उसका साइलेंसर बदलवा रहे हैं। बुलेट के दोनों ओर दो बड़े बड़े प्रेशर हार्न लगवाए जा रहे हैं। यह सब काम पंजीकरण से पहले करवाए जा रहे हैं। उससे कस्बे और गांव की गलियों बुलेट के साइलेंसर से पटाखे जैसे आवाज छोड़ना, तेज गूंज की आवाज को युवा अपनी शान समझ रहे हैं। यह तेज आवाज लोगों के लिए परेशानी का सबब बन रही है। एआरटीओ की ओर से भी मोडिफाई की गई इन पटाखा बुलेटों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आरटीओ अशोक कुमार का कहना है कि अभियान चलाकर बुलट बाइकसवारो का चालान किया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

बुजुर्गों की आबादी

दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश भारत में पिछले 50 वर्षों में लगातार जनसांख्यिकीय परिवर्तन के कारण 60 वर्ष से अधिक आयु की आबादी में लगातार वृद्धि हुई है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या (यूएनएफपीए) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में बुजुर्गों की आबादी 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। चिंता की बात है बुजुर्गों की आबादी में वृद्धि के साथ ही देश भर में रुग्णता और मृत्यु दर का अभूतपूर्व बोझ भी आएगा। ऐसे में उनके लिए गरीबी बड़ी समस्या रहेगी। वास्तव में देश में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी सरकार के लिए चिंता की बात है। ऐसे में बुजुर्गों को खास ध्यान में रखकर अभी से नीतियां बनाने की जरूरत है ताकि उन्हें स्वास्थ्य सेवा आवास और पेंशन मिल सके। इसकी जरूरत खासकर बुजुर्ग महिलाओं को रहेगी, जो बुढ़ापे में अकेली पड़ सकती हैं। यूएनएफपीए- इंडिया की प्रमुख एंड्रिया वोजनार ने कहा है कि देश में खासकर बुजुर्ग महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवा, आवास और पेंशन में अधिक निवेश किए जाने की जरूरत है। भारत में बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य तक पहुंच की मुख्य चुनौतियों में शारीरिक बाधाओं में कम गतिशीलता, सामाजिक जुड़ाव में कमी और स्वास्थ्य प्रणाली की सीमित पहुंच शामिल हैं। साथ ही भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली में स्वास्थ्य व्यय के लिए दी जाने वाली वित्तीय सुरक्षा की सीमाएं शामिल हैं।

बुजुर्गों के सामने आने वाली स्वास्थ्य और सामाजिक स्थितियां, स्वास्थ्य तक पहुंच में एक और सामाजिक बाधा है, जो भारतीय मामले में अनोखे तरीकों से प्रकट होती है बुढ़ापे में स्वस्थ और कार्यरत दोनों रहने की विरोधाभासी चुनौतियों का सामना करते हैं। बुजुर्गों का गिरता स्वास्थ्य और ऊर्जा नियोक्ताओं को उन्हें नियमित कार्यबल में काम पर रखने से हतोत्साहित करती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां रोजगार के अवसर आम तौर पर अवसर कम होते हैं। वोजनार ने कहा कि भारत में 2050 तक 50 प्रतिशत शहरी आबादी होने का अनुमान है। ऐसे में वायु प्रदूषण समेत दूसरी पर्यावरणीय समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। इनसे निपटने के लिए भी स्मार्ट शहरों, मजबूत बुनियादी ढांचे और किफायती आवास का निर्माण महत्वपूर्ण है। भारत में सामाजिक सुरक्षा का कोई जनसंख्या-व्यापी तंत्र नहीं है। भारत की दृष्टि से जलवायु परिवर्तन के अनुसार बदलाव को विकास योजनाओं में शामिल करना महत्वपूर्ण है। शहरी योजनाओं में महिलाओं की सुरक्षा संबंधी जरूरतों, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा एवं नौकरियों तक पहुंच को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ताकि लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सके।

बाढ़ और सुखाड़ का संबंध जल प्रबंधन से

गुंजन मिश्र
पर्यावरणविद

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था। अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए।

किसी भी देश में बाढ़ और सूखे जैसी समस्याओं से हर वर्ष आम आदमी का परेशान होना, ये जाहिर करता है कि पानी का प्रबंधन राज और समाज के द्वारा बेहतर तरीके से नहीं किया जा रहा है। तभी हर वर्ष हज़ारों करोड़ रूपये की संपदा का नुकसान होना, सैकड़ों लोगों का मौत के मुंह में जाना, इस बात की पुष्टि करता है कि, आज़ादी के 70 साल बाद भी हम इन बारिश की बूंदों से उत्पन्न आपदाओं से मुक्ति न पा सके। इतना ही नहीं भूमिगत जल को निचोड़ कर धरती का पेट खाली कर देना, अब नई तरह की समस्याओं को जन्म दे रहा है। गर्मियों के मौसम में देश की नदिया पानी की कमी व प्रदूषण के कारण से सिकुड़ती जा रही है एवं बारिश के समय बांधों के बाबजूद नदियों में बाढ़ का आना प्राकृतिक असंतुलन की तरफ इशारा करता है।

वैसे देखा जाए तो जीवन की उत्पत्ति पानी से ही हुई है, और अगर पृथ्वी पर जीवन की महत्ता के बारे में, प्रकृति के नियम जो बाढ़-सुखाड़ से संबंधित है, उनका वर्णन ब्रह्मवैवर्त पुराण में दिया गया है। जिसको एक प्राचीनतम पुराण माना गया है। इस पुराण का आध्यात्मिक महत्व और वैज्ञानिक महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में समस्त भू-मंडल, जल-मंडल और वायु-मंडल के सभी जीवों के जन्म-मरण और पालन पोषण का वर्णन किया गया है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार सृष्टि में असंख्य ब्रह्मांड है। वैज्ञानिक भी इस बात का समर्थन करता है। इस पुराण के अनुसार प्रकृति ईश्वर की कृति है, इसलिए जब भी हम धरती पर कोई भी योजना या परियोजना का निर्णय लेते है तब नीति निर्माताओं को डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाते समय यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रकृति वास्तव में ईश्वर की कृति है। और जब हम प्रकृति को नुकसान पहुंचते है या खनिजों का दोहन करते है तब ये बात ध्यान में रखनी चाहिए कि हमारा मुकाबला किसके साथ है। अक्सर यह देखा गया कि वैज्ञानिको व इंजीनियर्स ने प्रकृति से सबक लेने के बजाय लालच के चलते उसके नियमों के खिलाफ हम और ज्यादा दुर्दांत व्यवहार करने लगते है। वेदों, पुराणों में जो कुछ भी प्रकृति के किस तरह का बर्ताव होना चाहिए या उसके नियम कानून क्या कहते है। उसको आज का समझदार व्यक्ति पोंगापंथी मानता है। यही कारण है कि प्रकृति द्वारा निर्धारित मर्यादा का उल्लंघन करते है। तब उसके परिणामों को झेलने के लिए हमको तैयार रहना चाहिए। आने वाली पीढ़ी जिसे आधुनिक विज्ञान का मास्टर बनाया जा रहा है। उनको ये भी बताया जाय कि हमारे बुजुर्गों द्वारा जो ज्ञान हमको दिया गया है। वो वर्षों के सहेजे गए अनुभवों पर आधारित है। किसी कल्पना व परिकल्पना पर आधारित नहीं है। अब समय आ गया है कि जिन नदियों ने हमको सभ्यता व संस्कृति दी, वह अब मौन हो चुकी है। उनका मुखर होना बहुत जरूरी है। क्योंकि नदियों में अब रस नहीं बचा, कारण नदियां अब सूखती जा रही है। इसलिए अगर हमें बोलती हुई नदियां, झीलें, तालाब चाहिए तो पुराने ज्ञान को पोंगापंथी न मानते हुए उनको अपने व्यवहार में लाना चाहिए। आज जिस तरह हम बाढ़ और सुखाड़ के नुकसान उठा रहे है उससे स्पष्ट है कि हमने पहले की घटनाओं से कुछ नहीं सीखा। उदाहरण के लिए अब ये आम सी बात हो गई है कि गहरा बोर वेल होने के कारण एक खेत में हरी भरी फसल लहलहा रही है और बगल के खेत में घास भी नहीं है। क्योंकि बगल वाले खेत के किसान के पास आर्थिक साधन उपलब्ध न होने के कारण वह गहरा बोर वेल नहीं करा पाया। इससे अब बगल के खेत वाला किसान रोज़ी रोटी कि खातिर, जिसके पास गहरा बोर वेल है यानी पानी है वो उसका मजदूर हो जाएगा। फिर एक दिन ऐसा आएगा की बोर का पानी भी ख़त्म हो जाएगा। तब दोनों खेत के किसान मजदूरी के लिए किसी तीसरे के पास जाएंगे या फिर शहर की ओर पलायन करेंगे। दिनेश मिश्रा, जिन्होंने पानी खासतौर पर बाढ़ के प्रबंधन पर काफी काम करके अनुभव प्राप्त किया है। उनका कहना है कि, आदमी की रीढ़ की हड्डी में 33 हड्डियां होती हैं और नौकरी करते-करते यानी एक अच्छे पद पहुंचने के बाद ही उसकी रीढ़ की सारी हड्डिया कमजोर होने लगती है। जब व्यक्ति की क्षमता क्षीण होने लगती है, तब वह तृष्णा के चलते खुशहाल बुढ़ापे के लिए अपना हित, स्वार्थ देखते हैं। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरुआत हो जाती है। आज का वैज्ञानिक व पढ़ा लिखा व्यक्ति नक्षत्रों के बारे में कुछ नहीं जानता। उसको सिर्फ अंग्रेजी महीनों के नाम याद है। उसको नहीं मालूम कि रबी और खरीफ की फसल के लिए बीज किस नक्षत्र में बोना है। यानी वह विज्ञान जिस पर धरती पर जीवन आधारित है, जो असली विज्ञान है, जिसमें प्रकृति का प्रत्येक चक्र शामिल है, उसकी समस्या को आधुनिक तकनीकी के माध्यम से हल करना चाहते है। जबकि तकनीकी हर प्राकृतिक नियम के विरूद्ध कार्य करती है। इसके अलावा कभी किसी नीति निर्माता ने किसी भी योजना-परियोजना के लिए स्थानीय बुजर्ग लोगों से सलाह नहीं ली। यही कारण है कि, किसी भी योजना के परिणाम व लाभ पूरी तरह आम आदमी को नहीं मिल पाते हैं।

बाढ़ और सुखाड़ ये प्रकृति की देन है, इनको वश में करना भी प्रकृति के विरूद्ध कार्य है। यही कारण है कि पहली बारिश को हम उत्सव के रूप में मनाते थे। आज से पचास साल पहले ज्यादा बारिश होने से अगर नदी के पानी का स्तर बढ़ता था, तो लोगों के अनुसार घर पर जानवरों को बांधने के लिए जो खूंटा उपयोग में लाया जाता है, नदी का बढ़ता हुआ पानी उसको देखकर लौट जाता था।

अगर यही पानी घर के दरवाजे तक आ जाता था तब घर की महिलाएं उसका स्वागत या प्रार्थना फूल व चावल डालकर करती थी, और नदी मैया से ये प्रार्थना करती थी, कि अब अपना रूख समुद्र तरफ कीजिए। इसी तरह नदी के पानी के स्तर को देखते हुए उसका नाम व उसके प्रबंधन का तरीका बदल जाया करता था। जैसे अगर नदी का जल किसी मकान की खिड़की तक आ गया तो उसको "बोह", अगर छत तक तो कब उसको "हुमा", और अगर छप्पर यानी छत तक आ जाए तो "साह" कहा जाता था। "साह" के लिए तो बाकायदा यहां तक कहा गया है कोई व्यक्ति अपने जीवन में एक बार ही साह देख पाटा है। यानी "साह" 100 वर्ष में सिर्फ एक बार होती थी। इसी तरह भिन्न भिन्न स्तर तक पानी के आने को अलग-अलग नाम से बुलाया जाता था या है। मतलब भारत में बारिश के पानी को भी एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त था। इसी तरह सुखाड़ के लिए भी पानी प्रबंधन की व्यवस्था की जाती थी। जिसका उदाहरण भारत में प्रत्येक गांव व शहर में कुंए, बाबड़ी, तालाब के रूप में देखने को मिल जाएगा। पूरे भारत में खासतौर से दक्षिण, मध्य प्रदेश, बुंदेलखंड और राजस्थान में आज भी सैंकड़ों वर्ष पुराने ये जल प्रबंधन के तरीके सूखे से निपटने के लिए जीवंत है। यही कारण है कि भारत सरकार द्वारा तालाबों की महत्ता को देखते हुए अमृत सरोवर जैसी योजनाओं को लागू किया। नहीं तो ललितपुर जैसे जिले में एशिया में सबसे ज्यादा बांध है, वहां भी बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्याएं मुंह बाए प्रत्येक वर्ष खड़ी हो जाती हैं। इस परिस्थिति में आकर हमको बांध, नहर, नदियों का गठजोड़ नहीं बल्कि गांधी के बताए रास्ते व उनके विचार याद आते हैं।

प्रसंगवश

तलवार से ज्यादा ताकतवर कलम

सच्चाई के खुलासे और जनता को सूचित करने के लिए सद्भावनापूर्वक किया गया 'स्टिंग ऑपरेशन' अपराध की श्रेणी में यद्यपि नहीं आता है। लेकिन उन्हें सामान्य रूप से वैध नहीं कहा जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग -अलग किया जाना चाहिए। केरल उच्च न्यायालय के एक निर्णय में मीडियाकर्मियों को अभियोजन से छूट दी गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने जेल के अंदर स्टिंग ऑपरेशन करने का प्रयास करने वाले दो पत्रकारों के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इस निर्णय में लोकतंत्र में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका पर गंभीर चिंतन है। उच्च न्यायालय का सुविचारित मत रहा कि 'एक लोकतांत्रिक देश में, अगर प्रेस की स्वतंत्रता नहीं है, तो यह लोकतंत्र का अंत होगा।' निर्णय में अंग्रेजी लेखक और राजनीतिज्ञ एडवर्ड बुल्वर-लिटन के प्रसिद्ध वाक्यांश 'कलम तलवार से ज्यादा शक्तिशाली है' को उद्धरित किया गया है। कलम की ताकत बताते समय कोर्ट ने कहा कि इसका प्रयोग करते समय मीडिया को अति सचेत रहने की भी जरूरत है। रिपोर्टिंग की छोटी सी गलती व्यक्ति की निजता या संविधान प्रदत्त अधिकार को प्रभावित कर सकती है।

न्यायालय ने यह भी उल्लिखित है किया है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रभावी रूप से भाग लेने के लिए नागरिकों को सत्य और असत्य के बारे में जानकारी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आरके आनंद व अन्य बनाम रजिस्ट्रार, दिल्ली हाईकोर्ट (2009 के एच सी 863) और रजत प्रसाद बनाम सीबीआई (2014 के एचसी 4299) मामले में दिए दृष्टांत को संदर्भित किया गया है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि जनहित में किए गए स्टिंग ऑपरेशन को न्यायिक स्वीकृति तो मिली है, लेकिन उन्हें समान रूप से वैध नहीं बनाया जा सकता और उनका मूल्यांकन प्रत्येक प्रकरण में अलग-अलग किया जाना चाहिए। उच्च न्यायालय ने स्टिंग ऑपरेशन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि 'यदि प्रेस द्वारा किसी दुर्भावनापूर्ण उद्देश्य से या किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत रूप से निशाना बनाने और उसे अपमानित करने के लिए स्टिंग ऑपरेशन किया जाता है, तो ऐसे स्टिंग ऑपरेशन और ऐसे 'स्टिंग ऑपरेशन' पर आधारित रिपोर्टिंग के लिए मीडियाकर्मी को कानून का कोई समर्थन नहीं मिलेगा।' याचिकाकर्ता एक टीवी चैनल के पत्रकार प्रदीप और प्रशांत 16 जुलाई, 2013 को "सोलर स्कैम" मामले में पथनमथिट्टा जिला जेल में निरुद्ध विचाराधीन कैदी जोप्पन से प्रशासन की अनुमति से मिले थे। अभियोजन के अनुसार उन्होंने कथित तौर पर जेल-नियमों का उल्लंघन करते हुए मोबाइल फोन से उसका बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। जेल अधीक्षक की सूचना पर पत्रकारों के विरुद्ध केरल कारागार और सुधार सेवा (प्रबंधन) अधिनियम-2010 की धारा-86 और 87 के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ। याची गणों ने इस अपराध के संबंध में उनके विरुद्ध न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोर्ट-I, पठानमथिट्टा के समक्ष लंबित एसटी.सं. 2065 /2014 की कार्यवाही को रद करने की मांग करते हुए केरल उच्च न्यायालय में याचिका योजित की थी। इस याचिका में उच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण प्रश्नों की जांच की। क्या कोई अपराध बनता है और क्या मीडियाकर्मियों द्वारा किया गया स्टिंग ऑपरेशन अपराध के बराबर है। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने कहा कि प्रथम दृष्टया अधिनियम की धारा-86 के तत्व इस मामले में दिखते हैं, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मीडियाकर्मी के रूप में स्थिति को देखते हुए मामले को अलग तरीके से देखा जाना चाहिए।

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

उच्च न्यायालय ने कहा कि 'सोलर स्कैम' के चर्चित मामले की जानकारी को लेकर लोगों में जिज्ञासा थी और पत्रकारों ने अपने इसी दायित्व के तहत जेल के अंदर बयान रिकॉर्ड करने का प्रयास किया। याची पत्रकारों का इरादा केवल समाचार प्राप्त करना था न कि कानून का उल्लंघन करना। इस मामले में 'फोर्थ एस्टेट' का भी जिक्र हुआ है। कहा गया है कि लोकतांत्रिक समाज में फोर्थ एस्टेट की भूमिका एक वॉच डॉग की है। ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रेस रिपोर्टिंग के उदघाटन के समय हुई बहस में एमपी एडमंड बर्क ने 1771 में फोर्थ एस्टेट का प्रयोग पहली बार किया था। हालांकि, इस मामले में, न्यायालय ने पाया कि याचिकाकर्ताओं का कृत्य कानून का उल्लंघन करने के किसी जानबूझकर प्रयास के बिना समाचार एकत्र करने के इरादे से प्रेरित था। न्यायमूर्ति कुन्हीकृष्णन ने निष्कर्ष निकाला कि ऐसी परिस्थितियों में, न्यायालय का विचार है कि याचिकाकर्ताओं, जो निस्संदेह मीडियाकर्मी हैं, के खिलाफ अभियोजन जारी रखना आवश्यक नहीं है।

कांवड़ यात्रा में कई सच

कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था।

भारत में अनुमान के अनुसार जनसंख्या 145 करोड़ हो रही। आबादी में चीन को पछाड़ कर हम इस सिलसिले में विश्व गुरु हैं। सरकारी आंकड़ों के (भी) मुताबिक हिंदू 80 प्रतिशत के आसपास हैं। कानूनों के तहत बौद्धों, जैनियों और सिक्खों को सिविल अधिकारों के लिए हिंदू धर्म के खांचे में रखा गया है। यानी सौ करोड़ के आसपास मांसाहारी नागरिक हैं। मुसलमान, ईसाई, पारसी वगैरह को मिलकर बीस करोड़ होंगे तो ज्यादातर हिंदू मांसाहारी ही हुए। हमने बचपन में पहली बार कांवड़ को देखा, सना, समझा इतिहास तथा संस्कृति में। जब आदर्श गरीब बेटा श्रवण कुमार माता पिता को कांवर पर बिठाए तीर्थाटन कराता रहा।

अब कांवड़ यात्रा सेक्युलर पब्लिक डोमेन में हिंदू धर्म का लोक प्रयोजन है। वर्षों पहले ऐसा नहीं दिखाई देता था। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, इलाज और शिक्षा की जरूरी सुविधाओं की कमी और तरह तरह के सामाजिक आर्थिक कारणों से बेरोजगार युवा कथित धार्मिक आयोजनों और नेताओं के पिछलग्गू बन रहे हैं। मस्जिद के सामने उनसे बजरंगबली की जय के नारे लगाने को उत्तेजित किया जाता है। सिखाया जाता है ऐसा नारा लगाओगे। तब इतिहास का शोध करने वाले छात्रों से कहीं ज्यादा समझोगे कि हिंदुओं पर कितना जुल्म अब तक होता रहता है। अतीत के अन्याय का बदला तुम्हें आज लेना है।

जुलूस तो पहले निकलते रहे हैं। प्रभात फेरियां होती रहीं। होली का समागम तो बहुत अनोखा है। ईद की मुबारकबाद तो सार्वजनिक होती है। बड़े दिन में ईसा मसीह की कुर्बानी देख सबकी आंखें नम होती हैं। उदार हिंदू हर मजहब के पूजा पाठ से आत्मीय होते हैं। बौद्ध विहारों में नमन करते हैं। पारसी की अग्नि को पूजते हैं। गर्ज यह कि धर्म और संस्कृति के इलाके में सच्चा हिंदू इंसानी संगीत की सिम्फनी में अपनी अभिव्यक्ति ही नहीं, अहसास ही नहीं, अपना अस्तित्व ढूंढ़ता रहा है। मैं कांवड़ यात्रा को इसलिए पवित्र भाव से देखता हूं। मीलों, कोसों दूर नंगे पैर चलते नौजवान औघड़ शिव की आराधना में धरती का सांस्कृतिक सच नापते हैं। उनके चेहरे का ओज देखकर मन में भुरभुरी होती है। यही तो पुरखों की नसीहत ने प्यार से हमें मनुष्य होना सिखाया है। हम मनुष्य होते रहे हैं। अब भी हैं! अचानक तुर्रा कि कांवड़ यात्रा के रास्ते की दुकानों के मालिक अपने और कर्मचारियों के नाम लिखें। भौगोलिक बनावट के कारण कांवड़ यात्रा कई मुस्लिम बहुल इलाकों से गुजरती है। प्रदेश सरकार ने सीधे नहीं कहा कि मुसलमान दुकानदार बैनर लगाकर अपने नाम उजागर करने का सरकारी फरमान मानें। आशय लेकिन यही है। फरमान संविधान के प्रावधानों और निजता के अधिकार का उल्लंघन है। मुसलमानों ने दुकानों के हिंदू नाम या हिंदुओं ने मुसलमान नाम पर दुकानें चलाते रहे हैं। कांवड़ यात्रा में हिंदू मांसाहारी भी होंगे। क्या मुसलमान होटलों में ही मांस ही परोसे जाने की संभावना होगी? हिंदू होटलों में भी तो मांस पकता है। मुसलमान फकत मांसाहारी नहीं होते। शीरा, खीर, सेवइयां और तमाम मिठाइयां और नमकीन मुसलमान होटलों में खूब मिलती हैं। हिंदू होटलों में मुसलमान कर्मचारी, रसोइये और मुसलमान होटलों में हिंदू कर्मचारी होते हैं। देश क्या पूरी दुनिया में मुसलमान रसोइए सबसे बेहतर होते हैं। ऐसी होटलें नामचीन होती हैं। विवेकानंद आश्रम रायपुर में सर्वधर्म सम्मेलन के दौरान बिहार के साधु विरागी जी महाराज ने कभी कहा था 'चौका हो हिंदू का, बनाए मुसलमान और खाए ईसाई।' उन्होंने हिंदू धर्म की पवित्रता, इस्लाम की सभ्यता और ईसाइयत के लोक व्यवहार की त्रिवणी में नहला दिया था।

मुसलमानों के बारे में धारणाओं के कारण केवल भाजपा और नरेंद्र मोदी को दोषी ठहराना मुनासिब नहीं है। कांग्रेसी सदस्य लोकनाथ मिश्र ने 3 तथा 6 दिसंबर 1948 को संविधान सभा में अपना भाषण दिया। कहा इस्लाम ने हिंदू विचारधारा के प्रति दुश्मनी घोषित कर रखी है। उसे आज की सुप्रीम कोर्ट के नसीहत के दौर में समझो तो एक तरह की 'हेट स्पीच' थी। सेठ गोविंददास ने तो उर्दू भाषियों को कहा जो उर्दू का समर्थन करते हैं, वे सांप्रदायिक हैं। कांवड़ यात्रा में मुसलमानों के व्यवसाय पर तिरछा प्रहार सरकारी फरमान कर रहा है। कपड़ों से पहचाने जाने का फतवा प्रधानमंत्री ने दिया ही है। तो फिर नाम लिखने की क्या जरूरत? मजहब रहितता या मजहब सहिष्णुता के शांत जल में प्रदेश सरकार ने फरमानों का पत्थर फेंककर सियासी कुछ हासिल किया है। उसे तो प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समझेंगे।

सोशल फोरम

वेद व्यास का दिन

वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

गुरु पूर्णिमा या व्यास पूर्णिमा भारत के महानतम कवि, अन्वेषक, संकलनकर्ता, इतिहासकार और अध्यात्म गुरु महर्षि वेद व्यास का जन्मदिन है। वे व्यास थे जिन्होंने सदियों से श्रुति परंपरा से चली आ रही वैदिक ऋचाओं का संकलन और लिपिबद्ध कर चार वेदों का रूप दिया। यह कार्य कितना श्रमसाध्य रहा होगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ये चारों वेद सनातन धर्म और भारतीय अध्यात्म की बुनियाद हैं। विश्व के सबसे बड़े महाकाव्यों में एक 'महाभारत' के रचयिता व्यास थे जिसके बारे में कहा जाता है कि इस संसार में जो कुछ है वह 'महाभारत' में है और जो 'महाभारत' में नहीं है वह कहीं नहीं है। माना जाता है कि हिंदुओं का पवित्रतम ग्रंथ, भारतीय अध्यात्म का सार 'गीता' इसी 'महाभारत' का अंश है। कुछ लोग पुराणों को भी वेद व्यास की रचना मानते हैं, मगर यह भ्रामक है। पुराण बहुत बाद लगभग गुप्त काल और उसके बहुत बाद की रचनाएं हैं जिन्हें संभवतः व्यास पीठ के उनके परवर्ती शिष्यों ने लिखा। व्यास पीठ के' प्रमुख भी अपने को व्यास ही कहते थे। ठीक वैसे जैसे आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित पीठों के प्रमुख अपने को शंकराचार्य ही कहते हैं। महर्षि व्यास के जन्मदिन आषाढ़ पूर्णिमा को 'महाभारत' की रचना पूरी हुई थी।' आभारस्वरूप देश भर में फैले उनके सभी शिष्यों ने उस दिन एकत्र होकर उनकी पूजा-अर्चना की थी। यह गुरुपूर्णिमा की परंपरा का सूत्रपात था। तब से लोग अपने आध्यात्मिक गुरु में व्यास का अंश मानकर उनके प्रति श्रद्धा निवेदन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा के दिन महर्षि व्यास को नमन और जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले सभी गुरुओं का आभार।

– फेसबुक वॉल से

माइक्रोसॉफ्ट गड़बड़ी: साइबर हमला या तकनीकी खामी

तेज़ गति वाले डिजिटल युग में, दुनिया संचार, उत्पादकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों पर बहुत अधिक निर्भर करती है। हालांकि, माइक्रोसॉफ्ट में एक महत्वपूर्ण गड़बड़ी से जुड़ी एक हालिया घटना ने दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। व्यवधान का दायरा अभूतपूर्व था। व्यवधान की वैश्विक प्रकृति ने साइबर हमले के पीछे संभावित उद्देश्यों, जैसे वित्तीय लाभ, डेटा चोरी, या राजनीतिक उद्देश्यों के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। दूसरी ओर, जटिल आईटी अवसंरचना में तकनीकी गड़बड़ियां असामान्य नहीं हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने घटना का मूल कारण निर्धारित करने के लिए एक व्यापक जांच शुरू की। इस जांच में शामिल हैः

सिस्टम लॉग की विस्तृत जांच से व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाओं के अनुक्रम का पता लगाने और विफलता के सटीक बिंदु की पहचान करने में मदद मिली। साइबर हमले की संभावना को खारिज करने या पुष्टि करने के लिए संपूर्ण सुरक्षा ऑडिट करना महत्वपूर्ण था। इसमें अनधिकृत पहुंच या दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों के किसी भी संकेत की जांच करना शामिल था। संपूर्ण और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों और बाहरी सलाहकारों के साथ सहयोग किया।

रजत मेहरोत्रा
वितीय सलाहकार

आधुनिक आईटी अवसंरचना अविश्वसनीय रूप से जटिल है, जिसमें कई परस्पर जुड़े घटक शामिल हैं। यह जटिलता तकनीकी समस्याओं की संभावना को बढ़ाती है और संभावित कमजोरियों की पहचान करना और उनका समाधान करना चुनौतीपूर्ण बनाती है। साइबर खतरा परिदृश्य लगातार विकसित हो रहा है, हमलावर तेजी से परिष्कृत तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। संगठनों को उन्नत सुरक्षा उपायों में निवेश करके और अपनी सुरक्षा को लगातार अद्यतन करके इन खतरों से आगे रहना चाहिए।

स्वचालन में प्रगति के बावजूद, मानवीय त्रुटि एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक बनी हुई है। उचित प्रशिक्षण, निरीक्षण और प्रोटोकॉल सुनिश्चित करने से इस जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता है। डिजिटल बुनियादी ढांचे की वैश्विक प्रकृति का मतलब है कि व्यवधानों के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सिस्टम के एक हिस्से में विफलता तेजी से फैल सकती है, जिससे दुनिया भर में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भविष्य में व्यवधानों के प्रभाव को कम करने के लिए, संगठनों को बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना चाहिएः

विस्तृत जांच के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना साइबर हमले के बजाय मुख्य रूप से एक तकनीकी गड़बड़ी थी। मूल कारण उनके डेटा केंद्रों में उपयोग किए जाने वाले नेटवर्किंग उपकरण में गलत कॉन्फ़िगरेशन से पता लगाया गया था। इस ग़लत कॉन्फ़िगरेशन के कारण व्यापक विफलता हुई, जिससे एक साथ कई सेवाएं बाधित हुईं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निरंतर निवेश, सहयोग और सतर्कता की आवश्यकता होगी। हालाँकि हम कभी भी व्यवधानों के जोखिम को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर सकते हैं, हम उनके प्रभाव को कम करने और अधिक लचीला डिजिटल भविष्य सुनिश्चित करने का प्रयास कर सकते हैं। माइक्रोसॉफ्ट सर्वर की गड़बड़ी जिसने दुनिया को रोक दिया, वह डिजिटल सेवाओं पर हमारी निर्भरता की स्पष्ट याद दिलाती थी। जबकि साइबर हमले के बारे में प्रारंभिक चिंताएं वैध थीं, इस घटना ने अंततः आधुनिक आईटी बुनियादी ढांचे की जटिलताओं और कमजोरियों को उजागर किया। इस घटना से सीखकर और मजबूत निवारक उपायों को लागू करके, तकनीकी समुदाय भविष्य के व्यवधानों के प्रभाव को बेहतर ढंग से तैयार और कम कर सकता है।

निजीकरण का विरोध क्यों

अभी हाल ही में बैंकों का राष्ट्रीयकरण दिवस मनाया गया। राष्ट्रीयकरण का उजाला पक्ष बताता है कि देश में तमाम सार्वजनिक उपक्रमों ने उत्साह जनक परिणाम दिए हैं वित्त वर्ष 2024में 5 लाख करोड़ के लगभग लाभ कमाकर इतिहास रचा है इनमें स्टेट बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी, कोल इंडिया, एनटीपीसी, बीपीसीएल, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, यूनियन बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूको बैंक, हिंडालको, भेल, आईआरटीसी के नाम प्रमुख हैं।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

निजीकरण के पक्षधर कितने भी तर्क रख लें लेकिन देश के असली नवरत्न तो यह सभी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ही हैं जिस तरह से लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम देश की रीढ़ को मजबूती प्रदान कर रहे हैं और नई बुनियाद तैयार कर रहे हैं, यह जरूरी है कि इनको और अधिक स्वायत्तता मिले।

हमे बैंकों के राष्ट्रीयकरण के इतिहास से भी कुछ सीखना होगा। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने निजी बैंकों को पूंजीपतियों के चंगुल से छुड़ा कर जनता का भरोसा जीता था, आशातीत लाभ कमा कर सार्वजनिक उपक्रमों ने एक बार फिर से उत्साह दिखाया है। लाभ कमाने वाले सार्वजनिक उपक्रम वास्तव में देश की धरोहर हैं। इन्होंने जनता का विश्वास भी जीता हैं और निजीकरण की पैरवी करने वालो को तगड़ा जवाब भी दिया है। आने वाले बजट सत्र में सरकार को सार्वजनिक उपक्रमों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए सभी निजी उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के विषय में सोचना चाहिए, जिसकी मांग भी उठ रही है, क्या सरकार देशहित में ऐसा करेगी।

एक नजर

आवासों की आधार सीडिंग में लापरवाही

लखनऊ : जिले में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योजना आवास के आवेदनों की आधार सीडिंग नहीं हो पाई है। इस वजह से प्रक्रिया प्रभावित है। लाभार्थियों का नाम, पता आदि में संशोधन करके आधार सीडिंग के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद भी प्रगति नहीं बढ़ी है। पिछले सप्ताह समीक्षा में भी आधार सीडिंग न होने की बात सामने आई थी।

नगर निगम कार्यकारिणी बैठक आज

लखनऊ : नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में सुबह 11 बजे से महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में होगी। जिसमें कार्यकारिणी सदस्य, नगर निगम, जलकल विभाग के अधिकारी, सुऐज इंडिया, ईईएसएल कम्पनी के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

चार वर्ष पहले गांव से निकला जीशान बना करोड़ों का मालिक

अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाने का मामला: भाजपा के पूर्व लोस प्रत्याशी ने कहा - आईएसआई का हाथ संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखनऊ में दो फ्लैट, सलोन में पांच मकान और वाणिज्यिक संपत्तियों की चर्चा
- रायबरेली के सलोन में 19,700 निवास प्रमाण पत्र बनने का मामला

अमृत विचार : चार वर्ष पहले रायबरेली के गढ़ी इस्लाम नगर से रोजगार करने के लिए सलोन कस्बे पहुंचा जीशान देखते ही देखते करोड़ों का मालिक बन गया। बताया जा रहा है कि उसने अवैध निवास प्रमाण पत्र के जरिए करोड़ों रुपये कमाए और खूब संपत्तियां खरीदीं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह भी जीशान के समानांतर रुपये कमाता रहा और संपत्तियां खरीदता रहा। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की तैयारी कर रही है।

बताते चलें कि सलोन के एक गांव में 19,700 अवैध निवास प्रमाण पत्र बनाने का मामला सामने आया है। विधायक अशोक कुमार ने दावा किया कि इसमें से ज्यादातर प्रमाण पत्र बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए बनाए गए थे। असम की जेल में बंद एक बांग्लादेशी कैदी के आईडी कार्ड में सलोन का पता दर्ज था, जिसके बाद असम की सुरक्षा एजेंसियां रायबरेली पहुंची थीं और शिनाख्त की थी। बाद में पता चला कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह, जीशान व रियाज ने मिलकर 19,700 अवैध निवास प्रमाणपत्र बनाए। जिला प्रशासन भी इतने बड़े पैमाने पर बने निवास प्रमाण पत्र को लेकर कोई संज्ञान नहीं ले सका। विधायक के प्रयास से एटीएस की टीम मौके पर पहुंची, बाद में एनआईए ने भी जांच शुरू करने का दावा विधायक अशोक कुमार की ओर से किया गया। रविवार को आरोपियों की संपत्तियों पर चर्चा शुरू हुई।

एटीएस सूत्रों के मुताबिक जीशान ने प्रमाण पत्र बनाकर करीब 40 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां अर्जित की हैं। दो फ्लैट लखनऊ स्थित गोमती नगर विस्तार में खरीदे हैं, जबकि पांच मकान सलोन कस्बे में खरीदे हैं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने घर से भी काफी धनराशि जब्त की है। इतनी ही संपत्तियां ग्राम पंचायत अधिकारी विजय सिंह के पास भी पाई गई हैं। अब सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज करते हुए आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की है।

आईएसआई की संलिप्तता की संभावना जताते हुए गृह मंत्री को लिखा पत्र

अमृत विचार, रायबरेली : सलोन में फर्जी प्रमाण पत्र मामले में तार आईएसआई से जुड़े होने की आशंका है। यह दावा करते हुए पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भाजपा नेता व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सिलसिले में विगत 17 जुलाई को आपके समक्ष पत्र भेजा जा चुका है। पुन: लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि पूरे घटनाक्रम में आईएसआई की संलिप्तता की संभावना अधिक है। जनसुविधा केंद्र संचालक जीशान खान व उसके पिता रियाज खान मास्टर माइंड हैं। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव की भी संलिप्तता प्रतीत होती है। कहा कि इन्होंने करोड़ों की संपत्ति फर्जी प्रमाण पत्रों को बनाने से अर्जित की है। यह सारा पैसा विदेशों से आया है, इसकी संभावना प्रतीत हो रही है।

मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को पूर्व सांसद मसुरियादीन पासी की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेस नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 2 अक्टूबर 1911 को प्रयागराज के जोंधवल में जन्मे मसूरियादीन पासी समाज सुधारक थे। लोकसभा क्षेत्र फूलपुर व चायल से चार बार सांसद रहे। सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाया। वर्तमान में भाजपा सरकार सामाजिक न्याय को खत्म कर देश को धार्मिक व जातीय विभेद की तरफ ले जाना चाहती है। कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, पूर्व विधायक इन्दल रावत, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, सदस्य एआईसीसी ललन कुमार, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, अनामिका यादव, सुनीता रावत, मुन्ना लाल भारती, डॉ रिचा शर्मा आदि शामिल रहे।

नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए जन सुनवाई पूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियामक आयोग ने 24 को बुलाई बैठक

अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण के लिए राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से चल रही जन सुनवाई पूरी हो गई है। दरों को अंतिम रूप देने के लिए आयोग ने 24 जुलाई को आयोग की संवैधानिक कमेटी की बैठक बुलाई है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने दरों में बढ़ोतरी की संभावना को लेकर कड़ा विरोध किया है।

नियामक आयोग ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत सभी वितरण कंपनियों, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन व एसएलडीसी कंपनी के वार्षिक राजस्व आवश्यकता के प्रस्तावों पर अलग-अलग जन सुनवाई की। इस दौरान कंपनियों ने अपना घाटा पूरा करने के लिए आयोग से उचित कदम उठाने पर जोर दिया, जबकि उपभोक्ताओं ने दरों में बढ़ोतरी किए जाने का सख्त विरोध किया। सुनवाई के दौरान उपभोक्ता परिषद ने तर्क दिया कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के ही 33,122 करोड़ रुपये सरप्लस निकल रहे हैं, ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है। आयोग अब अगली बैठक में उपभोक्ताओं से मिले सुझावों पर मंथन करेगा, इसके लिए नई दरों के निर्धारण पर निर्णय लेगा।

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियों को बिजली दरें बढ़ाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनियों में फिजूलखर्ची बड़े पैमाने पर हो रही है। इसके अलावा वित्तीय अनियमितताएं की गई हैं। शिकायतों के बाद भी उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

ऊर्जा निगमों में भी लागू की जाए पुरानी पेंशन योजना

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग शुरू हो गई है। बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री से इसका लाभ दिए जाने की मांग की है। इस सिलसिले में रविवार को हाइडिल फील्ड हॉस्टल में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ की बैठक हुई, जिसमें 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गईं रिक्तियों के अंतर्गत नियुक्त अभियंताओं को भी पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि 28 जून 2024 को शासनादेश के जरिये उन सभी कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने का विकल्प उपलब्ध कराया गया है जिनकी रिक्तियां 28 मार्च 2005 से पूर्व विज्ञापित की गई थीं। इस शासनादेश के तहत परिषदीय विद्यालयों, शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं व प्रदेश सरकार की ओर से अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्मिकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा निगम प्रदेश की आवश्यक सेवाओं के अंतर्गत हैं, इसलिए शासनादेश के अनुरूप ऊर्जा निगमों के अभियंताओं को भी इसका लाभ दिया जाए। बैठक में आलोक कुमार श्रीवास्तव, बीपी अग्रवाल, प्रवीण कुमार, संतोष कुमार, एमके गौतम, लेखराम वर्मा, अजय सिंह कटियार, बृजेश सिंह, संजय कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, विजय तिवारी आदि शामिल हुए।

मकानों से नहीं मिटे लाल निशान, अब होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ : पौधरोपण कार्यक्रम के बाद अब कुकरैल नदी किनारे मकानों पर लगे लाल निशान की जांच होगी। जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होना तय है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने जांच कराकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इससे अधिकारियों में भय है और मकानों पर लगे निशान मिटाये नहीं गए हैं।

सिंचाई विभाग ने संयुक्त टीमों के साथ अबरार नगर, खुर्रम नगर, रहीम नगर, पंत नगर, इंद्रप्रस्थ नगर का सर्वे करके कुकरैल नदी किनारे 50 मीटर तक बने मकानों पर लाल निशान लगाए थे। चिह्नित मकानों का एलडीए की ओर से सर्वे करके तोड़ने और कुकरैल रिवरफ्रंट बनाने की योजना थी। इसका विरोध हुआ तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। उन्होंने मकान न तोड़ने के निर्देश देने के साथ प्रक्रिया को भी गलत बताया था। मकानों पर लगाए गए लाल निशान मिटाने और जांच करके दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए थे। निशान अब तक मिटाए नहीं गए हैं।

कार्यकर्ताओं के सम्मान में हम सब कुछ न्योछावर करने को तैयार : पाठक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र पहनाकर किया सम्मानित
- पश्चिम विधानसभा मतदाता अभिनंदन सम्मेलन में जताया मतदाताओं का आभार
- आगामी चुनाव में दोगुनी ताकत से लड़कर बड़ी जीत हासिल करेंगे

अमृत विचार : पश्चिम विधानसभा के लेबर कॉलोनी वार्ड स्थित किंग बैंक्विट हॉल में पश्चिम विधानसभा मतदाता अभिनंदन सम्मेलन का रविवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विशिष्ट अतिथि नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और विधानसभा उप विजेता अंजनी श्रीवास्तव ने मतदाताओं का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा एक विशाल परिवार है। कार्यकर्ताओं ने केंद्र और प्रदेश की नीतियों और लखनऊ में रक्षा मंत्री ने अटल जी के कार्यों को पूरा करने के लिए जो विकास कार्य किए उनको घर-घर पहुंचाने का कार्य किया। आजादी के वर्षों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने में हम सफल हुए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के लिए हम सब कुछ निछावर करने को तैयार हैं। आगामी चुनाव में हम दोगुनी ताकत से लड़ेंगे और फिर एक बार बड़ी जीत हासिल करेंगे।

इस दौरान वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं के मान सम्मान के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। विपक्ष ने एक विशेष वर्ग को भ्रमित करके अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित किया। भाजपा ने कभी भी जाति और धर्म के आधार पर कार्य नहीं किया है, बल्कि सभी को समान रूप से सरकारी योजनाओं का लाभ दिया है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने बड़े परिश्रम के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लगातार तीसरी बार लखनऊ से सांसद चुनकर केंद्र में भेजा है। इस अवसर पर पश्चिम विधानसभा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। जिसमें पुरुषोत्तम पुरी, अवनीश वैद्य, उमाशंकरी लोधी, रविकांत मिश्रा, राधिका प्रसाद कश्यप, सीमा साहू, माधुरी शुक्ला, रामनरेश मिश्रा, श्याम बहादुर सिंह, आशा पाठक, राधे श्याम वर्मा, रामचंद्र मौर्य, रामनाथ मिश्रा को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और जनप्रतिनिधियों ने भाजपा का अंग वस्त्र पहनकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में महानगर उपाध्यक्ष जया शुक्ला, सीता नेगी, सत्येंद्र सिंह, विजय भुर्जी, अनुराग मिश्रा, मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, राजन मिश्रा, गणेश वर्मा सहित सभी पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गोरखपुर : रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर स्थित शक्तिपीठ में रुद्राभिषेक व महायोगी गुरु गोरखनाथ का विधि विधान से पूजन करने के बाद भ्रमण के दौरान बच्चों से मिलते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बनाई गईं तीन कंट्री डेस्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए तीन कंट्री डेस्क बनाई गई हैं। कंट्री डेस्क में अमेरिका, यूरोप व जापान को शामिल किया गया है। ये डेस्क विभिन्न देशों की कंपनियों को निवेश प्रक्रिया के बारे में समझाने व निवेश सुगम कराने का कार्य करेंगी।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि ये डेस्क परियोजना स्थलों की पहचान करने व भूमि अधिग्रहण में कंपनियों की सहायता करेंगी। सार्वजनिक-निजी-भागीदारी (पीपीपी) को प्रोत्साहित करने के साथ ही, निवेशकों को समयबद्ध तरीके से स्वीकृतियां व अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता करेंगी। सरकारी अधिकारियों के साथ कंपनियों के संवाद को सुविधाजनक बनाने का कार्य करेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने व फॉर्च्यून 500 कंपनियों के निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने एक समर्पित एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 व फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों के निवेश के लिए प्रोत्साहन नीति-2023 की घोषणा की है। इस नीति का लक्ष्य बड़ी वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश को निवेश के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। 'इन्वेस्ट यूपी' के जरिये इस नीति का कार्यान्वयन व प्रोत्साहन किया जा रहा है। तीनों कंट्री डेस्क के कार्य में सहयोग करने के लिए उद्यमी मित्रों, समन्वय अधिकारियों व सलाहकारों को भी नियुक्त किया गया है।

वर्ग पहेली-138

बाएं से दाएं

4. आधुनिक बिहार राज्य के एक क्षेत्र में स्थित एक प्राचीन जनपद।
5. 1. लोककाल्पनिक कथानक, लोकरुढ़ि, अनुश्रुति 2. पौराणिक कथा, परंपरागत कथा 3. मान्यता 4. आख्यान।
7. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
8. उत्तर दिशा।

ऊपर से नीचे

1. किसी दूसरे के हाथ से कोई वस्तु मंगाना, मंगाने का काम कराना।
2. हंसमुख, ख़ुश रहने वाला, प्रसन्नचित।
3. 1. भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला 2. भारी।
6. 1. हिजड़ा, जनखा 2. मुसलमान बादशाहों के हरमों में रहने वाले सेवक या रक्षक
7. 1. चेहरा, मुखड़ा 2. किसी वस्तु का अग्रभाग 3. शक्ल 4. कथन, भाषण।

■	1	■	2	■	3
4				■	
■		■	5		
■		■		■	■
6	■	7			■
	■		■	■	■
■	8				■

वर्ग पहेली -137 का हल

■	■	■	1 ने	2 च	की
3 दा	ह	ना	■	तु	■
■	■	■	■	रा	■
■	4 म	ज	5 मू	ई	■
6 चू	क	■	ल	■	7 त
■	बू	■	तः	■	ड़ा
8 बा	ज़ा	री	■	■	ना

सुडोकू -51

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1					9		2	
	3		4				8	
9			5			4		
7		4		6	2		5	
2		6				3		7
	5		9			1		2
		2			3			6
	6				7		1	
	8		6					4

सुडोकू -50 का हल

2	6	1	4	8	7	5	9	3
3	9	5	6	1	2	4	7	8
8	7	4	9	3	5	1	2	6
1	2	6	3	5	8	9	4	7
9	4	3	1	7	6	8	5	2
7	5	8	2	4	9	3	6	1
4	1	7	5	6	3	2	8	9
5	8	2	7	9	1	6	3	4
6	3	9	8	2	4	7	1	5

पाप का कोई सहभागी नहीं, व्यक्ति होता है स्वयं जिम्मेदार : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुरु पूर्णिमा पर गोरखनाथ मंदिर में कार्यक्रम आयोजित

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाप का कोई सहभागी नहीं होता, बल्कि स्वयं व्यक्ति जिम्मेदार होता है। इसलिए हमें हमेशा सद्मार्ग पर चलना चाहिए। माता-पिता पहले गुरु हैं। इसके बाद स्कूली शिक्षक, पुरोहित-कुलगुरु, बड़ा भाई और ऋषि-संतों की परंपरा, गोत्रों की परंपरा भी गुरु परंपरा में शामिल होती है। गुरु परंपरा का उद्देश्य मनुष्य को अच्छे मार्ग पर अग्रसर करना है। मुख्यमंत्री रविवार को गुरु पूर्णिमा पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि के संत बनने से पूर्व के जीवन की कथा सुनाई और संदेश दिया कि कोई भी गलत काम में हासिल होने वाले पाप में भागीदार नहीं बनना चाहता है। राम ने जीवन में मर्यादा को महत्व दिया। हर कार्य की लक्ष्मण रेखा तय की, संबंधों को मर्यादित तरीके से जीना सिखाया। इसी तरह कृष्ण ने कर्म की प्रेरणा दी। आज अधिकतर लोग कम कर्म के बदले अधिक हाइलाइट होने के प्रयास में रहते हैं, जबकि कृष्ण ने निष्काम कर्म की प्रेरणा दी है। यानी कर्म करो, फल की चिंता मत करो। हमारे शास्त्र और गुरु परंपरा में भी कहा गया है।

तिलक लगाकर नाथ योगियों ने लिया आशीर्वाद

विशेष अनुष्ठान पूरा किए जाने के साथ गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, देवीपाटन शक्तिपीठ के महंत योगी मिथिलेशनाथ समेत सभी नाथ योगियों ने भी गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ को नाथपंथ की परंपरा के अनुसार, उन्हें तिलक लगाया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

सही मार्ग पर चलने को प्रेरित करता है सच्चा गुरु

मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा गुरु वही है, जो सही मार्ग पर चलने को प्रेरित करे। हमारे जीवन में महत्व धन-धान्य का नहीं है, बल्कि सद् पुरुषार्थ से हासिल उस समृद्धि से है, जो लोक कल्याण के काम आ सके। अगर हम गलत तरीके से समृद्धि अर्जित करेंगे तो पाप कृत्य के भागी होंगे। जबकि यदि हम वंचितों पर उपकार करेंगे, जीव मात्र के प्रति दया का भाव रखेंगे तो उसका पुण्य लाभ अवश्य प्राप्त होगा। गुरु का कार्य सही और गलत में अंतर बताकर सही मार्ग दिखाने का होता है।

गुरु गोरखनाथ की पूजा-अर्चना की

मुख्यमंत्री ने गोरक्षनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरु महंत अवेद्यनाथ, दादा गुरु महंत दिग्विजयनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुजन का भी पूजन-अर्चन किया। गोवंश की सेवा कर उन्हें गुड़ खिलाया।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 22 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.11 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 10.21 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज अपने कार्यक्षेत्र को लेकर लापरवाही न करें। कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। पुराने झगड़ों में दोबारा उलझने से बचें। धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे।

वृष — आज रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है।

मिथुन — आज का दिन संघर्षों से युक्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आयेगी। प्रियजनों की सलाह पर गम्भीरता से विचार करें। मौसम परिवर्तन के कारण सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं।

कर्क — आज आपकी दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकार का प्रदर्शन न करें। थोड़े ही प्रयासों से आपके काम सफल हो जायेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार आने की संभावना है। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

सिंह — आज जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा। माता-पिता के प्रति व्यवहार अच्छा रखें। प्रेम संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा।

कन्या — आज नया कार्य शुरु कर सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताना पसन्द करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। परिवार के लोग आपके निर्णयों से काफी प्रसन्न रहेंगे। आपका काम समय पर पूर्ण हो जायेगा।

तुला — आज आपके घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हो सकती है। आपकी सामाजिक छवि सुधर सकती है। अकारण यात्रा होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में शांति रहेगी। धार्मिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

वृश्चिक — आज प्रभावशाली लोगों के बीच आपका सम्पर्क मजबूत होगा। शान्तिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। समय का सदुपयोग अवश्य करें। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं।

धनु — आज अपने काम की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करें। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव रहेगा। नई सम्पत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार अपनी रणनीति में बदलाव करें।

मकर — आज आपकी कोई मनोकामना आज पूर्ण हो सकती है। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर काम पूर्ण करें। संतान को उचित मार्गदर्शन देने का प्रयास करें। पूरा ध्यान अपने काम पर लगायें।

कुंभ — आज बहुमूल्य वस्तुओं को संभाल कर रखें। पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण हो सकती है। किसी को बिना माँगी सलाह न दें।

मीन — आज वैवाहिक संबंधों में प्रसन्नता का भाव रहेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना में वृद्धि होगी। मित्रों के ऊपर धन खर्च कर सकते हैं। एक साथ कई काम करने की कोशिश न करें। अधिकारियों के साथ आपका तालमेल अच्छा रहेगा।

आज की फिल्में

B4U Movies
स्वीकार किया मैंने — सुबह : 08.08
शादी में जरूर आना — रात : 09.51

&pictures
भोला — सुबह : 10.53
विवाह — रात : 08.00

Sony Pix
द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 10.07
चार्लीज एंजल्स — शाम : 05.51

Zee Cinema
गंगूबाई काठियावाड़ी — सुबह : 11.43
नाग भूमि — रात : 08.00

Colors Cineplex
बेटिंग राजा — सुबह : 10.54
भगवंत केसरी — रात : 07.58

आज की सुपरहिट फिल्म

बीफोरयू पर रात : 09.51 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी के अगले दिन ही अचानक पति अपनी बीवी को पीटने लगा।।।
लोगों ने पूछा क्यों मार रहे हो बेचारी को?
पति ने बोला।। इसने मेरी चाय में ताबीज डाला है, मुझे वश में करने के लिए।
मुझे मेरी मां से दूर करना चाहती है।
बीवी रोते हुए गुस्से में बोली, वो ताबीज नहीं टी बैग है।

पति : कल मेरें ख्वाब में एक लड़की आई थी,
वाह क्या लड़की थी।
पत्नी : अकेले आई होगी।
पति : तुम्हे कैसे पता?
पत्नी : उसका पति मेरें ख्वाब में आया था।

गुरु पूर्णिमा पर मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, हुए हवन-पूजन

गायत्री शक्तिपीठ पर अनुष्ठान और काव्य गोष्ठी

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर विभिन्न स्थानों पर आयोजन हुए। रामलीला मैदान में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति ने हवन पूजन के साथ गुरु पर्व उत्साह के साथ मनाया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी शिव प्रकाश गुप्ता दाऊ ने कहा गुरु की महिमा अपरंपार है गुरु ही हमें ज्ञान देते हैं गुरू ही हमें बुद्धि और सत्य मार्ग पर चलना सिखाते हैं। सुरेश सोनी सह जिला प्रभारी एवं गायत्री शक्तिपीठ से राम प्रकाश द्विवेदी जी ने मंत्र उच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान पुष्पेंद्र राजपूत वंदना राजपूत ने सहभागिता की। इस दौरान मूलचंद सैनी, रमेश सोनी, दिनेश गुप्ता, कौशल किशोर मुखिया, इं.रामकुमार अग्रवाल, अशोक सोनी, जयपाल जराखर, सुधीर गुप्ता, प्रदीप राजावत, पुष्पा गुप्ता, आरती उपाध्याय, विजया गुप्ता, कैलाशी आदि लोग रहे।

गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह गुरु महामंत्र का अखंड जप हुआ। सायंकाल विभिन्न अनुष्ठान व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सरस्वती बाल मंदिर के प्रधानाचार्य हरि नारायण नगाइच ने कहा कि शिष्य में गुरु के प्रति गहन श्रद्धा विश्वास तथा गुरु में शिष्य वर्ग की प्रगति के लिए स्नेह भरी लगन जैसे दिव्य भाव होने आवश्यक हैं।

मौदहा से आए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि देवी प्रसाद गुप्त ने कविता पाठ करते हुए कहा कि कदम निरंतर चलते जिनके श्रम जिनका अविराम है, विजय सुनिश्चित होती उनकी घोषित यह परिणाम है। सुमेरपुर से आए कवि एवं वरिष्ठ पत्रकार गणेश विद्यार्थी ने कहा कि कि मेरा ऐसा हिंदुस्तान हो, राम रहीम में भेद न रहता, जात एक इंसान हो। काव्य गोष्ठी में डा.जमीन राठवी, शैलेंद्र बादल, सुरेश सोनी, बाल किशुन जोशी, मुन्ना लाल प्रजापति, मदन गोपाल, हेमंत कुमार, अनिल पुरवार, आदर्श कुमार, राम प्रकाश गुप्त, देवेन्द्र खरे, अभय त्रिपाठी, महेश चन्द्र अनुरागी ने काव्य पाठ किए। डा.सुरेन्द्र सिंह, तेज बहादुर मिश्र एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मकरध्वज सिंह ने साहित्यिक विचार रखे। आभार मुख्य ट्रस्टी चन्द्र शेखर मिश्र ने किया। संचालन डा.लक्ष्मण लाल त्रिपाठी ने किया।

रामलीला मैदान में आयोजित हवन में आहुतियां देते लोग। अमृत विचार

- वक्ताओं ने किया गुरु की महिमा का बखान
- हवन अनुष्ठान में लोगों ने डालीं आहुतियां

गुरु पूर्णिमा पर परशुराम की पूजा करते ब्राह्मण महासभा के लोग। अमृत विचार

ब्राह्मण महासभा ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

हमीरपुर। रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रभु परशुराम की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने सुभाष बाजार स्थित न्यू मांटेसरी स्कूल में पूजा अर्चना कर गुरु पूर्णिमा मनाई जिसमें सभी ने परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। वही महासभा के संरक्षक डाक्टर अवधेश मिश्रा ने कहा कि हमें गुरुओं और बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए। संरक्षक व स्कूल के प्रबंधक वीरेंद्र द्विवेदी ने बताया कि समाज में किसी को भी शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी मदद चाहिए तो हर मदद करेंगे। हमें अपने समाज के लिए एक होना है। जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने आभार जताया। इसके बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके महामंत्री नीरज द्विवेदी, संगठन मंत्री योगेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष मोहित द्विवेदी, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष अतुल तिवारी, अभिषेक मिश्रा, बृजेश शुक्ला, अजीत त्रिपाठी, पंकज द्विवेदी, दुर्गेश तिवारी, शिवम बाजपेई, पवन तिवारी, संतु द्विवेदी, नरेंद्र द्विवेदी, गिरीश तिवारी, धर्मेंद्र दीक्षित आदि मौजूद रहे।

तपोभूमि में रोपित हुए नारायणी व पारस पीपल के पौधे

सुमेरपुर (हमीरपुर)। गुरु पूर्णिमा पर पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में कस्बे के सक्रिय सदस्य डॉ. दिनेश धुरिया ने अपने बेटा और बेटी के जन्मदिन पर तपोभूमि के विरक्त आश्रम के बाहर सड़क किनारे नारायणी व पारस पीपल आदि का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को संदेश दिया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान, अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीन मैन, उपाध्यक्ष डॉ.देवीदीन अविनाशी, सचिव राजेश सहारा, राखी शिवहरे, शहजादी अनन्या माहेश्वरी, दिया धुरिया सुनीता शिवहरे, रानी मुन्नी, पवन टेलर, सिद्दीक मंसूरी, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

शंकरपुर गांव के शिव मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

कन्या भोज व सत्संग कार्यक्रम हुए

कुरारा (हमीरपुर)। रविवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के कुशौली पुरवा गांव के कुशौली मंदिर में कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया। बेरी गांव के कोटेश्वर धाम मंदिर में भंडारा व कन्या भोज किया गया। साथ ही भजन कीर्तन का सत्संग का आयोजन हुआ। शंकरपुर गांव के शिव शंकर मंदिर में कन्या भोज व सत्संग का आयोजन हुया। जमरेही तीर के काली माता मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। पारा गांव के समाधि आश्रम स्थल में कन्या भोज व सत्संग का आयोजन किया गया।

श्यामला देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

श्यामला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने नारियल फोड़ मांगी मन्नतें

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे से सात किमी दूर हमीरपुर रोड़ पर सरसई मौजा में स्थित मां श्यामला देवी मंदिर में गुरू पूर्णिमा को लगने वाले इस विशेष मेले में मां श्यामला माई के दर्शन करने वालों लोगों का सारा दिन तांता लगा रहा। चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी के कारण सुबह से ही देवी मंदिर में आस्थावानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर रात तक जारी रहा। आस्थावानों ने मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और नारियल फोड़ मन्नतें मांगी। शाम के समय भीड़ बढ़ने से आस्थावानों को मंदिर के अंदर पहुंचने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजने से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों खासकर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। बता दें कि क्षेत्र के श्यामला देवी मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। मां दुर्गा के नौ रूपों में से एक मां श्यामला देवी का रूप है। यह सदियों पुराना मंदिर पूरे बुंदेलखंड में देवी की सिद्धि के लिए जाना जाता है। ग्रामीण बुजुर्ग बताते हैं कि आज ही के दिन विभिन्न बिरादरी के शादी संबंध व निपटारा होते हैं। मंदिर समिति की ओर से लोगों के लिए पेयजल के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इस दौरान पुलिस ने सुरक्षा के खासे इंतजाम किए थे।

कंडे के उपले पर भौरिया बना कर की पूजा-अर्चना

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। झलोखर गांव स्थित स्थित प्राचीन भुइंयारानी मंदिर में आषाढ़ मास के अंतिम दिन पूर्णिमा पर पांचवें रविवार को मेला आयोजित किया गया। वहीं देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में भौरिया बनाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ब्लॉक क्षेत्र के गांवों से भक्तों की भारी भीड़ एकत्र रही।

प्राचीन मां भुइंया रानी मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तों का आवागमन रहता है। यहां की ऐसी मान्यता है कि वात रोग इस मंदिर की मिट्टी का लेप करने से दूर हो जाता है। अन्य प्रांत के लोग भी मंदिर में आते रहते हैं। पं.सर्वेश द्विवेदी ने बताया कि आषाढ़ मास में इस मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है। तथा प्रत्येक रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांवों के लोग मंदिर परिसर में उपले की आग में भौरिया बनाकर भोग लगाते हैं तथा मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं। इस मंदिर में मिट्टी का महत्व विशेष हो जाता है।

इस मिट्टी में औषधीय तत्व पाए जाते हैं जिससे हाथ पैर में होने वाले वात रोग में राहत मिलती है। इस मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है।

भुइयां रानी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

- आषाढ़ माह के अंतिम दिन भुइया रानी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अन्य जनपद व अन्य प्रांत के लोग आकर एक रात मंदिर में रुकते हैं। रविवार को सुबह पूजा अर्चना करते हैं। मंदिर के बाहर मेला आयोजित किया गया है। जिसमें महिलाओं ने रोजमर्रा के सामान की खरीद की। सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ एकत्र रही। वहीं सायं काल में भुवनेश्वरी जागरण परिवार की ओर से झांकियों का मंचन किया गया। वहीं गुरु पूर्णिमा होने के कारण बाबा राजाराम आश्रम में उत्तर भारत के प्रसिद्ध संत ब्रम्हलीन हंसानंद सरस्वती महाराज की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति प्रतिष्ठा हुई व भंडारे का आयोजन किया गया।

विरक्त आश्रम की झील में यमुना जी की मूर्ति की हुई स्थापना, हवन-पूजन

सुमेरपुर (हमीरपुर)। ब्रह्मलीन संत नागा स्वामी रोटी राम महाराज जी की तपोस्थली गायत्री तपोभूमि के विरक्त आश्रम तथा इंगोहटा के मुमुक्ष आश्रम में सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। दोनों जगह मेले जैसा नजारा रहा। विरक्त आश्रम में आचार्य माधव नारायण शास्त्री, आचार्य बलदेव प्रसाद शास्त्री ने हवन पूजन कराया।

इस मौके पर स्वामी जगन्नाथ महाराज, स्वामी सुखानंद महाराज, यज्ञ समिति अध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, रमेश गुप्ता, सोनू गुप्ता, प्रकाश बाबू शिवहरे, भार्गव मिश्रा, विपिन गुप्ता, अशोक शिवहरे, बाल गोपाल गुप्ता, चन्द्रपाल सचान, स्पर्श, बच्चा पांडेय, रामविलास गुप्ता, बिंदा प्रसाद गुप्ता, राकेश गुप्ता, सुरेश यादव, मुनीर खान आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति ने विरक्त आश्रम के झील में यमुना जी की मूर्ति की स्थापना की गई।

गुरु पूर्णिमा पर्व पर हवन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

चिट फंड कंपनी फरार, एजेंट ने लगाई फांसी

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के वार्ड संख्या 15 में एक युवक ने तगादेदारों से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

राजशेखर प्रजापति।

थानाक्षेत्र के ग्राम पारा रैपुरा गांव का मूल निवासी राजशेखर प्रजापति (35) कस्बे के वार्ड संख्या 15 में परिवार सहित रहता था, वह चिट फंड कंपनी में बतौर एजेंट कार्य करता था। बताते हैं कि तमाम जान पहचान एवं नाते रिश्तेदारों का लाखों रुपया उसने चिट फंड कंपनी में लगवा दिया था। बाद में कंपनी गायब हो गई। लोग राजशेखर से तगादा कर रहे थे। बताते हैं कि तीन दिन पूर्व कुछ लोगों ने तगादे को लेकर घर आकर जमकर उत्पात मचाया था, जिससे वह बेहद परेशान था। रविवार रात उसने पत्नी के साथ खाना खाया और कुछ समय अकेले रहने की बात कहकर पत्नी को कमरे से बाहर कर दिया। इसी बीच उसने फांसी लगा ली। कमरे में किसी तरह की आहट न होने पर पत्नी ने अन्य परिजनों को बुलाया। मृतक के भाइयों ने दरवाजा तोड़ा तो वह फांसी पर लटक रहा था। आनन फानन में उसे फांसी से उतारकर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी आराधना ने बताया कि उसके पति चिट फंड कंपनी यूनीमैक्स, स्वर्ण भारती, एआईएम लाइफ, स्वदेशी सहित आधा दर्जन कंपनियों के एजेंट थे। इन कंपनियों में उन्होंने नाते रिश्तेदारों से लेकर जान पहचान वालों का करीब 40 से 50 लाख रुपया निवेश कराया था।

लापता युवक का पड़ा मिला शव

सरीला (हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र के धगवां गांव निवासी पैंतीस वर्षीय युवक लगभग एक पखवाड़े पूर्व अपनी भैंस चराने खेतों पर गया था और तभी से अचानक गायब हो गया था। मामले में परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। रविवार को गांव के ही खेत में युवक का सड़ा गला शव बरामद हुआ है।

धगवां गांव के श्याम सुंदर का बड़ा बेटा मोहित (35) दस जुलाई को अपनी भैंस चराने खेतों में गया था। शाम को भैंसे घर आ गईं, लेकिन मोहित नहीं लौटा था। उसकी काफी खोजबीन की गई मगर उसका कहीं पता नहीं चल रहा था। उसका मोबाइल भी बंद जा रहा था। काफी खोजबीन के बाद जब उसकी कोई जानकारी नहीं मिली तो छोटे भाई मंगल ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। रविवार को गांव के ही किसान नन्हे महाराज के खेत में सड़ा गला शव पड़ा होने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया।

भक्तों की अगवानी को शिवालय तैयार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। सावन का पहला सोमवार होने के चलते रविवार को शहर के सभी शिवालयों में साफ सफाई से लेकर सुरक्षा के सारे इंतजाम कर लिए गए। सोमवार को उमड़ने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए शिवालयों में बेरिकेंडिग के साथ ही महिला और पुरुषों की अलग लाइन की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मंदिरों के बाहर पुलिस भी मुस्तैद रहेगी।

सावन का पहला सोमवार आज है। इसको लेकर रविवार को मुख्यालय के सभी मंदिरों में भक्तों के द्वारा विधिवत साफ सफाई की गई और मंदिरों को सजाया गया। ताकि भक्त मंदिरों में पहुंच भगवान शंकर की आराधना कर सकें और जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक भी कर सकें। इसके लिए मंदिरों में सारी तैयारियां भी कर ली गई है। शहर के संगमेश्वर मंदिर, पातालेश्वर मंदिर, नर्वदेश्वर मंदिर, गौरा देवी स्थित शिव मंदिर, चौरा देवी मंदिर स्थित शिव मंदिर में रंग रोगन व साफ सफाई की जा चुकी है।

मंदिरों के बाहर रहेगा पुलिस का पहरा : कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि शहर के सभी शिवालयों में सावन के पहले सोमवार के चलते पुलिस का कड़ा पहरा लगेगा। शहर के प्रमुख संगमेश्वर व पातालेश्वर मंदिर में एक-एक एसआई के साथ महिला व पुरुष कांस्टेबल तैनात रहेंगे। ताकि कहीं पर भी किसी भक्त के साथ कोई घटना न घट सके। इसके लिए सारे इंतजाम कर लिए गए हैं।

संगमेश्वर मंदिर में साफ सफाई करते कर्मी। अमृत विचार

संगमेश्वर मंदिर परिसर में लगेगा मेला

सावन के पहले सोमवार के चलते मेरापुर मोहल्ले में स्थित संगमेश्वर मंदिर में मेले का भी आयोजन किया जाएगा। यह मेला सावन माह में प्रत्येक सोमवार को लगेगा। जिसमें घर गृहस्थी के सामान के साथ साथ खानपान की भी दुकानें लगेंगी। सुबह से लेकर शाम तक मेला मंदिर परिसर में लगा रहेगा।

सार-संक्षेप

संपूर्ण समाधान दिवस आज

हमीरपुर। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विजय शंकर तिवारी ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को होगा। बताया कि शासन के विशेष सचिव राजस्व ने पिछले 18 जुलाई को निर्देशित किया था कि शनिवार को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया जाएगा। पौधारोपण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित होने पर जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिसमें अधिकांश अधिकारी उनकी व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेगें। ऐसे में शनिवार को आयोजित होने वाला तहसील दिवस/सम्पूर्ण समाधान दिवस 22 जुलाई सोमवार को आयोजित किया जाएगा।

लाखों की नकदी जेवर लेकर युवक घर से फरार

सुमेरपुर (हमीरपुर)। मां बाप के रिश्तेदारी में चले जाने पर युवक घर में रखे चार लाख बीस हजार नकद तथा करीब 4 तोला सोने के जेवरात आदि लेकर चंपत हो गया। पिता ने पुत्र के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। कस्बे में पेट्रोल पंप के पीछे नई बस्ती में रहने वाले संजय कुमार व उसकी पत्नी सीमा ने बताया कि वे चाट का ठेला लगाकर जीवन यापन करते हैं। शनिवार को वह रिश्तेदारी में बहन-बहनोई के साथ गए थे। घर में पुत्र रितेश (22) था। रविवार को सुबह करीब 10 बजे जब वे लौटे तो मकान का दरवाजा खुला पड़ा था और पुत्र रितेश गायब था। वह घर में रखे चार लाख बीस हजार रुपये तथा चार तोला सोने एवं ढाई सौ ग्राम चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। उन्होंने मकान बनवाने के लिए रुपये बैंक से निकाल कर घर में रखे थे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने मामले की जांच कस्बा इंचार्ज राजवीर सिंह को सौंपी है।

सहेलियों से मिलने आई युवती लापता

मौदहा (हमीरपुर)। अपने भाई के साथ गांव से सहेलियों से मिलने की बात कहकर कस्बा आई युवती रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने तहरीर देकर बताया कि उसकी बाईस वर्षीय पुत्री मौदहा में अपनी सहेलियों से मिलने की बात कहकर अपने भाई के साथ आई थी। जिस पर उसका भाई कस्बे के नेशनल चौराहे पर दो लड़कियों के पास छोड़कर नेशनल कालेज पढ़ने चला गया, लेकिन जब वापस लौटकर आया तो उसकी पुत्री नहीं मिली, पिता ने बताया कि उसने अपने संबंधियों में सभी जगह तलाश किया और उसका फोन भी बंद आ रहा है। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते सीओ सदर। अमृत विचार

नए कानूनों के संबंध में आयोजित की गई कार्यशाला

हमीरपुर। एक जुलाई को भारत में लागू हुए नए कानूनों के बारे में जानकारी प्रदान करने और पुलिस अधिकारियों को अपडेट करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जनपद के समस्त थानों से चिन्हित उन विवेचकों/अधिकारियों को प्रशिक्षित करना है, जो त्रुटिवश पुलिस कार्रवाई/ विवेचना में पुराने कानून की धाराओं का उपयोग कर लेते हैं। क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल व जनपद के अभियोजक अधिकारियों ने कार्यशाला में नए कानूनों के प्रावधानों पर विशेष ध्यान देकर भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 और उन्हें सही तरीके से लागू करने पर विस्तृत चर्चा की।

कार्रवाई — मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक के साथ की छापेमारी, भनक मिलते ही कई अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों के शटर गिरे

कस्बे में नियम विरुद्ध चल रहा एक अस्पताल व पैथोलॉजी सीज

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कस्बे के दो स्थानों पर छापेमारी कर नियम विरुद्ध चलाए जा रहे एक अस्पताल सहित एक पैथोलॉजी को सीज कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ताबड़तोड़ इस कार्रवाई से कस्बे में ऐसे अस्पतालों और पैथोलॉजी की शटर गिर गए और वहां कार्य कर रहे लोग इधर-उधर हो गए।

रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने कस्बे में अपने औचक निरीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी के साथ कस्बे के मुख्य तहसील मार्ग बस स्टैंड के सामने एकता पैथोलॉजी का औचक निरीक्षण किया। हालांकि इसकी सूचना ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों तक पहुंचते ही उनके संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के शटर गिरा दिए। इसके बाद वह कपसा मार्ग रहमानिया इंटर कॉलेज के निकट डॉ. इकराम के अपना अस्पताल पर पहुंचे। तमाम जांच पड़ताल के बाद इन दोनों प्रतिष्ठानों को सीज कर दिया गया। बाद में सीएचसी के अधीक्षक डॉ.तिवारी ने बताया कि अपना अस्पताल के डॉ. इकराम एलोपैथी दवाओं का इस्तेमाल करते हैं जबकि वह यूनानी चिकित्सा पद्धति के डॉक्टर हैं। इस संबंध में उन्हें पूर्व में नोटिस दी गई थी, जिसका जवाब उन्होंने नहीं दिया और न ही अपना पंजीयन उचित समय और उचित स्थान पर कराया। वह पंजीयन संबंधी आवेदन की भी कोई रसीद नहीं दिखा सके जबकि एकता पैथोलॉजी के संचालक शिवम ने कोई अभिलेख सीएमओ को नहीं दिखाए।

सीएमओ ने जांच में पाया कि उसने 7 साल से अपना पंजीयन ही नहीं कराया और बिना किसी पंजीयन के ही धड़ल्ले से पैथोलॉजी चला रहे थे। इस संबंध में डॉ. इकराम का कहना था कि उन्होंने आयुर्वेद यूनानी चिकित्सा अधिकारी के यहां अपने पंजीयन के लिए आवेदन किया है।

मौदहा कस्बे में सीज किया गया अस्पताल। अमृत विचार

आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 161 मरीजों का उपचार किया गया

कुरारा (हमीरपुर)। स्थानीय सीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमे 161 मरीजों का उपचार किया गया। स्थानीय सीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 161 मरीजों का ओपीडी में उपचार किया गया। जिसमें 39 लोगों की जांच की गई, 08 बीपी व 4 सुगर की जांच की गई, 03 मरीजों को रेफर किया गया। वही अन्य ज्यादातर मरीज खुजली, बुखार, उल्टी दस्त के मरीजों का उपचार किया गया।

पुल पर जाम लगाने में 38 पर एफआईआर

15 अज्ञात लोगों पर भी गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज, आरोपियों में दो युवक जिला मुख्यालय के हैं निवासी

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

जाम लगाए बैठे मृतक के परिजन और अन्य। (फाइल फोटो)

अमृत विचार। मानिकपुर में युवक की संदिग्ध हालात में मौत के बाद हुए बवाल और जाम के बाद आखिरकार पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मानिकपुर के साथ सरैंया और कर्वी निवासी 23 नामजद और 10-15 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रिपोर्ट थाने के प्रभारी निरीक्षक/ अपराध निरीक्षक और मछलीशहर जौनपुर निवासी प्रभुनाथ यादव ने दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर प्रभुनाथ यादव ने रिपोर्ट में बताया है कि वह एसआई पवन चौधरी, कांस्टेबल जलील अहमद, भास्कर शुक्ला और चालक प्रभात कुमार दुबे के साथ 15 जुलाई को चेकिंग कर रहे थे। डाट पुल चौराहे पर अंजनी शुक्ला पुत्र जनार्दन प्रसाद निवासी गर्गनपुरवा सरैया, अव्यय शरण गौतम पुत्र नवीन गौतम निवासी आर्यनगर, मोंटी गुर्जर पुत्र गुड्डू, अर्पित केशरवानी पुत्र अज्ञात, सनी गौतम पुत्र माधव, दीपक उर्फ बेटु गुप्ता पुत्र महेश गुप्ता, नितिन सेठिया पुत्र रामानंद, साकेत गुप्ता पुत्र अज्ञात, सदानंद केशरवानी पुत्र लल्लू केशरवानी, राहुल गुर्जर पुत्र अज्ञात, अशोक साहू पुत्र मुन्नीलाल, सतानंद साहू उर्फ बृजेश पुत्र अज्ञात, पीयूष गुर्जर पुत्र अज्ञात, किशन गुर्जर पुत्र अज्ञात, अनमोल केशरवानी पुत्र अज्ञात, चंदू केशरवानी पुत्र अज्ञात, आशु खटिक पुत्र अज्ञात, मोनू खटिक पुत्र अज्ञात, शोभित केशरवानी पुत्र अज्ञात, अभिलाष केशरवानी पुत्र सत्यनारायण, अनीश पुत्र अज्ञात सभी निवासी मानिकपुर, रामशरण तिवारी पुत्र अज्ञात, शिवेंद्र सिंह उर्फ शिवा पुत्र अज्ञात निवासी कर्वी और 10-15 अज्ञात लोगों ने जाम लगाया था। इसमें महिलाएं, बच्चे और बीमार लोगों के साथ एंबुलेंस फंसी थी।

इन धाराओं में दर्ज की गई है रिपोर्ट

जानकारी के अनुसार, आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता के तहत गैरकानूनी सभा करना, इसमें शामिल होना, बलवा, सार्वजनिक रास्ते में लोगों को बाधा पहुंचाने, एसिड अटैक आदि से संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्या था मामला

दरअसल 14 जुलाई को मोहर्रम के जुलूस के दौरान आर्यनगर निवासी युवक अंशु आरख उर्फ अंशु सिंह पुत्र स्व. नत्थू प्रसाद की ढोल बजाने को लेकर कुछ लोगों से बहस हो गई थी। इस पर पुलिसकर्मी अंशु को थाने ले गए थे। बाद में अंशु का क्षत विक्षत शव थाने से लगभग 10 किमी दूर केकरामार गांव के पास रेलवे पटरियों पर पड़ा मिला था। परिजनों ने आरोप लगाया था कि पुलिसकर्मियों ने पिटाई के बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए पटरियों पर शव डाल दिया। अगले दिन परिजनों और अन्य लोगों ने स्टेशन के पास जाम लगा दिया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिसकर्मियों पर प्रथमदृष्टया लापरवाही का आरोप सिद्ध मानते हुए तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक विनोद शुक्ला, दीवान वीर सिंह सहित युवक को पकड़कर लाने के आरोपी सिपाहियों प्रमोद पासवान व अंकित राजपूत को सस्पेंड कर दिया था।

आने-जाने वालों से अभद्रता का आरोप

रिपोर्ट में इंस्पेक्टर ने यह भी दर्ज कराया है कि जाम लगाने वाले लोग आने जाने वालों से अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे और आसपास की दुकानें बंद करा दी गई थीं। चारों तरफ अफरातफरी का माहौल था। आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र कर मृतक के परिवारीजनों को भड़काकर करीब सात घंटे जाम लगाने का आरोप है।

निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी प्रमोद झा। अमृत विचार

श्रद्धालुओं को न हो दिक्कत अन्ना गोवंश को करें संरक्षित

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- आज से सावन प्रारंभ, एसडीएम ने मातहतों को दिए निर्देश

अमृत विचार। गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में सावन के प्रथम सोमवार पर पूजन अर्चन का विशेष कार्यक्रम होगा। पूर्व संध्या पर रविवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने कस्बे के द्वादश शिवालयों में मौका मुआयना किया। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि अन्ना गोवंशों को संरक्षित किया जाए।

एसडीएम ने कहा कि श्रावण मास में शिवभक्तों का पूजा अर्चना एवं रुद्राभिषेक के लिए मंदिरों में तांता लगा रहता है। देवीदयाल शिवाला सब्जी मंडी, हनुमान मंदिर रोड, अर्धनारीश्वर और शिवहरे शिवाला सहित अन्य शिवालयों में पूजा अर्चना करने की पुरानी परंपरा है। रविवार को इन शिवालयों को भव्यता के साथ सजाया गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा को निर्देश दिए कि सभी शिव मंदिरों के आसपास सफाई, विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। अशोक द्विवेदी, दीपक कुमार, मुन्ना चौरसिया, देवकीनंदन मोदनवाल, दीपक, जगदीश जायसवाल, रमेश मोदनवाल आदि श्रद्धालु मंदिरों में साजसज्जा करने में जुटे रहे।

गायत्री शक्तिपीठ में हुआ कार्यक्रम

सीतापुर (चित्रकूट)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ में महोत्सव हुआ। इसमें प्रातः गायत्री जप व अखंड यज्ञ के साथ गुरु पूजन कार्यक्रम हुए। चित्रकूट के अलावा रीवा, रतलाम, प्रयाग, कौशांबी, बांदा, सतना, फतेहपुर आदि जिलों के अलावा सऊदी अरब तक से शिष्य यहां पहुंचे। डा. रामनारायण त्रिपाठी ने गुरु महिमा बताई। बताया कि गुरु पूर्णिमा अनुशासन का पर्व है।

व्यास आदिगुरु का जन्मदिन है, इसलिए यह व्यास पूर्णिमा है। ज्ञान देने व्यास जी ने वेद पुराणों की रचना कर अज्ञान निवारण किया जो गुरु का कार्य है।बताया कि इस युग के व्यास पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने 3200 पुस्तकें लिखकर बीस करोड़ लोगों का तंत्र खड़ा किया, विश्व गुरु की भूमिका निभाई।

संपूर्ण गायत्री परिवार उनको ही गुरु मानता है। उनके ज्ञान को घर घर पहुंचाने के अनुशासन का सभी ने संकल्प लिया। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया।

एक नजर

दो वारंटी गिरफ्तार

चित्रकूट। राजापुर के एसआई सिद्धनाथ राय ने वारंटी राजकुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद उर्फ पलोधर यादव निवासी नादिन कुर्मियांन को पकड़ा। भरतकूप के एसआई राम कुमार ने वारंटी शंकरदीन पुत्र बैजनाथ निवासी ग्राम भरथौल को गिरफ्तार किया।

संपूर्ण समाधान दिवस आज

चित्रकूट। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सोमवार को होगा। यह जानकारी जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने दी। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को पौधरोपण कार्यक्रम की वजह से अब संपूर्ण समाधान दिवस 22 जुलाई को आयोजित किए जाने के शासन से निर्देश दिए गए हैं।

कृषि मंत्री आज करेंगे समीक्षा बैठक

चित्रकूट। दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन सोमवार को प्रदेश के कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग मंत्री सूर्य प्रताप शाही सुबह कामदगिरि की परिक्रमा करेंगे। इसके बाद वह कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। उनका कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत परियोजनाओं का शिलान्यास करने का भी कार्यक्रम है।

मिशन शक्ति के तहत दी जानकारी

चित्रकूट। मिशन शक्ति -4 के तहत रविवार को थानों की एंटी रोमियो टीमों ने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं/ बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। टीमों ने महिलाओं को मिशन शक्ति व शक्ति दीदी के बारे बताया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। बताया गया कि सभी थानों में महिलाओं के लिए महिला हेल्पडेस्क है।

किशोरी को फुसलाकर ले जाने का आरोप

मऊ (चित्रकूट)। थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर बांदा जिले के एक युवक पर उसकी किशोरी पुत्री को बहला फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाया है। उसने बताया है कि 19 जुलाई को वह और उसकी पत्नी खेत गए थे। घर में बच्चे अकेले थे। इसी दौरान चरखा थाना मरका (बांदा) निवासी प्रदीप कुमार उसके घर पहुंचा और उसकी 16 वर्षीया बेटी को बहला फुसलाकर साथ ले गया।

अपने-अपने गुरुओं की पूजा कर आशीर्वाद लेते शिष्य। अमृत विचार

गुरु की पूजा अर्चना कर लिया संपन्नता का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- तीर्थक्षेत्र में पूर्णिमा की रही धूम

अमृत विचार। तीर्थक्षेत्र में गुरु पूर्णिमा की धूम रही। शिष्यों ने अपने गुरुओं की पूजा अर्चना की और उनसे सुख समृद्धि और संपन्नता का आशीर्वाद लिया। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर उनका संदेश है कि सभी राम सापेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना करें।

तीर्थक्षेत्र में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है। अपने अपने गुरुओं की पूजा करके ये शिष्य आशीर्वाद लेते हैं। इस अवसर पर तुलसी पीठ में जगद्गुरु रामभद्राचार्य, भागवत पीठ खोही में भागवताचार्य नवलेश दीक्षित, पंपासुर आश्रम में प्रेमदास तपशाली आदि गुरुओं के शिष्यों ने उनकी पूजा की। निर्मोही अखाड़ा, भरत मंदिर आदि में भी गुरु पूर्णिमा पर आयोजन हुए।

तिलक कर गुरु से आशीर्वाद लेते शिष्य। अमृत विचार

नेम प्लेट संबंधी आदेश सही : जगद्गुरु

जगद्गुरु ने लोगों को बैरभाव छोड़कर प्रेमभाव से रहने की नसीहत दी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कांवड़ यात्रा के रास्ते पर दुकानदारों के नेम प्लेट संबंधी आदेश को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि नाम अनिवार्य ही है। योजनाओं का लाभ भी तो नाम से ही पाते हैं। बिना नाम के गलत लोग चले आते हैं और अव्यवस्था करते हैं।

तुगलकी फरमान है नेम प्लेट लगाने का आदेश : रुद्र

कार्यालय संवाददता, चित्रकूट

- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक में निंदा प्रस्ताव

अमृत विचार। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई की बैठक में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दुकानों में नेम प्लेट संबंधी आदेश को तुगलकी फरमान की संज्ञा दी है। जिला सचिव रुद्र प्रसाद एडवोकेट ने कहा कि इस विभाजनकारी आदेश को जल्द से जल्द वापस लेना चाहिए।

पार्टी के कैंप कार्यालय में रविवार को हुई बैठक की अध्यक्षता चुनकू राम पाल एडवोकेट ने की। रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड की भाजपाई सरकारों के उस फैसले की कड़ी निंदा करती है, जिसमें कांवड़ यात्रा के पूरे रास्ते में पडऩे वाली सभी खानपान की दुकानों के मालिकों को निर्देश दिया गया है कि वे नाम प्रदर्शित करें।

इस फरमान से साफ हो गया कि भाजपा सरकारों का मकसद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़ाना और धार्मिक समुदायों के बीच तनाव को पालना-पोसना है। यह कदम सरासर असंवैधानिक है और सभी नागरिकों के लिए बराबरी के बुनियादी सिद्धांत की जड़ पर आघात करता है। एनडीए के घटक दलों के नेताओं को सरकारों पर इस आदेश को निरस्त करने के लिए दबाव डालना चाहिए।

बैठक में शिवमोहन यादव एडवोकेट, ओमप्रकाश सिंह एडवोकेट, विनोद पाल एडवोकेट, शशिभूषण पाल एडवोकेट, आनंद मिश्रा एडवोकेट, राम सहाय, वीर बहादुर सिंह, पूनम, संगीता वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहीं।

तूल पकड़ रहा मुखारबिंद निर्माण का मामला

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- कोतवाली प्रभारी ने कहा फिलहाल कोई तहरीर नहीं

अमृत विचार। तीर्थक्षेत्र में पांचवां मुखारबिंद का निर्माण कार्य किए जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस संबंध में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत श्यामदास के पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग के बाद कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने मौका मुआयना किया। उनका कहना है कि मामले की जानकारी की जा रही है। उनके पास इस संबंध में कोई तहरीर नहीं आई है।

दरअसल, महंत श्यामदास ने कुछ लोगों पर तीर्थक्षेत्र में पांचवंह मुखारबिंद के निर्माण की शिकायत एसपी को पत्र भेजकर की थी। महंत का कहना है कि परिक्रमा में भगवान कामतानाथ के चार मुखारबिंदों का ही वर्णन आया है। बताया था कि कुछ समय पहले खोही निवासी दो भाइयों को, जो तृतीय मुखारबिंद मंदिर में पुजारी थे, भगवान के वस्त्र आदि चोरी करने पर निकाल दिया गया था। महंत का आरोप है कि इससे क्षुब्ध होकर अब ये लोग अपने घर में ही मुखारबिंद का निर्माण करा रहे हैं, जो मर्यादा के विरुद्ध है। महंत का कहना है कि इससे साधु-संतों में आक्रोश है। श्यामदास का दावा है कि मंदिर के बहाने दोनों लोग वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की फिराक में हैं। महंत ने एसपी से पूरे मामले की जांच कराने और निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया है। उधर, इस संबंध में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वह शनिवार को मौके पर गए थे और जानकारी ली थी। यह पता चला था कि निर्माण की अनुमति नहीं ली गई थी। घर में निर्माण किया जा रहा था। फिलहाल किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है।

भीटा निर्माण में अनियमितता की शिकायत

पहाड़ी (चित्रकूट)। समाजवादी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव लवलेश यादव ने सीडीओ को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत जिगनवार में भीटे और मेड़बंदी बनाने में अनियमितता का आरोप लगाया है। लवलेश ने बताया है कि उनसे ग्रामीणों ने शिकायत की है कि जिगनवार में जेई और कार्यप्रभारी द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। मानक के अनुसार भीटा नहीं बनाया जा रहा। इसमें लाखों रुपये के बजट को ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही है। सपा नेता ने सीडीओ से जांच कराने की मांग की है।

ग्रामोदय विवि में दो दिवसीय उत्सव

सीतापुर। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव शुरू हुआ। इस अवसर पर गुरुओं का सम्मान किया गया। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने गुरु का महत्व व गुरु से सतत् मिलने वाली ऊर्जा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माता पिता के अतिरिक्त गुरु ही ऐसा व्यक्तित्व है जो अपने शिष्य के विकास के लिए सदैव उत्साहित रहता है। शिष्य को अपनी अंतरात्मा से गुरु का सम्मान करना चाहिए। प्रो. आईपी त्रिपाठी, डा. रामखेलावन पांडेय, प्रो. अमरजीत सिंह, डा. सुधाकर मिश्रा, डा. वंदना पाठक, प्रो. घनश्याम गुप्ता, डा. अजय कुमार, सिद्धार्थ शर्मा और डा. राकेश कुमार आदि के अलावा विद्यार्थी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मानिकपुर 'दुर्ग' की जिम्मेदारी संभालेंगे दुर्गविजय सिंह

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- एसपी ने किया 26 अधिकारियों की तैनाती में फेरबदल

अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एक बार फिर थानाध्यक्षों की तैनाती स्थल में फेरबदल किया है। उन्होंने छह इंस्पेक्टर और 20 सब इंस्पेक्टरों को इधर से उधर किया है। हाल ही में चर्चा में रहे मानिकपुर थाने की जिम्मेदारी इंस्पेक्टर दुर्गविजय सिंह को दी गई है।

अपराध निरीक्षक मानिकपुर प्रभुनाथ यादव को पुलिस लाइंस भेजा गया है। अब तक पुलिस लाइंस से संबद्ध रहे नरेश कुमार प्रजापति उनकी जगह लेंगे। प्रभारी निरीक्षक डायल 112 शिवमूरत यादव अब प्रभारी एएचटीयू थाना होंगे। शंभू दयाल मौर्य चुनाव कार्यालय से प्रभारी निरीक्षक डायल 112 बनाए गए हैं। अजीत कुमार पांडेय को पुलिस लाइंस से अपराध शाखा विवेचना भेजा गया है। सब इंस्पेक्टर और सीतापुर चौकी प्रभारी गौरव तिवारी को कोतवाली कर्वी से संबद्ध किया गया है। एसआई अनिल कुमार गुप्ता को कोतवाली कर्वी से चौकी प्रभारी सीतापुर बनाया गया है। चौकी प्रभारी गनीवां रहे एसआई अनिल कुमार सिंह अब डायल 112 प्रभारी दोपहिया होंगे। चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह को अब गनीवां की जिम्मेदारी दी गई है। कोतवाली से संबद्ध रहे एसआई श्यामदेव सिंह को सरैंया प्रभारी बनाया गया है। एसआई प्रभुनाथ यादव को पुलिस लाइंस से कोतवाली में वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया है। एसआई अजहर जमाल और बालकिशुन को भरतकूप से और राम सिंहासन पांडेय को पुलिस लाइंस से बहिलपुरवा भेजा गया है। राहुल पांडेय को कोतवाली से भरतकूप, विपिन कुमार मिश्रा को पहाड़ी से सीओ राजापुर आफिस स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार पुलिस लाइंस से एसआई रमेश को न्यायालय सुरक्षा, अरविंद कुमार द्विवेदी को प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ, रमेश चंद्र तिवारी को राजापुर, ननकऊ गौतम को पहाड़ी, ओमप्रकाश सिंह को मऊ, शंभूशरण सिंह को मानिकपुर और गीता को महिला थाना भेजा गया है। एसआई संतोष कुमार त्रिपाठी का महिला थाना से न्यायिक सम्मन सेल में तबादला हुआ है।

आयोजन | रघुवीर मंदिर में पांच दिन का कार्यक्रम

125 कन्याओं ने रखा गौरी व्रत

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

पूजा करतीं व्रत रखने वाली बालिकाएं। अमृत विचार

अमृत विचार। जानकीकुंड स्थित श्री रघुवीर मंदिर में पांच दिवसीय गौरी एवं जया पार्वती व्रत का कार्यक्रम चल रहा है। इसमें 123 कन्याओं ने व्रत धारण किया। अंतिम दिन रात्रि जागरण के साथ व्रत का उद्यापन किया जाएगा।

श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट 40 वर्षों से प्रतिवर्ष इस धार्मिक आयोजन को कर रहा है। शनिवार से इस आयोजन की शुरुआत हुई। सद्गुरु महिला समिति की अध्यक्ष उषा बी जैन ने बताया कि यह व्रत प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से श्रावण कृष्ण द्वितीया तक पांच दिन किया जाता है। इसमें कन्याएं भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना, पूजा एवं उपासना करती हैं। बताया कि इस वर्ष ट्रस्ट परिवार की कुल 125 बालिकायें इस व्रत को रखे हैं। पहले दिन जवारा रोपा गया और व्रत शुरू किया गया। प्रतिदिन नित्य नियम पूजन इत्यादि के साथ अंतिम दिवस पर रात्रि जागरण होता है। इसमें बालिकाएं धार्मिक प्रसंगों पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां करती हैं। अंत में ज्वारा विसर्जन के साथ व्रत का उद्यापन होता है। इस कार्यक्रम में देश भर से आने वाले गुरुभाई-बहनें एवं शिष्य परिवार बढ़चढ़ कर शामिल होते हैं। ये व्रत करने वाली बालिकाओं को देवी का स्वरूप मान कर उनकी पूजा करते हैं।

बाइक को बचाने में ट्रैक्टर पलटा, चार लोग घायल

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

पलटा पड़ा ट्रैक्टर।

अमृत विचार। बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर भी पलट गया। इससे तीन लोग घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

थानांतर्गत ग्राम पंचायत मनकुंवार के पास परदवां-मऊ संपर्क मार्ग में बनी पुलिया में ट्रैक्टर के पीछे अनियंत्रित बाइक जा घुसी जिसे बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर भी पुलिया के नीचे पलट गया। इससे ट्रैक्टर सवार तीन और बाइकसवार एक महिला घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार, मंडौर निवासी राकेश (22) पुत्र दिनेश बबूल की लकड़ी लेने रविवार को मनकुंवार गया था। अपराह्न लगभग दो बजे मनकुंवार स्थित परदवां-मऊ संपर्क मार्ग की खस्ताहाल सड़क पर बनी पुलिया पर एक अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर के पिछले पहिये से टकरा गई। बचाने के चक्कर में चालक नियंत्रित खो बैठा और ट्रैक्टर भी पुलिया के नीचे पलट गया। लोगों ने बांस और बल्लियों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को निकाला।

इसमें राकेश के साथ ट्रैक्टर पर सवार रहे शिवकुमार (60) पुत्र सूरजदीन, शारदा प्रसाद (23) पुत्र शिवचंद्र को भी चोटें आईं। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बाइक से अपने परिजन के साथ जा रही संतरा देवी (45) पत्नी माताप्रसाद निवासी मंडौर भी दुर्घटना में घायल हुईं।

पहले बाइक पर डंडा मारकर गिराया, फिर पीटा

मऊ (चित्रकूट)। थानांतर्गत परदवां गांव निवासी हर्षदेव पुत्र कृष्णदेव ने कुछ युवकों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने इनके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। छात्र हर्षदेव ने बताया कि वह 20 जुलाई को बाबा प्राणनाथ विद्यालय पूरबपताई से अपने दोस्तों शनी और अरमान द्विवेदी के साथ बाइक से घर जा रहा था। गोटइया बाबा के पास श्याम निषाद पुत्र गंगादीन निवासी बरहा कोटरा, श्याम और तीन अज्ञात लोगों ने चलती बाइक पर डंडे से मारा, इससे तीनों लोग गिर गए। इन लोगों ने उन तीनों को जमकर मारापीटा। अरमान और शनी के सिर पर गंभीर चोटें आईं। उसने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की गुहार की है।

सांसद कृष्णा पटेल को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। अमृत विचार

भाकियू ने दिया सांसद को ज्ञापन

चित्रकूट। बीते दिनों भाकियू की अगुवाई में सांसद कृष्णा पटेल को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि ज्ञापन में एमएसपी गारंटी कानून, व्यापक ऋणमाफी, फ्री बिजली की गारंटी कानून, अन्ना मवेशियों से बचाव आदि मांगे शामिल हैं। जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि 24 जुलाई तक मवेशियों को संरक्षित नही किया गया तो 25 जुलाई से जिलाधिकारी कार्यालय में घेराव किया जाएगा। मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, रामकरण सिंह, नीलकंठ द्विवेदी, शिवदयाल सिंह बघेल, शैलेंद्र सिंह, नरेश त्रिपाठी, योगेंद्र सिंह, जयनारायण सिंह, अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, जसवंत सिंह, राजकुमार सिंह, रमेशचंद्र पाठक, राजकिशोर सिंह, संतगोपाल, रामेश्वर सिंह, शिव कमलेश, रामशरण, छेदीलाल, विनय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

पूरे दिन गुल रही आधे शहर की बिजली

लोग हुए हलकान, बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिजली दुरुस्त कराने के लिए लगाईं दो टीमें

संवाददाता कार्यालय, महोबा

पठा बिजली फीडर। अमृत विचार

अमृत विचार। पठा विद्युत फीडर में खराबी आ जाने से रविवार को सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से उमस भरी गर्मी में लोगों का बुरा रहा। बिजली आपूर्ति लगभग आठ घंटे तक बाधित रहने से शहर में बने सीडब्ल्यूआर और ओवरहेड टैंकों में नाम मात्र का पानी भर सका, जिससे पेयजल आपूर्ति पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। चंद मिनट नल आने से लोगों को पानी के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

गौरतलब है कि जिले में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। हालत यह है कि आएदिन रात और दिन में कई कई घंटे बिजली कटौती की जा रही है, जिससे लोग उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। वहीं दूसरी तरफ बिजली व्यवस्था प्रभावित होने से इलेक्ट्रानिक्स कारोबार में भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

सुबह दस बजे से शहर के मोहल्ला शेखूनगर, भटीपुरा, मनिकचायपुरा, बड़ीहाट, हवेली दरवाजा, समदनगर, आफिसर्स कालोनी, शीतलादेवी नगर, रजा

- पठा विद्युत फीडर में खराबी की वजह से ठप रही बिजली

कलोनी सहित आधे शहर में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में शाहपहाड़ी चुरबुरा, कुम्हडोरा सहित कई गांव की सारा दिन बत्ती गुल रही, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पठा फीडर में खराबी आ जाने के कारण बिजली विभाग के अधिकारियों ने टीम लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल कराने के लिए काम शुरू करा दिया है। दो टीमें कई घंटे बीत जाने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं करा सकीं।

आएदिन टूटते हैं जर्जर बिजली लाइन के तार

इस साल गर्मी का मौसम शुरू होते ही बिजली आपूर्ति पटरी से उतर गई है। मई, जून में भी कई कई घंटे कटौती हुई, वहीं जुलाई में भी अब बिजली कटौती बंद होने का नाम नहीं ले रही है, जबकि शासन द्वारा शहरी क्षेत्रों में बीस घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति के आदेश हैं, बिजली व्यवस्था आए दिन ठप रहती है। शहर के कई इलाकों में दशकों पुरानी जर्जर बिजली लाइन के तार टूटने से भी बिजली व्यवस्था धड़ाम हो जाती है।

टूटी पुलिया की मरम्मत करते मजदूर। अमृत विचार

मनरेगा में बनाई गई पुलिया एक साल में हुई धराशाई

जैतपुर महोबा। ग्राम पंचायत खिरियाकला में मनरेगा योजना के तहत निर्मित पुलियों के घटिया निर्माण के चलते एक साल में ही धराशाई हो गई, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने से खेतों से वाहन निकालने पड़ रहे हैं। बारिश के दिनों में अब वाहनों को निकालना भी खेतों से मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने घटिया निर्माण की जांच कराए जाने को मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज कराई है। विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत खिरियाकला में वर्ष 2022–23 में अरुण पाठक और प्रागीलाल के खेत के रास्ते पर पुलिया का निर्माण ग्राम प्रधान द्वारा कराया गया था, लेकिन दोनों पुलिया टूट गई हैं, जिससे ग्राम प्रधान व सचिव के घटिया निर्माण की पोल खुल गई है। अब बारिश में पुलियों के टूट जाने से लोगों को कई किमी. का चक्कर लगाकर निकलना पड़ रहा है और खेतों से वाहन निकालना पड़ रहे हैं, जिससे बारिश के चलते वाहन नहीं निकल पा रहे हैं। गांव के ब्रजेश पाठक सहित तमाम ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया टूट जाने से अब किसान अपने खेतों की तरफ जुताई बुवाई करने के लिए वाहनों को नहीं ले जा पा रहे है। तमाम किसान दूसरे के खेतों से ट्रैक्टर निकालकर अपने खेतों पर पहुंच रहे है। ग्राम प्रधान ने टूटी पुलिया को दुरुस्त करने का कार्य शुरू करा दिया है।

पेट्रोल पंप कर्मी से मारपीट करने वाले गिरफ्तार

महोबा। चार दिन पूर्व देर रात दो बाइक सवारों द्वारा रिलायंस पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरने के विवाद में पंप कर्मचारी की मारपीट करने के बाद अभियुक्त फरार हो गए थे।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन टीम का गठन कर अभियुक्तों की तलाश की गई थी आज पुलिस टीम ने दोनों अभियुक्तों को मय बाइक के गिरफ्तार कर लिया है। शहर के चरखारी बाईपास स्थित पेट्रोल पंप में दो बाइक सवारों द्वारा 17 जुलाई की देर रात पेट्रोल भरने के विवाद में पंप पर तोड़फोड़ करते हुए पंप कर्मचारी की मारपीट करने समय दरवाजे के कांच का टुकड़ा लग जाने से उसे गंभीर हालत में झांसी रेफर कर दिया गया था। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। सीसीटीवी फुटेज से उनकी पहचान कराते हुए शीघ्र ही गिरफ्तार किये जाने के लिए विभिन्न स्थानों में दबिश दी गई और मुखबिर की सूचना पर पठा पावर हाउस शेखू नगर के पास से उक्त घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त अर्सिल (22), जुनैद खान (24) को बाइक सहित गिरफ्तार किया गया।

मनमाने तरीके से खोदी जा रही है पीएनजी की लाइन

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- घरों के समाने गड्ढे खोदकर डाल दिये, बंद कराने को कहने पर ठेकेदार करता है अभद्रता

घर के दरवाजे पर खोदा गया गड्ढा।

अमृत विचार। पीएनजी गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार द्वारा खोदाई कार्य में अनिमितताएं बरतते हुए सड़कों पर चौड़े चौड़े खड्डे खोदे जा रहे हैं, जिसके चलते लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं इसका विरोध करने पर ठेकेदार द्वारा कस्बा कबरई में एक परिवार के साथ अभद्रता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित द्वारा थाना कबरई पुलिस को शिकायती पत्र देकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। कस्बा कबरई के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी राहुल ने थाना पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि जिले में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड कंपनी के ठेकेदार द्वारा गैस पाइप लाइन द्वारा उपभोक्ताओं को उनकी रसोई तक पीएनजी गैस पहुंचाने के लिए, सड़कों की खोदाई कराई जा रही है, जिससे कई स्थानों पर पाइप लाइन टूट जाने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है, इससे लोगों में ठेकेदार के प्रति खासा गुस्सा है। मनमाने तरीके से चौड़ी चौड़ी पाइप लाइन खोद कर पीएनजी पाइप लाइन बिछाने के बाद लाइन में मिट्टी डालकर समतल कर दिया जाता है, लेकिन बारिश में गड्ढे की मिट्टी धंस जाने से लोगों को वाहन निकालने व आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। ठेकेदार बिना अनुमति के सड़कों की खोदाई करवाने में जुटा हुआ है।

पीड़ितों ने बताया कि घर के दरवाजों पर खोदे गए गड्ढों को बंद करने की बात कही तो ठेकेदार दबंगई पर उतारु हो गया और अभद्रता करते हुए कार्य पूरा होने के बाद ही गड्ढा बंद करने पर अड़ गया लगा। बताया कि परिजनों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ भी अभद्रता करने लगा। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस सम्बन्ध में थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन ठेकेदारों कोई कार्रवाई नहीं की गई।

मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 158 मरीजों की जांची सेहत

संवाददाता कार्यालय, महोबा

आरोग्य मेले में मरीजों को देखती स्वास्थ्य टीम। अमृत विचार

अमृत विचार। रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम के निर्देश पर विकासखंड जैतपुर के अजनर, खमा और अकौना पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। तीनों स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित आरोग्य मेले में आए हुए ग्रामीणों का पंजीयन करते हुए 158 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। गर्मी और उमस के चलते डायरिया, उल्टी, दस्त से पीड़ित बच्चों की संख्या अधिक रही। आरोग्य मेले में सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी, जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने वहां पर आये सभी मरीजों का परीक्षण किया।

पीएचसी अजनर में लगाए गए मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में फार्मासिस्ट सुरेन्द्र कुमार, एएनएम नीतू, एलटी शैलेन्द्र, अरूण की देखरेख में 54 मरीजों का डाक्टरों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। पीएचसी खमा में डॉ. शैलेन्द्र सिंह, फार्मासिस्ट जेपी पस्तोर की मौजूदगी में 51 मरीजों का परीक्षण कर स्वास्थ्य सलाह दी गई। इसी प्रकार अकौना में 53 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण सुनीता सिंह, अभय यादव, फार्मासिस्ट अविनाश, सोमवती, गीता की स्वास्थ्य टीम द्वारा किया गया। आरोग्य मेले में तीनों स्थानों पर स्वास्थ्य टीम द्वारा मरीजों को एक एक कर बुलाया और उनकी समस्याओं को सुनते हुए उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं व सलाह प्रदान की गई।

डाक्टरों ने ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया कि डायरिया मुख्य रूप से वायरस और बैक्टीरिया के कारण होता है। लगातार मल त्याग करना, लूज स्टूल, मतली, पेट में ऐंठन और डिहाइड्रेशन इसके मुख्य लक्षण हैं। बताया कि बारिश के मौसम में अक्सर डायरिया की समस्या बढ़ जाती है और इसका सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे होते है।

- डॉक्टरों ने बारिश के चलते मच्छरों से बचाव और होने वाली बीमारियों के बारे में बताया

बताया कि मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया मॉनसून के मौसम में मच्छरों के काटने से फैलने वाली खतरनाक बीमारियां हैं। बारिश के मौसम में जगह जगह पर पानी जमा हो जाता है, इसके साथ ही गंदगी भी बढ़ती है इसलिए घरों के आसपास पानी न एकत्र होने दे और मच्छरों से बचाव करें।

आक्रोशित किसानों ने सौंपा ज्ञापन

महोबा। चरखारी तहसील के अंतर्गत ग्राम बरायें के दो दर्जन किसानों ने रविवार को तहसील स्थित उपजिलाधिकारी चरखारी के आवास में पहुंच कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि अन्ना जानवरों द्वारा उनकी फसलों को बर्बाद किया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि दो दिन पहले गौशाला में अन्ना जानवरों को बंद कर दिया गया था, लेकिन ग्राम प्रधान ने दबंगई के चलते सभी जानवरों को बाहर निकाल दिया। इसके परिणामस्वरूप अन्ना जानवर किसानों की फसलों को तबाह कर रहे हैं। साथ ही ग्राम प्रधान ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह एक भी जानवर गौशाला में बंद नही करेगा गौशाला पूरी खाली पड़ी है। किसानों ने नायब तहसीलदार आलोक मिश्रा से न्याय की गुहार लगाई हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा।

चरखारी को विश्व धरोहर में शामिल कराने की होगी पैरवी : राजपूत

कार्यालय संवाददाता महोबा

- यूनेस्को विश्व धरोहर समिति की बैठक के लिए गंगाचरण हुए नामित
- 31 जुलाई तक भारत मंडपम नई दिल्ली में चलेगी बैठक

पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत।

अमृत विचार। यूनेस्को विश्व धरोहर समिति की बैठक भारत मण्डपम नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई तक होगी, जिसमें हमीरपुर महोबा लोक सभा क्षेत्र के पूर्व सांसद को प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा टीम ने प्रदेश की तीन सदस्यीय टीम में शामिल किया है। जिससे चरखारी का नाम यूनेस्को विश्व धरोहर में पहुंचेगा और इसे चरखारी महोबा के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

यूनेस्को विश्व धरोहर एक ऐसी संस्था है जो कि पर्यटन विकास के क्षेत्र में भारत की धरोहरों की खोज करता है और उनका रख रखाव करते हुए उन्हें संरक्षित घोषित करता है। 21 जुलाई से 31 जुलाई तक 10 दिन चलने वाली बस बैठक के लिए सचिव संस्कृति मन्त्रालय भारत सरकार के निर्देश पर निदेशक पर्यटन ईश प्रिया ने पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, इतिहासकार रवि भटट तथा रंजन सिंह होटल व्यवसायी को समिति में शामिल किया है। इस बावत पूछे जाने पर राजपूत ने कहा कि यूनेस्को की बैठक में उनका नाम शामिल किया जाना बुन्देलखण्डियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि 10 दिन चलने वाली इस बैठक में बुन्देलखण्ड क्षेत्र की धरोहरों का प्रजेंटेशन उनके द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि चरखारी एक आलीशान रियासत रही है जिसमें आज से 200 साल पहले जो विकास कार्य हुए हैं वह सराहनीय रहे हैं। उन्होंने कहा कि चरखारी के रियासतकालीन धरोहरें झीलनुमा तालाब पूरे देश के लिए एक मॉडल पेश करते हैं।

श्री राजपूत को यूनेस्को की बैठक के लिए सदस्य बनाए जाने पर नगर में उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय पत्रकारों, अधिवक्ताओं और सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व संभ्रान्त लोगों ने इस उपलब्धि की सराहना की है।

गुरु पूर्णिमा पर लोगों ने अपने-अपने गुरुओं से लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता महोबा

अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनपद में जगह जगह सुन्दरकाण्ड हवन पूजन के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने जनपद के विभिन्न मन्दिर परिसरों में सुन्दर काण्ड का पाठ कराया। बाद में हवन पूजन के साथ पूर्णाहुति के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने अपने अपने गुरुओं से आशीर्वाद लिया। इसके बाद विभिन्न मन्दिरों में जाकर अपना व अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर

- जगह-जगह सुंदरकांड हवन पूजन और भंडारों का किया गया आयोजन

मुख्यालय के समाजसेवी केके सिंह ने जिला अस्पताल के पीछे स्थित हनुमान जी मन्दिर में अपने साथियों के साथ पहुंचकर सुन्दरकाण्ड का पाठ कराया गया। हवन पूजन कर पूर्णाहुति के साथ विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मन्दिर के महंत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक या फिर अकादमिक गुरुओं के सम्मान, उनके वंदन और उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है। हम सब मनुष्यों के जीवन निर्माण में गुरुओं की अहम भूमिका होती है। हिंदुओं की परंपरा के मुताबिक आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। इसी प्रकार समूचे जनपद में गुरु पूर्णिमा पर जगह जगह भण्डारों का आयोजन किया गया।

वहीं खन्ना क्षेत्र के बन्नी गांव में चन्द्रावल नदी के किनारे स्थित कैलासपुरी धाम के महन्त श्री श्री 108 स्वामी ध्यानान्द महाराज ने विगत वर्षों कि भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। बन्नी पुरा मवई खुर्द, बरभौली, खन्ना, ग्योढी सहित हमीरपुर जनपद के अनेकों गांव के भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।

बीएलओ कार्य छोड़ने को शिक्षकों का इस्तीफा

मौदहा। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों में बीएलओ का कार्य देख रहे शिक्षकों ने सामूहिक रूप से त्याग पत्र देकर हड़कंप मचा दिया। उनका मानना है कि शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कोई कार्य नहीं लिया जा सकता है। ऐसे में शिक्षक पद की गरिमा धूमिल होती है।

कस्बा सहित क्षेत्र में बीएलओ का काम देख रहे शिक्षकों ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया। बताया कि आरटीई एक्ट 2009 और एनईपी 2020 के प्रावधानों के अनुसार शिक्षक से शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य नहीं लिया जा सकता है। समय समय पर न्यायालय द्वारा भी ऐसे ही आदेश दिए गए हैं। साथ ही शिक्षकों से अन्य काम लेने पर जहां शिक्षक पद की गरिमा धूमिल होती है।

अन्ना मवेशियों को पकड़कर भेजा गोशाला

कार्यालय संवाददाता महोबा

अन्ना मवेशियों को गौशाला ले जाते सफाई कर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। खरीफ की फसल की बुवाई होने के बाद खेतों के आस-पास और सड़कों पर घूम रहे अन्ना पशुओं से फसल को बचाने और उन्हें दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए पालिका प्रशासन ने शहर और आसपास सड़कों पर घूमने वाले अन्ना मवेशियों को कान्हा गौशाला मामना में भेजने की कवायद तेज कर दी है। इसके लिए सफाई कर्मचारियों की टीमों को लगाया गया है जो समूचे शहर और आसपास के खेतों व सड़कों में घूम रहे अन्ना जानवरों को खदेड़ कर गौशालाओं में पहुंचा रहे हैं।

मालूम हो कि जिले में करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गई गौशालाएं खाली पड़ी हैं। गौशाला संचालकों द्वारा तीन माह पहले पशुओं को गौशाला से हटा दिया था, जिससे अन्ना जानवर रात में सड़कों पर और दिन में खेतों के आसपास घूमने लगे हैं। इससे एक तरफ जहां किसानों की फसल के लिए दिन रात रखवाली करनी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ सड़कों पर बैठने वाले अन्ना मवेशियों की जान को खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक रामसेवक और भूपेंद्र कुमार की मौजूदगी में अन्ना मवेशियों को पकड़ने का काम कराया गया। इस काम को अंजाम देने के लिए नगर पालिका की भारी भरकम सफाई कर्मचारियों की फौज दिनभर पशुओं को पकड़ने में जुटी रही और अन्ना पशुओं को लेकर गौशाला में पहुंचाया गया इससे अब किसानों ने राहत की सांस ली है।

रविवार को एक बार फिर दौड़ी इंटरसिटी

सुमेरपुर,हमीरपुर। दोहरीकरण कार्य के चलते पिछले एक सप्ताह से दिन में गुजरने वाली गाड़ियों को बंद करने के बाद रविवार को दोपहर में कानपुर से चित्रकूट धाम कर्वी तक इंटरसिटी एक्सप्रेस को दौड़ाया गया। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली।

यमुना साउथ रेलवे स्टेशन से लेकर रागौल स्टेशन तक दोहरीकरण का कार्य होने के कारण रेलवे ने गुजरने वाली यात्री गाड़ियों को पूर्व में 14 से 17 जुलाई तक बंद रखा था। 18 जुलाई को इंटरसिटी को दोपहर एवं शाम में चलाकर बाकी यात्री ट्रेनों को 22 जुलाई तक स्थगित रखा था। गुरु पूर्णिमा पर्व के मद्देनजर रविवार को रेलवे ने कानपुर से चित्रकूट धाम कर्वी तक दोपहर में इंटरसिटी को फिर चलाया। शाम को यह वापस कानपुर लौट गई।

आस्था | समिति द्वारा महिलाओं को वितरित की गईं साड़ियां, परिक्रमा में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

गोरखगिरि की परिक्रमा लगाकर श्रद्धालुओं ने मांगी सुख समृद्धि

संवाददाता कार्यालय, महोबा

महिलाओं को साड़ियां वितरित करते समिति के सदस्य।

परिक्रमा लगाते श्रद्धालु। अमृत विचार

अमृत विचार। गुरु गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं द्वार ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा लगाई गई और शिव मंदिर में माथा टेककर सुख समृद्धि के साथ देश में शांति कायम रखने के लिए प्रार्थना की। परिक्रमा सम्पन्न होने के बाद भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। साथ ही महिलाओं को पीताम्बरा साड़ियां भी वितरित की गई।

आषाढ़ मास की पूर्णिमा पर रविवार की सुबह छह बजे से शिव मंदिर से गोरखगिरि परिक्रमा की शुरुआत की गई, जो रामजानकी मंदिर, कबीर आश्रम, छोटी चंद्रिका माता मंदिर से होते हुए, पुलिस लाइन, काल भैरव मंदिर से पुनः शिव मंदिर में आकर सम्पन्न हुई। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालु भगवान की भक्ति में लीन होते हुए श्रद्धाभाव के साथ पैदल चल रहे थे। परिक्रमा के बाद आयोजित गोष्ठी में पूर्व प्रोफेसर डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि संत शिरोमणि बाबा गोरखनाथ की तपोस्थली गोरखगिरि पर्वत में कजली महोत्सव के दूसरे दिन मेला लगाये जाते हैं, इस मेले में विश्व स्तरीय सांस्कृतिक व आध्यात्मिक समागम कराए जाने की आवश्यकता है, जिससे लोग गुरु गोरखनाथ के आध्यात्मिक जीवन को समझ सकें। इस मौके पर भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया, जिसे सुन श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखे। समिति द्वारा महिलाओं को साड़ियां भी वितरित की गईं, जिन्हें पाकर महिलाएं खासी खुश नजर आईं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी, हरीशंकर नायक, गौरीशंकर कोष्टा, हरप्रसाद अनुरागी, बैजनाथ, मुन्नालाल, संतोष, अजीत, जगदीशचंद्र, रामप्रकाश सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

सावन का पहला सोमवार आज, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता महोबा

साफ-सफाई कर चमकाया गया शिवालय। अमृत विचार

अमृत विचार। भगवान शिव के पूजन के लिए, सोमवार से शुरू हो रहे पवित्र सावन माह को लेकर शिवालयों में साफ सफाई करने के साथ रंग रोगन कर तैयार कर दिया गया है। रविवार को श्रद्धालु सारा दिन शिव मन्दिरों की साफ सफाई में जुटे रहे। उमंगेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव सहित शिव मन्दिरों में साफ सफाई करने के साथ साथ रंगाई पुताई करके तैयार कर दिया गया है। सवान माह के पहले सोमवार को श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद बेल पत्र, धतुरा आदि से पूजन करेंगे।

सावन का पहला सोमवार 22 जुलाई को पड़ेगा। सावन के सोमवार से हो रही शुरुआत को लेकर शिव भक्तों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बड़ी चन्द्रिका देवी मन्दिर के पास शिवजी के मन्दिर,

- शिव मंदिरों में भक्तों और पुजारियों ने की साफ-सफाई कर चमकाए शिवालय
- शिवालयों में देररात से ही लगने लगा श्रद्धालुओं का तांता

शिव ताण्डव, रामकथा मार्ग के शिव मन्दिर, मंदिर परिसर, बल्खंडेश्वर, कटेश्वर सहित जनपद के सभी शिवालयों में भक्तों ने साफ सफाई की। द्वादर्श उमंगेश्वर शिवालय का निर्माण आध्यात्मिक दृष्टि से हुआ है। अपने अनूठे व विशिष्ट शिल्प उत्तम दर्जे की साफ सफाई तथा पूजन आदि होने वाले अनुष्ठानों में पूर्ण शुद्धता के चलते अल्पकाल में ही यह शिवालय सुदूर क्षेत्रों में अत्यन्त लोकप्रिय व विख्यात हो चुका है। त्योहारों और श्रावण मास में श्रद्धालुओं की यहां पर भारी भीड़ उमड़ती है।

गुरु की महिमा अजब निराली, सूखी डाली पे हरियाली

गुरु पूर्णिमा पर शिष्यों ने किया गुरुओं का वंदन और अभिनंदन, गुरु आवासों और आश्रमों में रही शिष्यों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। इंटरनेट के इस युग में जीवन के मूल्यों में बड़ा परिवर्तन हुआ है, लेकिन यह गुरु-शिष्य परंपरा प्राचीन काल से लेकर आज भी बहुत अधिक नहीं बदली और गुरु-शिष्य के मूल्यों का निर्वहन अभी तक जारी है। गुरु पूर्णिमा का दिन अपने गुरुओं के प्रति आदर प्रदर्शित करने का है। इसलिये रविवार को लोगों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार भेंट देकर अपने गुरुओं के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया। शिष्यों ने गुरु के दरबार में हाजिरी लगाकर उनका वंदन, चंदन और अभिनंदन किया और आशीर्वाद ग्रहण किया।

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के निम्पार स्थित शांतिधाम पहाड़ी बाबा आश्रम में गोलोकवासी संत भगवान दास बैरागी की तपोस्थली में उनके शिष्यों का जमावड़ा लगा रहा। आश्रम में महंत बलरामदास बैरागी ने शिष्यों को आशीर्वाद के साथ प्रसाद दिया। शिष्यों के सहयोग से आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां शिष्यों के साथ ही आसपास के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए पं.बालेंद्र द्विवेदी ने बताया कि गुरु पूजन की शुरूआत महर्षि वेद व्यास के समय हुई थी। इसीलिये गुरु पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। उधर शहर के इंदिरा नगर मोहल्ले में पूर्व प्रधान पतौरा ओमप्रकाश त्रिपाठी और उनकी पत्नी ग्राम प्रधान विनीता त्रिपाठी ने अपने गोलोकवासी गुरु पं.राजनारायण अवस्थी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। वहीं जरैली कोठी स्थित पं.प्रमोद द्विवेदी के आवास पर भी उनके शिष्यों की खासी भीड़ उमड़ी। शिष्यों ने गुरु पूजन करके उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। पं.द्विवेदी ने अपने शिष्यों को गुरु की महिमा बताते हुए कहा कि एक शिष्य के लिये गुरु का स्थान भगवान से भी ऊंचा होता है। इसीलिये कबीरदास लिखते हैं 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागूं पांय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताय'। बताया कि गुरु की प्रतिमा यदि पत्थर अथवा मिट्टी की स्थापित करके भी कोई शिष्य ज्ञान की प्राप्ति करना चाहता है, तो वह भी संभव है। इसी तरह शहर के क्योटरा में पं.उमाकांत त्रिवेदी शास्त्री के आवास पर भी सुबह से लेकर शाम तक शिष्यों का जमावड़ा रहा। ऐसे ही शहर के अलीगंज स्थित गायत्री शक्ति पीठ में भी पूरे दिन हवन-पूजन और गुरु पूजा का कार्यक्रम चलता रहा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु आवासों पर शिष्यों की कतार लगी रही। किसी ने अपने गुरु के गंगाजल से चरण धोए तो किसी ने माल्यार्पण कर गुरु के प्रति अपनी श्रृद्धा प्रकट की।

अपने हाथों से गुरु को मिष्ठान का भोग लगाया और फिर स्वयं प्रसाद ग्रहण किया। अधिकांश शिष्यों ने अपने गुरु के पैर भी दबाये। गुरुजनों ने अपने शिष्यों को सुखी और समृद्धिशाली होने का आशीर्वाद दिया। शिष्यों ने गुरुजनों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार भेंट भी प्रदान की।

क्योटरा में गुरु आवास में जुटी शिष्यों की भीड़। अमृत विचार

पहाड़ीबाबा आश्रम में गुरु की पूजा करते शिष्य। अमृत विचार

गुरुजनों का लिया ऑनलाइन आशीर्वाद

वैसे तो गुरु पूर्णिमा को गुरु–शिष्य की परंपरा को निभाने का सबसे अच्छा अवसर माना जाता है, लेकिन व्यस्तता के कारण बहुत से शिष्य अपने गुरुओं की दहलीज तक नहीं पहुंच पाये। ऐसे में उनके पास बस एक ही चारा था कि वे अपने गुरुजनों के ऑन लाइन दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें। तमाम शिष्यों ने इंटरनेट के सहारे गुरु की पूजने की परंपरा का निर्वहन किया। घरों से ही गुरुजनों का ऑनलाइन आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं ज्यादातर शिष्यों ने तो अपने गुरुजनों का आशीर्वाद पाने के लिए उनके चित्र व विग्रह को सामने रखकर की पूजा अर्चना की परंपरा निभाई।

महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में हुआ भव्य आयोजन

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर चिल्ला क्षेत्र के ग्राम भवानी पदारथपुर में संचालित महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ महर्षि आश्रम में वैदिक पंडितों के सानिध्य में बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु पूजन से की गई। वेदपाठी छात्रों ने भावातीत ध्यान का अभ्यास किया गया और वेद पाठ के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति ब्रह्म पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान आश्रम प्रभारी राजनारायण निगम व प्रबंधक अनिल खरे ने गुरुदेव की महिमा का बखान किया और संस्था की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सार-संक्षेप

किसान का अधजला शव मिला, हत्या का आरोप

बांदा। संदिग्ध परिस्थितियों में किसान का शव खेत में बने ट्यूबवेल के अंदर अधजला पड़ा मिला। मृतक के पौत्र ने लाठी से पीटकर करंट से जला कर मार डालने का आरोप लगाया है। पैलानी थाना क्षेत्र के कुकुआ खास गांव निवासी शिवराम (75) पुत्र दुल्ला का शव रविवार की सुबह खेत में बने ट्यूबवेल के अंदर अधजला पड़ा पाया गया। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के पौत्र पंकज ने बताया कि शिवराम किसानी करता था। उसके पास 16 बीघा जमीन है। चार दिन पहले शिवराम के बेटे राजेश का गांव के लोगो से विवाद हो गया था। शनिवार को राजेश किसी काम से पैलानी गया था। शिवराम खेत में बने ट्यूबवेल में लेटने गया था। आरोप लगाया कि रंजिश के चलते शिवराम को लाठी से पीटकर घायल कर दिया। इसके बाद करंट से जला कर मार डाला और ट्यूबवेल का बाहर से ताला लगाकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष आनंद कुमार का कहना है कि फॉरेसिंक टीम से जांच करवाई गई। कटआउट बाहर पड़ा मिला था। आशंका है कि करंट लगने से मौत हुई है। पुत्र बाहर से ताला लगा कर चला गया था।

भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में चयन होने पर दी बधाई

जालौन। नगर के साधारण किसान के परिवार के बेटे हर्ष शुक्ला का भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में साइंटिफिक ऑफिसर के पद पर चयन होने पर जिले के तमाम लोग उनके घर पहुंच कर हर्ष को शुभकामनाएं देते हुये उनके माता पिता तथा चाचा को भी बधाई दी। हर्ष शुक्ला ने संपूर्ण भारत में चयनित 10 बच्चों में से तीसरी रैंक हासिल की है। नगर के मोहल्ला भवानीराम निवासी हर्ष शुक्ला पुत्र अंजनी कुमार शुक्ला ने हाई स्कूल नगर के एमएल कॉन्वेंट स्कूल व इंटर महर्षि विद्या मंदिर उरई से उत्तीर्ण किया। इसके बाद आईईटी लखनऊ से बीटेक किया। चौथे वर्ष में गेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में आवेदन किया। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर उन्हें इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। जिसमें उनका चयन साइन्टिफिक ऑफिसर के पद पर हुआ। शनिवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह बना जी, नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल, गौरव गुर्जर, पुनीत मित्तल, सभासद ललित शुक्ला आदि ने घर पहुंच कर हर्ष को शुभकामनाएं दी।

कोच कमल यादव और महेंद्र सोनी के साथ पायल। अमृत विचार

आगरा हॉस्टल में चयनित होने पर आगरा टीम से खेलेगी पायल

बांदा। कबड्डी खिलाड़ी पायल तिवारी का चयन आगरा हास्टल में होने पर खिलाड़ियों व तमाम खेल प्रेमियों ने खुशी जताई। स्टेडियम में समारोह के बीच चयनित खिलाड़ी को कबड्डी एसोसिएशन समेत अन्य संगठन पदाधिकारियों ने विदाई दी। सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को आगरा हास्टल के लिए चयनित खिलाड़ी के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित हुआ। डा.सुरेश कुमार द्विवेदी, शिवकुमार गुप्ता, गजराज सिंह, नितिन द्विवेदी, धनंजय सिंह टीटू, अमित सिंह, चंद्रमौलि भारद्वाज, अंकित कुशवाहा, महेंद्र सोनी, शिवबदन निषाद, कल्पना कमल, शैलेंद्र कुशवाहा, उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन सचिव कमल सिंह यादव ने चयन पर पायल तिवारी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। एसोसिएशन सचिव ने बताया कि प्रदेश में बालिकाओं के एक मात्र आगरा हास्टल में बांदा की तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसके पूर्व आफरीन मंसूरी और अस्मित का चयन हो चुका है। दोनों चयनित खिलाड़ी आगरा में प्रशिक्षण ले रही हैं। अब पायल तिवारी का चयन आगरा हास्टल के लिए हुआ है।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

कांग्रेसियों ने पूर्व सांसद के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

बांदा। स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में रविवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह की अगुवाई में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरियादीन पासी को पुण्य तिथि पर याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। शहर अध्यक्ष ने कहा कि वह सर्व समाज के लोगों की आवाज को प्रमुखता से सदन में उठाते थे। ऐसे महान पुरुष की यादें सभी कांग्रेसियों के अंदर विद्यमान रहेगी। उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का काम करेंगे। बी लाल, राजबहादुर गुप्ता, डा. केपी सेन, सुखदेव गांधी, शिवबली सिंह, पवन देवी कोरी, बल्देव वर्मा, अशरफ उल्ला रंपा, अशोक वर्धन कर्ण, धीरू पांडेय, गेंदालाल यादव, लाला मंसूरी, अली बक्स, जुबैदा समेत तमाम कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

सर्वर फेल होने से तमाम लोगों की छूटी ट्रेनें

कालपी जालौन। सर्वर फेल होने की वजह से कालपी रेलवे स्टेशन में यात्रियों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। टिकट लेने के लिए नागरिकों को घंटों इंतजार करना पड़ा। समय से टिकट न मिल पाने की वजह से तमाम लोगों की गाड़ियां भी छूट गयीं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की रात से संचार व्यवस्था प्रणाली के तहत सर्वर फेल हो गया। इस कारण रेलवे स्टेशन में स्थापित विंडो में कंप्यूटरीकृत व्यवस्था से बनने वाले टिकट की व्यवस्था धड़ाम हो गई। रविवार को सिस्टम से टिकट न निकलने की वजह से ऑपरेटरों के द्वारा मैन्युअल टिकट बनाकर यात्रियों को प्रदान किये गये। दरअसल प्रतिदिन 11 – 12 बजे के बीच झांसी– कानपुर आने–जाने वाली मेमो ट्रेन का ठहराव कालपी में होता है। इस कारण दोनों गाड़ियों से यात्रा कर गंतव्य स्थान जाने वाले यात्रियों की भीड़ रेलवे स्टेशन में बढ़ जाती है। रविवार को यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन में टिकट बनाने के लिए दो खिड़कियों से ऑपरेटर मैन्युअल टिकट बनाते रहे, जिससे रेलवे स्टेशन में टिकट लेने वालों की लंबी–लंबी कतारें लग गई। इस आपाधापी के बीच तमाम यात्री टिकट लेने से वंचित रह गये और तमाम यात्रियों की गाड़ियां छूट गईं।

किशोरी के गायब होने पर मुकदमा दर्ज

कालपी(जालौन)। तीन दिन पहले 16 वर्षीय किशोरी के घर से गायब होने पर पीड़ित पिता के द्वारा कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम जयरामपुर निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी जब अपने खेत पर काम करने गया था, दिनांक 18–7–24 की दोपहर को प्रार्थी की 16 वर्षीय पुत्री घर से गायब हो गई। जब घर लौटा तो देखा पुत्री घर में नहीं थी। वादी के द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन पुत्री का कुछ पता नही चल सका। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह को सौंपी है।

छाबी तालाब में आज 7 घंटे बंद रहेगी बिजली

बांदा। पीली कोठी स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के छोटी बाजार फीडर पर 400 केवीए ट्रांसफार्मर छाबी तालाब से निकलने वाली जर्जर एलटी लाइन को बदला जाना है। उपखंड अधिकारी चंदन यादव ने बताया कि सोमवार को छाबी तालाब के आसपास की बिजली आपूर्ति सुबह 11 से शाम छह बजे तक बाधित रहेगी।

बसपा की जिला बैठक में जमकर हुआ हंगामा

उरई। नवनियुक्त बसपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र दयालु के कार्यकाल में जिला स्तरीय बसपा की दूसरी बैठक कस्बा बंगरा में हुई। उक्त बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोआर्डिनेटर मुकेश अहिरवार, हेमंत प्रताप सिंह, बुद्धप्रिय गौतम के अलावा सुरेश कुमार गौतम तथा जिला प्रभारी जितेंद्र दोहरे, जिला प्रभाव छुन्ना पाल भी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र दयालु ने की। सूत्रों की अगर माने तो बसपा की जिला स्तरीय बैठक में मात्र दो दर्जन लोगों का शामिल होना बताया जा रहा है। फिर भी बसपा मिशनरी कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा तक काट दिया। बताते चले कि बसपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र दयालु जब बसपा अध्यक्ष बनकर और उन्होंने नयी जिला कमेटी की घोषणा करने के लिए मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के बगल में स्थित गेस्ट हाउस में जिला स्तरीय बैठक बुलाई थी जिसमें आक्रोशित बसपाइयों ने अध्यक्ष के विरोध में हंगामा काट दिया था जिसकी वजह जिला कमेटी की घोषणा नहीं हो सकी थी।

एक नजर

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के दोहा गांव निवासी 19 वर्षीय उमेश पुत्र रामभवन शनिवार की रात सो रहा था। तभी नजदीक में रखे टेबल फैन में हाथ छू गया। जिससे करंट की चपेट में आ कर चिपक गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। रात को लघु शंका के लिए पिता की नीद खुली तो देखा उसका हाथ पंखा में चिपका था। आनन फानन आपूर्ति बंद कर उसे करंट से मुक्त कराया। तब तक उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि उमेश दो भाईयो में छोटा था। वह बड़े भाई बुद्धराज के साथ सूरत मे रहकर काम करता था। वह डेढ माह पहले गांव आया था।

बाइक-साइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौसड़ गांव निवासी राजबहादुर (60) रविवार की दोपहर अपनी पत्नी पानकुमारी (55) को साइकिल में बैठाकर तिंदवारी आ रहा था। तभी बबेरू रोड पर इंटर कालेज के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार दंपति को टक्कर मार दिया। दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक आनियंत्रित होकर गिर पड़ी। फतेहपुर जिले के भिटौरा गांव निवासी सूरज (18) पुत्र धनराज यादव की मौके पर मौत हो गई। मृतक के भाई संदीप ने बताया कि सूरज अपनी बहन की ससुराल तिंदवारी थाना क्षेत्र के भगौती नगर में रहता था। वह बाइक लेकर घूमने जा रहा था। तभी हादसा हो गया।

दो बाइक चोर गिरफ्तार

उरई। बीती रात थानाध्यक्ष रामपुरा ने दो मोटर साइकिल चोरों को गिरफ्तार किया, घटना क्रम के अनुसार थानाध्यक्ष रामपुरा रात्रि गस्त पर थे, तभी एक मोटर साइकिल सवार दो युवकों ने पुलिस को देखकर मोटर साइकिल तेज भागा दी। पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को कब्जे में ले लिया और मोटर साइकिल के कागजात मांगने पर दोनो युवक कागज नहीं दिख सके। दोनों युवकों ने मोटर साइकिल चोरी की होने की बात कबूल की, हिरासत में लिए गए एक युवक ने अपना नाम गोलू दोहरे पुत्र राजू दोहरे और दूसरे ने रवि खटीक बताया।

बलिहारी गुरु आपकी गोविंद दियो बताए

- गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जगह-जगह हुए भंडारे

कालपी जालौन। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर लोग धर्मस्थलों व आश्रमों में पहुंचे और अपने की उनकी पूजा अर्चना करके उनसे आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर तमाम जगह भंडारा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कालपी नगर व क्षेत्र धार्मिक स्थलों से पटा पड़ा है यहां के बनखंडी देवी मंदिर भुरेश्वर मंदिर जनपद की बड़ी नागा गद्दी बड़ा स्थान व्यास मन्दिर मैनपुर आश्रम सहित दर्जनों स्थानों पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भंडारा आदि का प्रबंध किया गया साथ ही वनखंडी देवी के महंत जमुनादास जी ढोड़ेश्वर मंदिर के महंत अवधेश महाराज मैनूपुर आश्रम के महाराज नारायण हरि महाराज बड़ा स्थान के महाराज महामंडलेश्वर श्री रामकरन दास जी आदि स्थान पर शिष्यों में पहुंचकरअपने गुरु की पूजा अर्चना की। तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया अषाढ़ की पूर्णिमा का हिंदू धर्म में अपना एक अलग ही महत्व है इस दिन सभी शिष्य अपने गुरुओं के पास जाकर उनसे आशीर्वाद लेते हैं। महंतों ने लोगों से गुरुओं के दिखाए रास्ते पर चलने की अपील की है।

गुरु का आशीर्वाद लेते शिष्य।

खान–पान में श्रीअन्न को शामिल करें

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। दो दिवसीय श्री अन्न महोत्सव समापन समारोह में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान कैबिनेट मंत्री ने लोगों से भेजन की थाली में प्रतिदिन श्री अन्न (मोटा अनाज) को शामिल करने का आह्वान किया। कहा कि श्री अन्न से वजन घटाने, ब्लडप्रेशर व मधुमेह को संतुलित करने में सहायता मिलती है। पूरे बुंदेलखंड में मोटे अनाज की खेती करने की अपार संभावनाएं हैं। मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात और पद्मश्री ने मोटे अनाज को सुपर फूड बताया।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय श्री अन्न महोत्सव रविवार को खत्म हो गया। समापन समारोह में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सूर्य प्रताप शाही ने मोटे अनाज की उपयोगिता बताई। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न के प्रति आमजन मानस में कृषि विवि के कुलपति डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जागरुकता बढ़ेगी। विशिष्ट अतिथि एवं मिलेट्स मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध व पद्मश्री डॉ. खादर वली ने कहा कि यदि हम स्वाद पर आश्रित होना बंद कर देंगे तो निरोग हो जाएंगे। इससे पूर्व ट्रस्ट संस्थापक अध्यक्ष पूर्व सांसद डॉ.आरके सिन्हा ने कहा कि श्रीअन्न हमारी गलतियों के सुधार का अन्न है। । पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, रमेशचंद्र द्विवेदी, कृषक समृद्धि आयोग सदस्य श्याम बिहारी गुप्ता, प्रबंध परिषद सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने श्रीअन्न के महत्व बताते हुए इस्तेमाल पर जोर दिया। कुलपति प्रो.नरेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

वहीं कृषि विवि में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में पोस्टर, प्रश्नोत्तरी व श्रीअन्न की रेसपी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा किसानों को श्रीअन्न के बीज देकर सम्मानित किया गया।

श्रीअन्न महोत्सव को संबोधित करते कृषि मंत्री। अमृत विचार

- कृषि विश्वविद्यालय में श्री अन्न महोत्सव में कृषि मंत्री ने किया संबोधित

किसानों ने बिजली घर में जड़ा ताला

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। परौसा उप केंद्र से ब्लाक क्षेत्र के 15 से 20 गांवों की आपूर्ति की जाती है इस समय खरीफ फसल का सीजन सिर पर है किसानों के नलकूप नहीं चल पा रहे है जिस कारण किसानों का धैर्य आज जवाब दे गया और खुटमिली , परौसा, उदनपुर,कुसमरा, बागी , उकुरुवा, गोहना, पाली,ढिंवहा का डेरा आदि गांवों के एक सैकड़ा किसान नारे बाजी करते हुए परौसा उपकेंद्र पहुचे किसानों के आक्रोश को देख कर ड्यूटी कर रहे विद्युत विभाग के कर्मचारी भाग खड़े हुए किसानों ने उपकेंद्र पहुचकर वहां ताला बंद कर दिया और वहीं धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे किसान मेहरबान सिंह, जयराम, महेन्द्र सिंह, फूल सिंह, राज कुमार, राज बहादुर, अखिलेश कुमार, बबलू यादव, रवि सिंह, मुकुंद शुक्ला, आदर्श दीक्षित, बाबू यादव, दिनेश कुशवाहा, भोला, सर्वेश, मनु सिंह, कमेन्द्र सिंह, सुशील कुमार आदि ने बताया कि पिछले 20 दिनों से लाइट बराबर ढाई फेस आ रही है जिससे नलकूप नही चल पा रहे है धान की रोपाई के लिए पौध भी सुख रही है । वही इस संबंध मे एसडीओ राजेश पटेल का कहना है कि लाइन ओवरलोड है इसलिए बार बार लाइन फाल्ट होती जिस कारण उसे मैनेज करने लिए ढाई फेस करना पड़ता है एक दो दिनों में सप्लाई रोस्टर के हिसाब से चालू करवाई जाएगी।

आंदोलन की चेतावनी

अतर्रा। अघोषित विद्युत कटौती ने कस्बावासियों का जीना दुश्वार कर दिया है। बिना रोस्टर के कटौती करने से लोगों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। कस्बे में इन दिनों विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित कटौती ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। एक ओर जहां देर रात घंटों बिजली की कटौती होने से लोगों के इनवर्टर व फ्रिज धड़ाम हो रहे हैं वहीं बिजली के आंख मिचैली से लोगों की नींद उड़ गई है। कस्बे के चिकित्सक डा.बृजेश मिश्रा समेत तहसील अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमर सिंह राठौर, वरिष्ठ अधिवक्ता अमर सचदेवा, सूरज बाजपेई, व्यापार मंडल अध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने कटौती न बंद होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

कालपी रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पौधे रोपते लोग। अमृत विचार

एक पौधा मां के नाम के तहत किया पौधरोपण

उरई। जिला मुख्यालय उरई में कालपी रोड पर स्थित पेट्रोल पंप पर पंप स्वामी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में पौधरोपण को आयोजन किया गया और पौधों के पेड़ बनने तक देखभाल करने का प्रण लिया गया।

स्वामी राजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू ने शिवम शुक्ला, अनुज प्रताप सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, आनंद, मोहित, मुकेश, दिबू कांत, गुड्डन खां के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह ने कहा की वृक्ष धरा की शान है, वृक्षों से ही पर्यावरण संतुलित रहता है। उन्होंने कहा की प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ मां के नाम रोपित करना चाहिए, जिससे पर्यावरण में सुधार आएगा।

गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की धमकी

जालौन। डेढ़ माह पूर्व बाइक सवार दो युवकों द्वारा विस्फोटक पदार्थ से भरी शीशी घर में फेंक दी थी। शीशी के टूटते ही धमाके के साथ आग का गोला निकला था, जिससे पर्दा के साथ कुछ सामान जल गया था तथा गृहस्वामी व उसकी बेटी बाल बाल बची थी । गृहस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद डेढ़ माह बीत चुका है किन्तु पुलिस ने जांच नाम पर कुछ नहीं किया। पीड़ित ने नवागुंतक पुलिस अधीक्षक से घटना जांच कराकर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी पवन कुमार 26 व 27 मई की रात को बिजली न आने पर लोहे की चैनल के अंदर अपनी पुत्री के साथ सो रहे थे। रात करीब चार बजे उनके घर के बाहर दो बाइक सवार युवक आए और विस्फोटक पदार्थ से भरी कांच की शीशी उनके घर के अंदर फेंक दी। लेकिन शीशी घर के दरवाजे पर लगी चैनल से टकराकर टूट गयी थी । धमाके के साथ आग का गोला निकला था जिससे दरवाजे पर पड़ी पर्दा व कपड़े जल गये थे तथा पास में सो रहे पिता व पुत्री बाल बाल बच गयी थी। दोनों युवक वहां से भाग गए। घटना को हुए डेढ़ महीने से ज्यादा का समय बीत चुका है किन्तु अभी तक कुछ भी नहीं है हुआ। पीड़ित ने नवागुंतक पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार से मांग की है घटना की शीघ्र जांच करायी जाये तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करायी जाये। पीड़ित ने घोषणा की अगर पुलिस ने घटना का शीघ्र अनावरण नहीं है किया तो मजबूर होकर तहसील परिसर में आन्दोलन करने को विवश होगा।

सावन मास

प्रीति आयुष्मान योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग लेकर आएगा सावन का पहला सोमवार

भक्तों पर बरसेगी भोलेनाथ की विशेष कृपा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। सावन के पवित्र महीने का सनातन धर्म में विशेष महत्व बताया गया है। इस मास में जहां प्रकृति में फैली हरियाली छटा लोगों को मंत्र मुग्ध करती है, वहीं सावन के महीने में शिवजी की साधना का महीना बताया जाता है।

वैसे तो सावन के महीने में पड़ने वाले सोमवार को विशेष पूजा अर्चना का विधान है, लेकिन इस बार सावन मास की शुरुआत ही सोमवार के दिन से ही हो रही है। ऐसे में भक्तों ने और अधिक उत्साह और श्रद्धा के साथ शिव मंदिरों में सावन की तैयारियों को तेज कर दिया है। बताते हैं कि इस बार श्रावण मास प्रीति आयुष्मान योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग लेकर आ रहा है। जिसके प्रभाव से शिव भक्तों पर भोलेनाथ की अधिक कृपा बरसेगी।

रिमझिम फुहारों वाला सावन का महीना जहां एक ओर खुशनुमा मौसम और मन में उठने वाली उमंग और तरंग के लिये जाना जाता है, वहीं इस माह में देवाधिदेव महादेव के विशेष पूजन-अर्चन का भी विधान है। 22 जुलाई सोमवार के दिन से आरंभ होना वाला सावन का महीना पांच सोमवारों के बीच 19 अगस्त सोमवार को ही भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक रक्षा बंधन त्योहार पर समाप्त होगा।

ज्योतिष के विद्वान पं.आनंदमणि शास्त्री बताते हैं कि श्रावण का पवित्र माह शिवशंकर का सबसे प्रिय मास है, इस महीने में पूजा-अर्चना और बेलपत्र अर्पित करने से भोलेनाथ सबसे ज्यादा प्रसन्न होते हैं। सोमवार से समूचे जनपद में पूरे एक माह तक शिवालयों में शिव के पंचाक्षरी मंत्र 'ओम नमः शिवाय' और 'हर-हर बम-बम' की गूंज सुनाई देगी। मंडल मुख्यालय स्थित वामदेवेश्वर मंदिर, कालिंजर में विराजे नीलकंठ महादेव और पैलानी के कालेश्वर समेत सभी शिवालयों में विशेष पूजन-अर्चन के लिये मंदिरों को विशेष रूप से सजाया-संवारा जा रहा है। भक्तों को मंदिरों में पूजन-अर्चन में कोई दिक्कत न हो हो इसके लिये मंदिर कमेटियों द्वारा सभी शिवालयों में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

शहर का बामदेवेश्वर मंदिर।

हनुमान मंदिरों में भी जुटेगी भक्तों की भीड़

श्रावण मास की शुरूआत इस बार सोमवार से हो रही है। सोमवार को जहां लोग शिव भक्ति में लीन रहकर भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हैं, वहीं मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिरों में भी विशेष पूजन–अर्चन का क्रम चलता है। इसके लिये मंडल मुख्यालय स्थित संकट मोचन मंदिर समेत गुढ़ाकलां के सिद्ध हनुमान मंदिर, तिंदवारा और पद्माकर चौराहा के दक्षिणमुखी हनुमान, बनका बिहारी के हनुमान, जमुनादास के महावीर, करिया नाला के बालाजी आदि मंदिरों में भी विशेष तैयारियां की जा रही हैं। सावन के महीने में इन मंदिरों के बाहर विशेष मेले का भी आयोजन होता है, जिसमें महिलाओं के प्रसाधन की सामग्री से लेकर बच्चों के खिलौने और खाने–पीने का सारा सामान मिलता है।

एक नजर

पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली हरेंद्र उर्फ हुरा कुंजाम ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली हरेंद्र कुंजाम पर सरकार ने पांच लाख का इनाम घोषित किया था। हरेंद्र प्लाटून पार्टी कमेटी मेंम्बर पीपीसीएम रैंक का उत्तर सब जोनल ब्यूरो राजनैतिक टीम का कमांडर था। वह 2015 से नक्सल संगठन में कार्यरत आत्मसमर्पित माओवादी गंगालूर एरिया कमेटी में पार्टी सदस्य के रूप में और उत्तर सब जोनल ब्यूरो पीपीसीएम/राजनैतिक टीम कमांडर के पद में कार्य कर चुका है।

अलवर में मालगाड़ी के तीन डिब्बे हुए बेपटरी

नयी दिल्ली/जयपुर। राजस्थान के अलवर यार्ड में मालगाड़ी के तीन डिब्बे शनिवार देर रात पटरी से उतर गए। उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि यह घटना यार्ड में हुई, लेकिन इससे दिल्ली-अलवर मार्ग पर ट्रेन परिचालन अप्रभावित रहा। अधिकारियों के मुताबिक, यह घटना देर रात ढाई बजे हुई। उन्होंने कहा कि अलवर-मथुरा मार्ग प्रभावित हुआ लेकिन उस दौरान कोई यात्री ट्रेन या मालगाड़ी नहीं होने से रेल परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा।

पूर्व विधायक की कार से महिला की मौत

हैदराबाद। तेलंगाना के हनुमाकोंडा जिले में पूर्व बीआरएस विधायक टी राजैया की कार से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह घटना शनिवार रात उस समय हुई जब महिला जिले के मदिकोंडा में सड़क को पार कर रही थी। घटना के समय कार को राजैया का चालक चला रहा था। उस समय राजैया कार में थे। पुलिस के अनुसार, पूर्व विधायक ने दुर्घटना में शामिल कार को नजदीकी थाने भिजवा दिया तथा दूसरी कार से वहां से रवाना हो गए। महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर लिया है।

राजौरी में कैब खाई में गिरी, तीन की मौत

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में रविवार सुबह एक कैब के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कैब सवार थांदिकास्सी से लाम की ओर जा रहे थे, तभी चलान गांव के पास हादसा हुआ। कैब चालक अरुण की मौके पर मौत हो गई, जबकि बगलाव के मोहम्मद दीन और उसके बेटे मोहम्मद असलम ने नौशेरा के उपजिला अस्पताल और राजकीय चिकित्सा कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

मानसून सत्र : 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध

राज्यसभा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक तथा नागरिकता कानून पर भी हो सकती है चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी मानसून सत्र के लिए राज्यसभा में सूचीबद्ध निजी विधेयकों में, न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक पार्टी में उनके शामिल होने पर रोक लगाने से संबंधित विधेयक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डीपफेक पर विधेयक, तथा नागरिकता कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक शामिल है। आगामी सत्र में, संसद के उच्च सदन में पेश करने के लिए कुल 23 निजी विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं।

सूत्र ने कहा कि राजद सांसद एडी सिंह द्वारा सूचीबद्ध संविधान (संशोधन) विधेयक, 2024 का उद्देश्य (अनुच्छेद 124, 148, 319 और 324 का संशोधन और नए अनुच्छेद 220ए और 309ए को सम्मिलित करना), न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों से सेवानिवृत्त होने वालों और निर्वाचन आयुक्तों को सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक दलों में शामिल होने से रोकना है। ये विधेयक हालिया विवादों की पृष्ठभूमि में लाये गए हैं।

● पति की ओर से पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग

ऐसा ही एक विवाद कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय से जुड़ा है, जिन्होंने पांच मार्च को अपने न्यायिक पद से इस्तीफा दे दिया था और दो दिन में भाजपा में शामिल हो गये थे। जुलाई में, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्य अपनी सेवानिवृत्ति के तीन महीने बाद भाजपा में शामिल हो गये थे। सिंह द्वारा सूचीबद्ध एक अन्य विधेयक में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में संशोधन कर पति द्वारा पत्नी से दुष्कर्म को अपराध के रूप में शामिल करने की मांग की गई है।

डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग

माकपा सांसद वी. शिवदासन ने दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। तृणमूल कांग्रेस की सांसद मौसम नूर ने भी दो विधेयक सूचीबद्ध किए हैं। इनमें से एक का उद्देश्य कृत्रिम बुद्धिमत्ता से कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करना है जबकि दूसरा डीपफेक को अपराध की श्रेणी में शामिल करने की मांग से संबंधित है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पी. संदोष कुमार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी नियामक प्राधिकरण बनाने के लिए एक विधेयक सूचीबद्ध किया है। निजी विधेयक ऐसा विधेयक होता है जिसे वह सांसद पेश करता है जो सरकार का हिस्सा नहीं होता। वर्ष 1952 से अब तक दोनों सदनों द्वारा केवल 14 ऐसे विधेयक पारित किए गए हैं।

शरद पवार भ्रष्टाचार के सरगना हैं, उद्धव औरंगजेब फैन क्लब के प्रमुख : शाह

पुणे, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को विपक्षी नेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार पर तीखा हमला किया और उन्हें भ्रष्टाचार का सरगना करार दिया। पुणे में भाजपा के राज्य सम्मेलन में शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर लोकसभा चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का आरोप लगाया।

उन्होंने शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का प्रमुख करार दिया और कहा कि वह 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगने वाले लोगों के साथ बैठे हैं। भाजपा नीत महायुति महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 2014 और 2019 के चुनावों से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

● राहुल गांधी पर चुनाव में हार के बावजूद अहंकार प्रदर्शित करने का लगाया आरोप

भाजपा नेता ने कहा कि शरद पवार ने भ्रष्टाचार को संस्थागत बनाया। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव में हमारी जीत के बाद राहुल गांधी का अहंकार चूर-चूर हो जाएगा। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है? जो (26/11 आतंकी हमले के दोषी) कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो याकूब मेमन के लिए क्षमादान मांगते हैं, जो (विवादित इस्लामी उपदेशक) जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो (प्रतिबंधित इस्लामी संगठन) पीएफआई का समर्थन करते हैं। उद्धव को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए। महाराष्ट्र में भाजपा ने 2019 में लोकसभा की 23 सीट जीती थी, जो 2024 में नौ रह गई।

चुनावी बॉण्ड संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट चुनावी बॉण्ड योजना की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो गैर सरकारी संगठनों कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की जनहित याचिका पर आज को सुनवाई कर सकती है। दोनों संगठनों की याचिका में राजनीतिक दलों और कंपनियों के बीच स्पष्ट लेन-देन का आरोप लगाया गया है।

नीट: 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या माइनस मार्क्स मिले

नई दिल्ली, एजेंसी

● परीक्षा में किसी उम्मीदवार की ओर से प्राप्त किए न्यूनतम अंक माइनस 180 हैं

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा इस साल विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के केंद्रवार घोषित परिणामों के अनुसार 11,000 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य या नकारात्मक अंक मिले हैं। इस महत्वपूर्ण परीक्षा में किसी भी उम्मीदवार द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक बिहार के एक केंद्र पर 'माइनस 180' हैं।

शहर और केंद्रवार परिणामों के अनुसार, 2,250 से अधिक अभ्यर्थियों को शून्य अंक मिले हैं, जबकि 9,400 से अधिक अभ्यर्थियों को नकारात्मक अंक मिले हैं। झारखंड के हजारीबाग में जांच के दायरे में आए केंद्र पर कई अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य से भी कम अंक प्राप्त किए हैं। कुछ अभ्यर्थी ऐसे हैं, जिन्होंने शून्य अंक प्राप्त किए हैं, लेकिन कोई बड़ा समूह नहीं देखा गया है, क्योंकि प्रत्येक केंद्र पर ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या अधिक नहीं है। नीट परीक्षा पेपर लीक सहित कथित अनियमितताओं को लेकर जांच के दायरे में है। पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से लाभान्वित होने वाले अभ्यर्थियों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, लेकिन कुछ केंद्रों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है।

असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, 1.30 लाख लोग अब भी प्रभावित

गुवाहाटी। असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को सुधार हुआ और 10 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 1.30 लाख रह गई। प्रदेश में ब्रह्मपुत्र समेत दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। विभिन्न मंत्रालयों के शीर्ष अधिकारियों वाली केंद्रीय टीम ने इस साल दो बार आई बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए राज्य का दौरा किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव मिहिर की अगुवाई में एक दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

देश में वायु प्रदूषण का संकट सरकार की नीतिगत विफलता का परिणाम

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस ने केंद्र सरकार प र खराब नीति-निर्माण का लगाया आरोप

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर वायु प्रदूषण से निपटने में खराब नीति-निर्माण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने रविवार को मांग की कि केंद्रीय बजट में इस गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट से निपटने के लिए देश के निकायों, राज्य सरकारों और केंद्र को संसाधन संपन्न बनाने का मार्ग प्रशस्त किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने महीने की शुरुआत में कहा था कि देश में होने वाली मौतों में से 7.2% वायु प्रदूषण से जुड़ी हैं और हर साल सिर्फ 10 शहरों में 34,000 लोगों की मौत इससे होती है। दिल्ली में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवॉयरमेंट द्वारा किए अध्ययन में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) का मूल्यांकन किया गया है और इस सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट को पैदा करने वाली नीतिगत अव्यवस्था को उजागर किया है। रमेश ने कहा कि एनसीएपी का वर्तमान बजट 10,500 करोड़ है जो 131 शहरों में फैला है। इसमें 15वें वित्त आयोग का अनुदान भी है। इसलिए इस कार्यक्रम के लिए बहुत कम धन उपलब्ध है - और फिर भी, इस अल्प राशि में से केवल 64 फीसदी धन का ही इस्तेमाल किया गया है।

दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का प्रयास

रीवा (मप्र),एजेंसी

मध्य प्रदेश में दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक महिला कमर से नीचे तो दूसरी पूरी तरह से बजरी से ढकी हुई दिखाई दे रही है, जिसे मजदूर निकाल की कोशिश कर रहे हैं। घटना मंगावा थाने के हिनोता जोरोट गांव में की बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने रविवार को मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी विवेक लाल का कहना है कि ममता पांडे और आशा पांडे सड़क निर्माण का विरोध कर रहीं थीं। उन्हें जमीन में आधा गाड़ दिया गया था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार हिनौता गांव में दो पक्षों में कई दिनों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार को राजेश सिंह जेसीबी और डम्पर में बजरी भरकर सड़क निर्माण के लिए आया था। वहां मौजूद आशा और ममता सड़क निर्माण का विरोध करने लगीं। इस बात पर दूसरे पक्ष ने बजरी डालकर उन्हें जिंदा गाड़ने का प्रयास किया। बजरी से एक महिला सिर तक दफन हो गई जबकि दूसरी कमर तक घंस गई। वहीं मामले को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार को घेरना शुरू कर दिया है।

● मामला दर्ज, सड़क निर्माण का विरोध करते समय घटना को दिया गया अंजाम

● भूमि विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा मामला, मामले में तेज हुई सियासत

केजरीवाल की सेहत से खिलवाड़ कर रही भाजपा : संजय सिंह

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का रविवार को आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि केजरीवाल की जांच रिपोर्ट से पता चलता है कि उन्हें कभी भी कुछ भी हो सकता है।

सिंह ने कहा कि भाजपा केजरीवाल के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। पहले वे कह रहे थे कि केजरीवाल मिठाई खा रहे हैं और शर्करा का स्तर बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन अब भाजपा का कहना है कि केजरीवाल खाना कम कर दिया है। कोई ऐसा क्यों करेगा और अपनी जान जोखिम में क्यों डालेगा। केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रची गई है। आप ने शनिवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के उस पत्र की आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर कहा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जानबूझकर खुद को बीमार कर रहे हैं।

दुष्कर्म पीड़िता से शादी करने वाले के खिलाफ पॉक्सो मामला खारिज

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मैसूर के उस व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को रद कर दिया है, जिसने 18 वर्षीय लड़की का उस समय यौन उत्पीड़न किया जब वह नाबालिग थी। कोर्ट ने के विवाह प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के बाद 23 वर्षीय आरोपी के खिलाफ मामला रद कर दिया। न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि यदि आरोपी मामले के बंद होने के बाद लड़की और उसके बच्चे को छोड़ता है तो पॉक्सो मामले के तहत फिर कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

दुकान के सामने से एसयूवी को हटवाने के लिए फैलाई बम की अफवाह

पठानकोट, एजेंसी

● पुलिस ने मामले में अफवाह फैलाने वाले को किया गिरफ्तार

पंजाब के पठानकोट में अपनी दुकान के सामने एक लावारिस एसयूवी कार खड़ी होने से परेशान 36 वर्षीय व्यक्ति ने उसे हटवाने के लिए बम की अफवाह फैला दी। पुलिस ने रविवार को मामले में स्थानीय निवासी नितिन महाजन को गिरफ्तार किया है।

शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि पठानकोट के बालाजी नगर में डाकी रोड पर खड़ी लावारिस एसयूवी में तोड़फोड़ की गई है। पुलिस के मुताबिक, वाहन के पास कुछ हस्तलिखित पर्चे मिले, जिन पर पांच दिनों में पठानकोट में सरकारी कार्यालयों और स्कूलों में बम विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। संदेश में लिखा था, 100 लोग भारत में घुसे हैं, जिनमें से 30 पठानकोट में हैं। एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने कहा कि पर्चे से पर पाकिस्तान जिंदाबाद लिखा था। एसएसपी ने कहा कि नितिन ने खुद दो महीनों से दुकान के सामने खड़ी एसयूवी के शीशे तोड़े थे और धमकी भरे संदेश लिखे थे। कार सुरेश कुमार की थी, जिसे हटवाने के लिए नितिन ने यह कहानी गढ़ी थी।

कारोबार/कृषि

एक नजर

बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं: रेड्डी

कोलकाता। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है और केंद्र मांग को पूरा करने के लिए शुष्क ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खदानों की उत्पादकता बढ़ाकर दीर्घकालिक मांग को पूरा किया जाएगा। कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने कहा कि हम सभी ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला उपलब्ध करा रहे हैं। हमने आयातित कोयले पर आधारित संयंत्रों से अनुरोध किया है कि वे अपनी तकनीक बदलकर घरेलू ईंधन का उपयोग करें। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। कोयला उत्पादन में आमतौर पर मानसून के मौसम में बाधा आती है। मंत्री ने कहा कि कोल इंडिया सफलतापूर्वक उत्पादन बढ़ा रही है, लेकिन मिश्रण की सलाह बिजली की मांग में अचानक वृद्धि के कारण ब्लैकआउट के जोखिम को कम करने के लिए दी गई है।

खाद्य सुरक्षा के लिए 300 से अधिक अधिसूचनाएं

नई दिल्ली। भारत ने खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने, पशुओं और पौधों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जनवरी, 2020 से अबतक 300 से अधिक अधिसूचनाएं जारी की हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। ये अधिसूचनाएं स्वच्छता और वनस्पति स्वास्थ्य उपायों (एसपीएस) तथा व्यापार में तकनीकी बाधाओं (टीबीटी) के तहत जारी की जाती हैं। इनकी अनुमति विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों के तहत दी गई है। टीबीटी और एसपीएस गैर-शुल्क उपाय (एनटीएम) हैं। एसपीएस का इस्तेमाल खाद्य सुरक्षा और पशु तथा पौधों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के बुनियादी नियम तय करने के लिए किया जाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि जनवरी, 2020 से भारत ने 62 एसपीएस और 247 टीबीटी अधिसूचनाएं जारी की हैं। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, सदस्य देशों को इन विनियमों के बारे में डब्ल्यूटीओ को सूचित करना होगा।

आम बजट में एनपीएस, आयुष्मान भारत पर हो सकती हैं कुछ घोषणाएं

सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की संभावना, आयकर में राहत की उम्मीद कम

नई दिल्ली, एजेंसी

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि इस सप्ताह पेश होने वाले आम बजट में नई पेंशन प्रणाली और आयुष्मान भारत जैसी सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को लेकर कुछ घोषणाएं हो सकती है। हालांकि, आयकर के मामले में राहत की उम्मीद कम है। उनका यह भी कहना है कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे पर जोर, ग्रामीण और कृषि संबंधी आवंटन बढ़ने और सूक्ष्म तथा लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाये जाने की संभावना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए लगातार सातवीं बार और नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट मंगलवार यानी 23 जुलाई को लोकसभा में पेश करेंगीं। अर्थशास्त्री और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) में प्रोफेसर एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि बजट में एनपीएस और आयुष्मान भारत पर कुछ घोषणाओं की उम्मीद है। पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर काफी चर्चा हुई है। केंद्र सरकार ने एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को लेकर समिति भी गठित की थी।

● पेंशन योजनाओं को लेकर राज्यों के स्तर पर हुई है काफी चर्चा: अर्थशास्त्री

खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र अच्छे बजट का हकदार : चिराग

नई दिल्ली। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान का मानना है कि उनका मंत्रालय अच्छे बजट का हकदार है। उन्होंने कहा कि देशभर में प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर देने और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्री से अपने मंत्रालय के अनुरोध के बारे में बताए बिना पासवान ने कहा कि उनके मंत्रालय ने बजट की इच्छा सूची वित्त मंत्रालय को भेज दी है। पासवान ने कहा कि सरकार की सीमाओं को देखते हुए वह नहीं बता सकते कि इनमें से कितने अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे। उनकी शीर्ष तीन प्राथमिकताओं में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करना, भारतीय ब्रांड को वैश्विक बाजारों में ले जाना और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के बारे में विभिन्न गलतफहमियों को दूर करना शामिल है।

आयात पर अंकुश से प्रभावित हो रहा कपड़ा क्षेत्र : जीटीआरआई

नई दिल्ली। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाएं, आयात अंकुश और घरेलू निहित स्वार्थ जैसे मुद्दे भारतीय परिधान क्षेत्र की निर्यात वृद्धि को रोक रहे हैं। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का कहना है कि निर्यातकों की समस्या की जड़ में कच्चे कपड़े, विशेष रूप से सिंथेटिक कपड़े हासिल करने में कठिनाई है। जीटीआरआई के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि बांग्लादेश और वियतनाम के विपरीत, जहां निर्यातकों को गुणवत्ता वाले आयातित कपड़े मिलते हैं, भारतीय निर्यातकों को कपड़ों पर उच्च आयात शुल्क, डीजीएफटी और सीमा शुल्क की जटिल प्रक्रियाओं से हर इंच आयातित कपड़े के लिए हिसाब लगाना पड़ता है और संघर्ष करना पड़ता है।

शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी 2.10 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारतीय जीवन बीमा निगम

सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में आठ के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह 2,10,330.26 करोड़ का इजाफा हुआ। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) रहीं।

पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 85.31 अंक या 0.10 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स शुक्रवार को 81,587.76 के अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 42,639.16 करोड़ बढ़कर 15,56,772.61 करोड़ रुपये पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 36,748.23 करोड़ बढ़कर 7,01,695.24 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस 33,569.16 करोड़ के उछाल के साथ 7,44,396.43 करोड़ पहुंच गई। वहीं एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 26,372.23 करोड़ बढ़कर 7,93,576.49 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर 6,40,651.30 करोड़ और आईटीसी का 5,92,679.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

एफपीआई ने शेयरों में किए 30,772 करोड़ निवेश

नई दिल्ली। नीतिगत सुधार की उम्मीद, आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार में 30,772 करोड़ का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है।

माइक्रोसॉफ्ट ने तैनात किए हजारों इंजीनियर, विशेषज्ञ

नई दिल्ली, एजेंसी

● क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से 85 लाख उपकरण हुए थे प्रभावित

सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने साइबर सुरक्षा भागीदार क्राउडस्ट्राइक से पैदा हुई गड़बड़ी के बाद सेवाओं को बहाल करने के लिए हजारों इंजीनियर और विशेषज्ञ तैनात किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, 18 जुलाई को क्राउडस्ट्राइक के 'अपडेट' से पैदा हुई दिक्कतों से दुनियाभर में 85 लाख उपकरण प्रभावित हुए थे।

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि सेवाओं को बहाल करने के लिए ग्राहकों के साथ सीधे काम करने के लिए इंजीनियरों और विशेषज्ञों को तैनात किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर पैदा हुई इस गड़बड़ी से कई बिक्री केंद्र प्रभावित हुए और यहां तक कि भारत में कई एयरलाइन कंपनियों की उड़ानें बंद हो गईं। इस रुकावट ने दुनियाभर में कंपनियों और प्रणालियों के परिचालन को रोक दिया था। इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा के नेटवर्क पर ऑनलाइन चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रियाओं में व्यवधान आया, जिससे उन्हें मैनुअल तरीके से चेक-इन का काम करना पड़ा।

सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड व पाम ऑयल हुआ महंगा

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख से दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमुखी का तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल महंगा हो गया है। वहीं, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 27 रिंगिट बढ़कर4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। वहीं, अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.68 सेंट की गिरावट के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा।

बाढ़ और बारिश से फसलें प्रभावित, घटा रकबा

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● फसलों के अनुसार कहीं कम तो कहीं औसत से ज्यादा हुई बारिश

● जून-जुलाई में 242.2 मिमी (90.7 फीसद) बारिश, धान प्रभावित

अमृत विचार : प्रदेश में कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश, कहीं बाढ़ से खरीफ फसलों का लक्ष्य के अनुसार आच्छादन यानी बोआई नहीं हो पाई है। लक्ष्य 10205 हजार हेक्टेयर में 5449.909 हजार हेक्टेयर (53%) में धान, मक्का, ज्वार, अन्य मोटा अनाज, उड़द, मूंग, मूंगलफली, अरहर, सोयाबीन, तिल आदि का आच्छादन हुआ है। जबकि धान की पौध ज्यादातर किसान तैयार नहीं कर पाए हैं न ही उनके पास समय है। जहां रोपाई हुई वहां बाढ़-बारिश से निचली सतहों को नुकसान पहुंचा है।

बारिश की बात करें तो जून में 95 मिमी जरूरत थी जबकि 61.8 मिमी हुई है। 1 से 19 जुलाई तक सामान्य 172.2 मिमी में 180.04 मिमी (104%) हुई। दोनों माह में 1 जून से 19 जुलाई तक सामान्य 267.2 मिमी में 242.2 मिमी (90%) बारिश हुई है। 26 जिले ऐसे हैं जहां 120% से ज्यादा बारिश हुई है। जबकि नौ जिलों में 40% से कम बारिश हुई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में फसलों की गुंजाइश नहीं है।



पिछले वर्ष हुई थी 94 फीसदी बारिश : खरीफ के लिए जून से जुलाई बारिश का समय होता है। 1 जून से 19 जुलाई तक 267 .2 मिमी (सामान्य) बारिश होनी चाहिए। जो इस वर्ष 242 .2 मिमी हुई। 2023-24 में 253 .5 मिमी (94 .9%) और 2022-23 में 81 .8 मिमी (30 .6%) बारिश हुई थी, जिससे क्षेत्रफल घटा था।

इन फसलों का आच्छादन : धान 58 प्रतिशत, मक्का 63, ज्वार 43, बाजरा 24, अन्य मोटा अनाज 22, उड़द 49, मूंग 49, अरहर 37, मूंगफली 144, सोयाबीन 97, तिल 36 ।

तोरिया से करें भरपाई : डॉ. अखिलेश

कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश दुबे ने बताया कि कम ज्यादा बारिश से किसान धान की पौध तैयार नहीं कर पाए हैं। जहां बारिश व बाढ़ का असर है वहां के किसान जल निकासी होने के बाद तोरिया की फसल करें। इससे भरपाई होगी और आगे गेहूं कर सकेंगे। अगेती मटर, आलू व सब्जियां भी किसान कर सकते हैं। धान क्षेत्र में जहां जलभराव है वहां मत्स्य पालन भी कर सकते हैं। 11 से 15 दिन की धान की नर्सरी भी तैयार कर सकते हैं।

ख्वाहिश है मां मुझे ओलंपिक में पदार्पण करते देखें : जरमनप्रीत

नई दिल्ली, एजेंसी

जिंदगी सभी को दूसरा मौका नहीं देती लेकिन जरमनप्रीत सिंह को मिला और भारतीय हॉकी टीम के इस डिफेंडर की ख्वाहिश है कि तमाम उतार चढावों में उनका संबल बनी उनकी मां कुलविंदर कौर पेरिस में उन्हें ओलंपिक में पदार्पण करते देखे। विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेल जैसे बड़े टूर्नामेंटों का हिस्सा रहे 28 वर्ष जरमनप्रीत का यह पहला ओलंपिक है और इसमें अच्छा प्रदर्शन करके वह अतीत में मिले जख्मों पर मरहम भी लगाना चाहते हैं ।

- भारतीय हॉकी टीम के डिफेंडर सिंह बोले- अतीत में मिले जख्मों पर लगाना है मरहम

पंजाब के अमृतसर के रहने वाले जरमनप्रीत ने रवानगी से पहले कहा मैं कोशिश कर रहा हूं कि अपनी मां को पेरिस ओलंपिक दिखा सकूं। उन्हें गर्व हो कि उनका बेटा सबसे बड़ा टूर्नामेंट खेल रहा है। मैं हर मैच से पहले मम्मी से बात करता हूं। उनको हॉकी के बारे में कुछ नहीं पता लेकिन मुझे कहती हैं कि ऐसे खेलना, वैसे खेलना। वह मेरी पहली कोच होती हैं। मैने चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी देखने उनको बुलाया था। जरमनप्रीत को 2016 से 2018 के बीच डोपिंग मामले में दो साल का प्रतिबंध झेलना पड़ा था लेकिन उससे उबरकर उन्होंने वापसी की और जूनियर विश्व कप खेलने का मौका चूकने के आठ साल बाद अब ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। नीदरलैंड के ब्रेडा में 2018 चैंपियंस ट्रॉफी में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम में पदार्पण करने के बाद से वह 106 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। वह हांग्झोऊ एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण और राष्ट्रमंडल खेल 2022 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

उन्होंने कहा यूं तो मैने वर्ल्ड कप, चैंपियंस ट्रॉफी, एशियाई खेलों में भाग लिया है लेकिन ओलंपिक पहला है। ओलंपिक का दबाव अलग ही होता है जिसमें पूरी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमें आती है। स्कूल में अतिरिक्त गतिविधि के तौर पर हॉकी खेलना शुरू करने वाले जरमनप्रीत तोक्यो ओलंपिक की टीम में जगह बनाने से चूक गए थे जब भारत ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता, लेकिन क्रेग फुल्टन के आने के बाद से वह रक्षण के साथ आक्रमण के कौशल पर भी काफी मेहनत कर रहे हैं और भारतीय टीम के नियमित सदस्य बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह सकारात्मक सोच के साथ पेरिस जा रहे हैं और उन्हें अपने अनुभव और मानसिक दृढता पर पूरा भरोसा है। दबाव की वैसे कोई बात नहीं है क्योंकि इन टीमों के साथ काफी मैच खेल चुके हैं। हम सकारात्मक सोच के साथ ही जा रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का सपना होता है कि ओलंपिक खेलें। मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए यह गर्व का पल होगा। देश के लिए पदक जीतने से बड़ी कोई प्रेरणा नहीं होती।

बीते वर्षों में हॉकी के प्रति मंदीप का जुनून बढ़ा : भूपिंदरजीत

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप की बहन ने की हॉकी पे चर्चा पर खोले कई राज
- बोलीं- अगर कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहे तो हो जाते हैं बेचैन

भारतीय हॉकी के फॉरवर्ड मंदीप सिंह भले ही अपने कप्तान हरमनप्रीत सिंह या पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह की तरह ख्याति नहीं हासिल कर पाये हों लेकिन जब वह मैदान पर होते हैं तो प्रतिद्वंद्वी डिफेंडर उन्हें हल्के में लेने की गलती नहीं कर सकते। तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे मंदीप पेरिस ओलंपिक में अभियान में अहम भूमिका निभाएंगे। उनकी बहन भूपिंदरजीत कौर का कहना है कि मंदीप का हॉकी के प्रति जुनून पिछले कुछ साल में बढ़ा है और अगर वह कुछ दिनों के लिए भी राष्ट्रीय शिविर से दूर रहते हैं तो बेचैन हो जाते हैं।

कौर ने 'हॉकी पे चर्चा' के एक 'एपिसोड' में कहा वह हॉकी खेलने का इतना क्रेजी था कि स्कूल से घर आता, खाना छोड़ देता और सीधे अभ्यास के लिए चला जाता। जैसे मंदीप बड़ा हुआ, उसकी खेल के प्रति प्रतिबद्धता और गहरी होती गई। अब भी जब मैं ब्रेक के दौरान उससे बात करती हूं तो वह कहता कि घर में उसे मजा आता है लेकिन 15 दिन के बाद उसे शिविर की याद आने लगती है। टोक्यो के सेमीफाइनल में बेल्जियम के खिलाफ मंदीप के प्रदर्शन से प्रतिद्वंद्वी टीम परेशान हो गई थी, लेकिन भारत इसमें हार गया। हालांकि भारत कांस्य पदक के साथ लौटा जिससे हर खिलाड़ी राष्ट्रीय नायक बन गया।

युकी ने जीता स्विस ओपन में पुरुष युगल का खिताब

गस्टाड (स्विटजरलैंड)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेट ने तीन सेट तक चले फाइनल में उगो हम्बर्ट और फैब्रिस मार्टिन को हराकर स्विस ओपन एटीपी टूर टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता।

भांबरी और ओलिवेट की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस एटीपी 250 क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वियों को 3-6, 6-3, 10-6 से पराजित किया। फाइनल मैच एक घंटे छह मिनट तक चला जिसमें दोनों जोड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी लेकिन आखिर में भांबरी और ओलिवेट की जोड़ी विजेता बनी। 32 वर्षीय भांबरी का यह तीसरा एटीपी युगल खिताब है। इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलिवेट के साथ मिलकर दूसरा खिताब जीता। उन्होंने लॉयड हैरिस के साथ 2023 मैलोर्का चैंपियनशिप में अपना पहला एटीपी खिताब जीता था। भांबरी ने ओलिवेट के साथ मिलकर इस साल अप्रैल में बीएमडब्ल्यू ओपन का खिताब जीता था।

टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए पेस और अमृतराज

टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए लिएंडर पेस और विजय अमृतराज।

न्यूपोर्ट (अमेरिका), एजेंसी

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और विजय अमृतराज को टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। यह दोनों इस सूची में जगह पाने वाले एशिया के पहले दो खिलाड़ी बन गए हैं। पेस की करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि 1996 अटलांटा ओलंपिक खेलों के पुरुष एकल कांस्य पदक जीतना रहा है। यह 51 साल का पूर्व खिलाड़ी आठ पुरुष युगल और 10 मिश्रित युगल ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल करने के साथ भारत की डेविस कप की कई यादगार जीत का हिस्सा रहा है। उन्हें हॉल ऑफ फेम के प्लेयर कैटेगरी में जगह दी गई है। अमृतराज विंबलडन और अमेरिका ओपन में दो-दो बार पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। इस 70 साल के खिलाड़ी ने भारत को दो बार 1974 और 1987 में डेविस कप फाइनल में पहुंचाया है। वह अपने खेल के चरम पर एकल रैंकिंग में 18वें और युगल रैंकिंग में 23वें पायदान पर रहे हैं। उन्हें रिचर्ड इवांस के साथ कंट्रिब्यूटर्स श्रेणी में हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

खेल डायरी

बीजू पुरस्कार का नाम नहीं बदला जाएगा: माझी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य सरकार के 'बीजू पटनायक खेल पुरस्कार' का नाम नहीं बदला जाएगा। खेल और युवा सेवा विभाग ने इस वर्ष के पुरस्कार के लिए दिशानिर्देश जारी कर इसका नाम बदलकर 'राज्य क्रीड़ा सम्मान' कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुरस्कार का नाम बदलने के बारे में उन्हें प्रेस से ही पता चला। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पुरस्कार से बीजू पटनायक का नाम हटाने का कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया है। मेरी सरकार धरती के सपूतों का सम्मान करती है और बीजू पटनायक के नाम पर रखे गए खेल पुरस्कार के शीर्षक में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा बीजू पटनायक खेल पुरस्कार इसी तरह जारी रहेगा।

भारत विश्व जूनियर स्क्वैश के क्वार्टरफाइनल में

ह्यूस्टन। भारतीय लड़के और लड़कियों ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में पहुंच गए। अमेरिका के ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में लड़कों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में कनाडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ वे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। अंतिम आठ चरण में भारतीय लड़के चौथी वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे। वहीं लड़कियां ने अपने अंतिम लीग मैच में हांगकांग से 1-2 से हारने के बाद ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहीं। लड़कियां तीसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया से मुकाबला करेंगी। व्यक्तिगत कांस्य जीतने वाले शौर्य बावा ने पांच गेम के मुकाबले में यूसुफ सरहान को हराया, जबकि अरिहंत केएस ने शानदार जीत के साथ इवान हैरिस से व्यक्तिगत स्पर्धा में मिली हार का बदला लिया। शौर्य बावा ने यूसुफ सरहान को हराया। अरिहंत के.एस. ने इवान हैरिस को हराया।

कुश मैनी ने पहली एफ2 स्प्रिंट रेस जीती

बुडापेस्ट। भारत के कुश मैनी ने शुरू में विजेता बने रिचर्ड वरशूर के तकनीकी उल्लघंन के कारण डिस्क्वालीफाई किए जाने के बाद अपनी पहली फॉर्मूला 2 स्प्रिंट रेस जीत ली। पोडियम में शीर्ष पर पहुंचने से 23 वर्षीय इनविक्टा रेसिंग ड्राइवर ने अपने सत्र में 10 अंक जोड़े। हंगरोरिंग में जीत के साथ मैनी फॉर्मूला 2 ड्राइवर्स तालिका में मर्सिडीज के जूनियर ड्राइवर किमी एंटोनेली को पीछे छोड़ते हुए 66 अंक से पी8 पर पहुंच गए। एफ2 चैंपियनशिप के राउंड 9 में शुरूआती ग्रिड पर नौवें स्थान पर रहे मैनी को मुश्किल शुरुआत के बाद कड़ी मेहनत करनी पड़ी। 2024 एफ2 ग्रिड पर वह एकमात्र भारतीय ड्राइवर हैं और पांच पोडियम स्थान से यह उनका करियर का सर्वश्रेष्ठ सत्र भी है।

वाणी, त्वेसा और रिद्धिमा चूकीं, भारतीय चुनौती समाप्त

हिलवर्सम (नीदरलैंड)। वाणी कपूर, त्वेसा मलिक और रिद्धिमा दिलावड़ी पेरिस ओलंपिक से पहले अंतिम लेडीज यूरोपीय टूर टूर्नामेंट में 36 होल में कट बनाने से चूक गयीं जिससे डच लेडीज ओपन में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। पहले दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर अच्छी शुरूआत करने वाली वाणी ने दूसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड बनाया जिससे वह एक शॉट से कट से चूक गयीं। उनका कुल स्कोर दो ओवर रहा जबकि कट एक ओवर का था। त्वेसा (73-80) और रिद्धिमा (73-75) भी कट में जगह बनाने से चूक गईं।

नीरज की एडक्टर फिट, ट्रेनिंग जारी : क्लॉस

जर्मन कोच बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा की फिटनेस पर चल रही चिंताओं को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- बोले- सब कुछ योजना के अनुसार, जांघ की चोट में कोई समस्या नहीं

भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है।

बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं। सब कुछ योजना के अनुसार है। फिलहाल जांघ की चोट की कोई समस्या नहीं है, यह ठीक है। उम्मीद है कि ओलंपिक तक ऐसा ही रहेगा। बार्टोनिट्ज करीब पांच साल से चोपड़ा से जुड़े हैं। उन्होंने तुर्किये के अंताल्या से बताया ओलंपिक में अभी दो हफ्ते से अधिक समय बचा है इसलिए ट्रेनिंग का स्तर बढ़ा दिया गया है। वह पूरा थ्रोइंग सत्र कर रहे हैं। चोपड़ा ने 28 मई को एहतियातन ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक से हटने का फैसला किया था क्योंकि उन्हें जांघ में कुछ दर्द महसूस हुआ था। उन्होंने 18 जून को फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों में 85.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीतकर जोरदार वापसी की। फिर चोपड़ा ने सात जुलाई को पेरिस डायमंड लीग में भी नहीं खेलने का फैसला किया और कहा कि यह प्रतियोगिता उनके कैलेंडर का हिस्सा नहीं थी।

पेरिस ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा छह अगस्त को क्वालीफिकेशन दौर से शुरू होगी जिससे अभी इसे शुरू होने में दो हफ्ते हैं। बार्टोनिट्ज ने चोपड़ा के ट्रेनिंग कार्यक्रम को लेकर कहा हम सुबह में स्प्रिंटिंग, जंपिंग या थ्रोइंग या वेटलिफ्टिंग के सत्र रखते हैं। सुबह और शाम दो सत्र होते हैं जिसमें प्रत्येक दो से ढाई घंटे तक का होता है। चोपड़ा का तरीका तोक्यो ओलंपिक से पहले अपनाए गए तरीके जैसा ही है जिसमें वह टूर्नामेंट के बजाए ट्रेनिंग पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं और वह अपने ग्रोइन पर दबाव कम करने के लिए अपनी ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूती देने पर भी काम कर रहे हैं। सामान्यतः भाला फेंकना ब्लॉकिंग (तेजी से भागते हुए अच्छी तरह रूककर भाला फेंकना) पर निर्भर करता है। भागते हुए आप जितनी अधिक ऊर्जा से आएंगे, उतना ही बेहतर होगा।



तीरंदाजी में तीन पदक तो पक्के की समझें : संजीवा सिंह

नई दिल्ली। भारतीय तीरंदाजी टीम के कोरियाई कोच बेक वूंग की को पेरिस खेलों के लिए 'एक्रिडिटेशन' देने से इनकार किए जाने के विवाद के बीच पूर्व ओलंपियन और खेल के लिए साई के हाई परफोरमेंस निदेशक संजीवा सिंह ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि छह सदस्यीय दल ओलंपिक से तीन पदक लेकर लौटेगा। भारतीय तीरंदाज सभी पांच वर्गों पुरुष व्यक्तिगत रिकर्व, महिला व्यक्तिगत रिकर्व, पुरुष और महिला टीम और मिश्रित टीम में प्रतिस्पर्धा करेंगे। छह भारतीय धीरज बोम्मादेवरा, प्रवीण जाधव, तरुणदीप राय, दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त ने पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। तीरंदाजी दल फ्रांस में ट्रेनिंग के बाद ओलंपिक खेल गांव में पहुंचने वाला पहला दल रहा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सोनीपत में तीरंदाजी के लिए राष्टीय उत्कृष्टता केंद्र में हाई परफोरमेंस निदेशक सिंह ने कहा 2021 तोक्यो की तुलना में काफी वैज्ञानिक ट्रेनिंग से बेहतरीन ढंग से तैयारी की गई है जिसमें मानसिक अनुकूलन का ध्यान रखा है। सबसे महत्वपूर्ण बात ओलंपिक प्रारूप के अनुरूप घरेलू टूर्नामेंट में बदलाव किया है।

आईओए को 8.5 करोड़ देगा बीसीसीआई : शाह

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पेरिस ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय खिलाड़ियों को रविवार को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को 8.5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से शुरू होंगे। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि बीसीसीआई 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले हमारे अविश्वसनीय एथलीटों का समर्थन करेगा। हम इस अभियान के लिए आईओए को 8.5 करोड़ रुपये प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा हम पूरे दल को शुभकामनाएं देते हैं। भारत को गौरवान्वित करें। जय हिंद। पेरिस ओलंपिक में 117 खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के साथ भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ भी है।

सहयोगी स्टाफ में नींद और पोषण चिकित्सक भी

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के दौरान खिलाड़ियों की भलाई को प्राथमिकता देते हुए काफी अधिक सहयोगी स्टाफ उनके साथ भेजा जा रहा है जिससे 117 खिलाड़ियों के लिए कुल 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में एथलीटों के साथ रहेंगे। एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाते हुए सहायक स्टाफ के चयन के लिए एक व्यापक और विधिपूर्ण तंत्र अपनाया गया है। अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ सदस्य एथलीटों से चर्चा और उनकी जरूरतों के आधार पर चुने गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों को अच्छी नींद लेने की सलाह दी थी जिससे इस बार सहयोगी स्टाफ में पोषण विशेषज्ञ के साथ नींद चिकित्सक भी शामिल है। जानकारी के अनुसार 140 सहयोगी स्टाफ सदस्यों में से 67 खेल गांव में खिलाड़ियों के साथ रहेंगे जिसमें कोच, टीम डॉक्टर, रिकवरी विशेषज्ञ, खेल वैज्ञानिक और फिजियो शामिल हैं। कोचों, डॉक्टरों, फिजियोथेरेपिस्टों आदि के अलावा, इस बार भारत की ओर से पोषण विशेषज्ञ, नींद चिकित्सक और यहां तक कि स्पारिंग पार्टनर भी भेजे जा रहे हैं। इसके मुताबिक अन्य सदस्य खेल गांव के बाहर ठहराए जाएंगे और इनमें अतिरिक्त कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, ट्रेनर, स्पारिंग जोड़ीदार और मानसिक कंडीशनिंग कोच शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत 43 कोच और व्यक्तिगत कोच, 25 विदेशी कोच, 26 फिजियोथेरेपिस्ट और सात मालिश विशेषज्ञ भेज रहा है।

बॉलीवुड हलचल

वेदा का पोस्टर रिलीज

मुंबई। जॉन अब्राहम और शरवरी बाघ अभिनीत फिल्म वेदा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया है। फिल्म वेदा के निर्माताओं ने फिल्म का एक नया पोस्टर सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसमें शरवरी और जॉन नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर में शरवरी घायल नजर आ रही हैं। शरवरी के पैरों पर चोट लगी हुई है और जॉन उन्हें कुछ पीने के लिए देते नजर आ रहे हैं। शरवरी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म ' 'वेदा' ' का एक नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वह जॉन अब्राहम के साथ नजर आ रही हैं।फिल्म के इस पोस्टर के साथ शरवरी ने एक खास नोट भी लिखा है। शरवरी ने लिखा, अभिमन्यु सर, हमारी दुनिया में आप एक अकेले ऐसे इंसान हो, जिसने कभी-कोई फर्क नहीं किया। गुरु हो आप मेरे जिसने म्हारा साथ दिया, लड़ना सिखाया, दुनिया की रीति-नीति, सही-गलत सिखाके एक फाइटर बनाया। अन्याय सहना नहीं बल्कि अन्याय के खिलाफ जंग करने का रास्ता आपने सिखाया।

प्रभास को उनके प्रशंसक बहुत मानते हैं : अमिताभ

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन का कहना है कि प्रभास को उनके प्रशंसक भगवान की तरह मानते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। कल्कि 2898 एडी वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रूपये से ज्यादा की कमाई कर चुकी है।' 'कल्कि 2898 एडी' ' के मेकर्स वैजयंती मूवीज ने सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो शेयर किया,जिसमें अमिताभ बच्चन, नाग अश्विन से खास बातचीत करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने कहा कि प्रभास जैसे किसी व्यक्ति को, जिसे उनके प्रशंसक भगवान मानते हैं।उन्होंने फिल्म में अपने प्रदर्शन के लिए मिलने वाली प्रशंसा को भी टाल दिया और कहा कि यह सब नाग अश्विन की दृष्टि का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को फिल्म के पहले भाग के बारे में शिकायत थी, वे शायद इसे समझ नहीं पाए। आप दर्शकों को ध्यान में रखकर फिल्म बना रहे हैं और ऐसे कई हिस्से हैं, जिनके लिए, फिल्म उद्योग में रहने वाले व्यक्ति के रूप में, मैं समझ सकता हूं। प्रभास बहुत बड़े हैं। वह भगवान की तरह हैं कई तत्व, जो लोगों ने फिल्म के पहले भाग में महसूस किए, इसकी लंबाई के कारण, वे समझ नहीं पाए और वे कह रहे थे, 'चलो कहानी पर आते हैं'। लेकिन सच तो यह है कि पहला भाग फिल्म के नायक के लिए एक परिचय की तरह है।

भारतीय महिला टीम ने यूएई को 78 रन से हराया

दांबुला, एजेंसी

- महिला एशिया कप के अपने दूसरे मैच में हरमनप्रीत और ऋचा ने जड़े अर्धशतक
- महिला टी-20 क्रिकेट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी हरमनप्रीत

कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और ऋचा घोष नाबाद (64) रनों की आतिशी पारियों उसके बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने महिला एशिया कप के पांचवें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 78 रनों से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

202 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की टीम सात विकेटपर 123 रन ही बना सकी और 78 रन से मुकाबला हार गई। यूएई की ओर से कविशा एगोडेगे ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए दो विकेट लिए और 40 रनों की नाबाद पारी भी खेली। कप्तान ईशा ओझा ने 38 रन बनाए। खुशी 10 रन बनाकर आउट हुई। पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने दो विकेट लिए। रेणुका सिंह, तनुजा कंवर, पूजा वस्त्रकार और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय टीम ने यूएई को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया था। यूएई की कप्तान ईशा ओझा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की जोड़ी तेज शुरुआत की। तीसरे ओर में कविशा एगोडगे ने स्मृति मंधाना नौ गेंदों में 13 रन को आउट कर भारत को पहला झटका दिया। पांचवें ओवर में शेफाली वर्मा 18 गेंदों में 37 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद पवेलियन लौट गई।

इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मोर्चा संभाला। दयालन हेमलता (2) और जेमिमाह रॉड्रिग्स (14) रन बनाकर आउट हुई। हरमनप्रीत कौर और ऋचा ने 75 रनों की साझेदारी कर टीम के स्कोर को दो रन के करीब पहुंचा दिया। 20वें ओवर में हरमनप्रीत कौर रनआउट हो गई। उन्होंने 47 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 66 रन बनाए। यह हरमनप्रीत के टी-20 करियर का 12वां अर्धशतक है। उन्होंने यूएई महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ पहला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला और उस मैच में ही अर्धशतक बनाया। इसी के साथ वह टी-20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन (3,415) बनाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। ऋचा घोष ने 29 गेंदों में 64 रनों की नाबाद पारी खेली। यह ऋचा का अंतर्राष्ट्रीय करियर का यह पहला अर्धशतक है। भारत ने पांच विकेट पर 201 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।



पारी के दौरान हरमनप्रीत और ऋचा घोष।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

जापान में भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके

हांगकांग। जापान में रविवार को भूकंप के मध्यम स्तरीय झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, जापान में अक्केशी के 66 किमी पूर्व दक्षिण पूर्व में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 04:27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 42.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.54 डिग्री पूर्वी देशांतर पर पृथ्वी की सतह से 23.9 किलोमीटर की गहराई पर था।

बोलीविया में सड़क दुर्घटना में 16 लोगों की मौत

ला पाज। बोलीविया को चिली से जोड़ने वाले अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में सोलह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ला पाज़ यातायात परिचालन संगठन के दुर्घटना प्रभाग के निदेशक निलो टोरिको ने कहा कि चिली के साथ देश की सीमा से बोलीविया लौट रहा एक मालवाहक ट्रक चिली के अरिका क्षेत्र की ओर जा रही एक यात्री बस से टकरा गया। घायलों सात महिलाओं और सात पुरुषों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया। टोरिको ने कहा, "उच्च-टन भार वाले वाहन का चालक विपरीत लेन में चला गया और बस से टकरा गया। घटना में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। पुलिस हादसे की जांच कर रही थी।

छह श्रीलंकाई मछुआरे लापता हुए

कोलंबो। श्रीलंका के मत्स्य पालन और जलीय संसाधन विभाग ने शनिवार को कहा कि छह श्रीलंकाई मछुआरों को ले जा रही दो मछली पकड़ने वाली नौकाएं लापता हो गई हैं। विभाग के महानिदेशक सुशांत कहवाट्टा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ये जहाज 7 जुलाई को विभिन्न बंदरगाहों से श्रीलंका से रवाना हुए थे। कहवाट्टा ने कहा कि उनमें से एक बहु-दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें चार मछुआरे सवार हैं जबकि दूसरा एक दिवसीय मछली पकड़ने वाला जहाज है जिसमें दो मछुआरे सवार हैं। उन्होंने कहा कि विभाग ने श्रीलंकाई नौसेना और अन्य संबंधित एजेंसियों को सूचित कर दिया है। जिन्होंने जहाजों और उनके चालक दल का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

कंबोडिया में फंसे 14 भारतीयों को बचाया

सिंगापुर। कंबोडिया में साइबर अपराध धोखाधड़ी में फंसे चौदह भारतीय नागरिकों को बचा लिया गया है और उन्हें वापस भेजने के प्रयास जारी हैं। कंबोडिया स्थित भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी है। भारतीय दूतावास ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दूतावास ने अधिकारियों के साथ मिलकर 14 भारतीय नागरिकों को रिहा करवाया, कंबोडियाई पक्ष उनकी देखभाल कर रहा है। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह स्थित दूतावास ने कहा कि उसने साइबर अपराध में धकेलने वाली छलपूर्ण नौकरी की पेशकश के शिकार 650 से अधिक भारतीय नागरिकों को बचाने और वापस लाने में मदद की है।

सौंदर्यीकरण

रविवार को नई दिल्ली में 21 से 31 जुलाई तक होने वाले यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र के लिए सौंदर्यीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बनाई गई दीवार भित्तिचित्र के पास से गुजरता एक साइकिल चालक।

ओली ने संसद में विश्वास मत हासिल किया

काठमांडू, एजेंसी

- 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में समर्थन से 50 मत अधिक कुल 188 मत मिले
- एक सप्ताह पहले ही सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी

नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को संसद में आसानी से विश्वास मत हासिल कर लिया। लगभग एक सप्ताह पहले ही उन्होंने देश में एक और गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए पद की शपथ ली थी।

सरकार बनाने के लिए नेपाल की 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 सदस्यों का समर्थन होना आवश्यक है। जबकि प्रधानमंत्री केपी ओली को 188 मत मिले। उन्हें जरूरी समर्थन से 50 मत अधिक मिले। वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता ओली (72) ने चौथी बार सोमवार को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

ओली ने मंत्रिमंडल के 21 अन्य सदस्यों के साथ पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। नेपाल के संविधान के अनुसार, ओली के लिये नियुक्ति के 30 दिन के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना आवश्यक था।

काठमांडू में संसद में विश्वास मत के दौरान नेपाल के प्रधानमंत्री केपी ओली।

देउबा को दो साल बाद सत्ता सौंपेंगे केपी ओली

काठमांडू। नेपाल के नये प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने रविवार को पहली बार नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गुप्त सात सूत्री समझौते के ब्योरे का खुलासा किया। जिसके तहत वह दो साल तक सरकार का नेतृत्व करने के बाद सत्ता अपने गठबंधन सहयोगी दल के नेता शेर बहादुर देउबा को सौंप देंगे। ओली ने प्रतिनिधि सभा को संबोधित करते हुए कहा, अगले दो वर्ष के लिए मैं सरकार का नेतृत्व करूंगा और नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा शेष अवधि के लिए नेतृत्व करेंगे।

अदालत ने हिंसा के बाद रोजगार में अधिकांश आरक्षण खत्म किया

बांग्लादेश की सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण घटाकर 7 प्रतिशत किया

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में हुई हिंसा के बाद रविवार को सरकारी नौकरियों में अधिकांश आरक्षण को खत्म कर दिया। देश में हिंसक झड़पों में 100 से अधिक लोग मारे गए। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की एक तिहाई नौकरियां 1971 में पाकिस्तान से स्वतंत्रता के लिए देश के युद्ध में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित थीं, लेकिन अब शीर्ष अदालत ने फैसला दिया है कि केवल पांच प्रतिशत नौकरियां स्वतंत्रता सेनानियों के रिश्तेदारों के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। शेष दो प्रतिशत जातीय अल्पसंख्यकों या दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित हैं। सरकार ने अभी तक फैसले पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार राजधानी ढाका के कुछ इलाकों में छिटपुट झड़पें हुईं। शीर्ष अदालत की इमारत के बाहर एक बख्तरबंद वाहन तैनात किया गया था और सैनिक अब भी राजधानी की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। कुछ विरोधी नेताओं को कथित तौर पर गिरफ्तार किया गया है। अन्य लोग झड़पों में मारे गए लोगों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हिंसा में लगभग 115 लोगों के मरने की खबर है, लेकिन स्थानीय मीडिया के अनुसार हताहतों की संख्या इससे कहीं अधिक है। शुक्रवार को कम से कम 50 लोग मारे गए।

ढाका में कर्फ्यू के दौरान यात्रियों की तलाशी लेता पुलिस अधिकारी।

अमेरिकियों को बांग्लादेश की यात्रा न करने की सलाह दी

वाशिंगटन। अमेरिका ने बांग्लादेश में जारी हिंसा के मद्देनजर अपने नागरिकों को दक्षिण एशियाई देश की यात्रा न करने का परामर्श दिया है। उसने अपने गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्वैच्छिक रूप से वहां से आने की अनुमति दे दी है। एक दिन पहले, अमेरिका ने बांग्लादेश के लिए एक नया यात्रा परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से हिंसा से जूझ रहे देश की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया था।

बांग्लादेश में अशांति के बीच हाई अलर्ट पर बीएसएफ

अगरतला। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पड़ोसी देश बांग्लादेश में मौजूदा अशांति के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हाई अलर्ट पर है। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ, त्रिपुरा फ्रंटियर के महानिरीक्षक पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति बीएसएफ के लिए भी सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय है, क्योंकि हमें अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा का दायित्व सौंपा गया है। हमने सुरक्षा बढ़ा दी है, ताकि सीमा पार से आपराधिक तत्व मौजूदा स्थिति का फायदा न उठा सकें। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर की तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में जवानों और सभी वरिष्ठ कमांडरों को सीमा पर भेजा गया है।

इमरान की जान को जेल में खतरा : बुशरा बीबी

इस्लामाबाद, एजेंसी

- रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए आरोप लगाया कि उन्हें अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया है तथा खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को जेल में संवाददाताओं से अनौपचारिक बातचीत में बुशरा ने अपनी जान के लिए भी खतरा बताया।

बुशरा के अनुसार, उन पिछली घटनाओं के मद्देनजर खान का जीवन खतरे में है जिनमें उन्हें कथित तौर पर जहर दिया गया और गोली मारी गई। उन्होंने कहा कि इसकी जांच करने के उनके कानूनी अनुरोध का अदालत ने अभी तक समाधान नहीं किया है। जेल की स्थितियों के बारे में 49 वर्षीय बुशरा ने कहा कि 71 वर्षीय खान को गंदे हालात में रखा गया है और खाने के लिए दूषित भोजन दिया जाता है।

दक्षिण पश्चिम चीन में अचानक आई बाढ़ के बाद 8 शव बरामद

चेंगदू। दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में बचावकर्मियों ने शनिवार को रात आठ बजे तक आठ शव बरामद कर लिए हैं और चार को सुरक्षित निकाल लिया है। यहां भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के बाद 30 से अधिक लोग लापता हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि यह आपदा शनिवार सुबह करीब 2:30 बजे हुई, जिससे 40 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए और याआन शहर के अंतर्गत हनयुआन काउंटी के सिन्हुआ गांव में 1,254 निवासी प्रभावित हुए। कुल 443 बचावकर्मियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है।

अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- इंडियाना प्रांत में पत्नी के साथ घर जाने के दौरान हुई घटना

अमेरिका के इंडियाना प्रांत में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की उसकी पत्नी के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस और मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यह घटना उस समय हुई जब गैविन दसौर अपनी पत्नी के साथ घर जा रहे थे। दसौर की पत्नी मेक्सिको की हैं और हाल में उनका विवाह हुआ था।

इंडियानापोलिस पुलिस विभाग (आईएमपीडी) की अधिकारी अमांडा हिब्सचमैन ने बताया कि अधिकारियों को पिछले सप्ताह मंगलवार रात आठ बजे के बाद इंडी शहर के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में एक चौराहे पर एक व्यक्ति को गोली मारे जाने की सूचना मिली।

घटनास्थल पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि वहां जमीन पर एक व्यक्ति पड़ा था और उसके शरीर पर गोली का निशान था। मृतक की पत्नी ने उसकी पहचान की। भारतीय मूल के व्यक्ति की पत्नी विवियाना जमोरा ने इंडियानापोलिस स्टार को बताया, वह खून से लथपथ थे, मैं उन्हें थामे हुए थी और एम्बुलेंस का इंतज़ार कर रही थी। कहा जा रहा है कि दसौर आगरा का रहने वाला था और उनका विवाह 29 जून को हुआ था।

यात्रियों की तलाश में जुटी भारत और नेपाल की टीम

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल भूस्खलन

- नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की भारतीय बचाव टीम चितवन पहुंची

नेपाल में पिछले हफ्ते भूस्खलन की चपेट में आने के बाद दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद से लापता बताए जा रहे कई लोगों की तलाश में मदद के लिए 12 भारतीय बचाव कर्मी भी रविवार को नेपाली सुरक्षा बल के दलों के साथ जुड़ गए। नेपाल के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की भारतीय बचाव टीम शनिवार को बागमती प्रांत के चितवन में पहुंची। एक बस में सात भारतीय नागरिक सवार थे जिनमें से अब तक तीन के शव बरामद हो चुके हैं। नेपाल ने 12 जुलाई को भूस्खलन के कारण त्रिशूली नदी में बह गई बसों की तलाश के लिए भारत से सहायता मांगी थी।

द काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, भारतीय टीम ने रविवार सुबह तलाशी अभियान शुरू किया। 65 यात्रियों को ले जा रही दोनों बसों के नारायणघाट-मुगलिन सड़क खंड पर भूस्खलन की चपेट में आकर त्रिशूली नदी में बह जाने के बाद से कम से कम 19 शव बरामद किए गए हैं। तीन यात्री बस से बाहर निकलने में कामयाब रहे और तैरकर किनारे पर पहुंच गए। तीन सोनार कैमरों सहित आवश्यक उपकरणों से लैस भारतीय टीम में चार गोताखोर शामिल हैं। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) की कई बचाव और खोजी टीम घटना के दिन से ही बसों के मलबे और यात्रियों की तलाश कर रही हैं, लेकिन अब तक बहुत कम सफलता मिली है।

पूर्वी अफगानिस्तान में विस्फोट, दो की मौत व 6 घायल

चरिकर, अफगानिस्तान। पूर्वी अफगानिस्तान के परवान प्रांत में एक विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। प्रांतीय पुलिस विभाग के प्रवक्ता फजल रीम मस्किन यार ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार दोपहर को परवान की प्रांतीय राजधानी चरिकर शहर के एक लोहे के बाजार में हुई। उन्होंने कहा कि घटना की अभी भी जांच चल रही है और संभावित परिणाम जनता के सामने घोषित किए जाएंगे। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अधिक बारूदी सुरंग-दूषित देशों में से एक है, जहां पिछले चार दशकों के युद्धों के बाद बचे हुए गैर-विस्फोटित आयुध और बारूदी सुरंगें बड़ी संख्या में लोगों की जान ले लेती हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे होते हैं।

हिज्बुल्ला ने इजराइल के ग्रामीण इलाके में रॉकेट से हमला किया

बेरूत, एजेंसी

लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्ला ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने उत्तरी इजराइल में शनिवार को दर्जनों रॉकेट दागे। पिछले नौ महीने में यह पहला मौका है जब हिजबुल्ला ने इजराइल की ओर रॉकेट से हमला किया है। इससे पहले दिन में इजराइल ने ड्रोन से हमला किया था, जिसमें बच्चों समेत कई लोग घायल हो गये थे। हिजबुल्ला ने इसी हमले का बदला लेने के लिये यह हमला किया है। हालांकि, फलस्तीन के चरमपंथी समूह हमास ने शनिवार को दावा किया कि उसने गाजा पट्टी में जनसंहार के प्रतिशोध में इजराइल के उत्तर में स्थित शोमेरा गांव में सैन्य चौकी की तरफ लेबनान से रॉकेट दागे।

सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी (एनएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शनिवार रात को दक्षिण तटीय गांव अदलून पर इजराइली हवाई हमले में हथियारों के एक केन्द्र को निशाना बनाया गया और इसके बाद कई विस्फोट हुए, जिससे आस-पास के गांवों में छर्रे बरसने लगे। एनएनए ने अपनी खबर में कहा है कि इससे पास के गांव खरायेब में तीन लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। खबर में हालांकि हथियार के केन्द्र के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन माना जा रहा है कि यह हिजबुल्ला का था।

हूती ने इज़रायल के इलियट पर हमले की पुष्टि की

मास्को। हूती के नाम से पहचाने जाने वाले यमन के अंसार अल्लाह आंदोलन ने रविवार को पुष्टि की कि उसने इजरायल के दक्षिणी शहर इलियट में लक्ष्यों पर हमला किया है और लाल सागर में अमेरिकी कंटेनर जहाज पुंबा पर बैलिस्टिक मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी से हमला किया था। हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारी ने सोशल मीडिया पर कहा, यमनी सशस्त्र बलों के मिसाइल बल ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों के साथ दक्षिणी कब्जे वाले फिलिस्तीन के उम्म अल-रशरश क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण लक्ष्यों को निशाना बनाते हुए एक विशिष्ट सैन्य अभियान चलाया... जबकि नौसेना, यूएवी और यमनी सशस्त्र बलों की मिसाइल बलों ने कई बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोनों के साथ लाल सागर में अमेरिकी जहाज पुंबा को निशाना बनाते हुए एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया।

दंतेवाड़ा में डैम क्षतिग्रस्त, पानी से जनजीवन अस्तव्यस्त

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल पहाड़ी में एनएमडीसी द्वारा निर्मित एन-1 बी डैम अत्यधिक बारिश होने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण जल जमाव की स्थिति निर्मित हो गई तथा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण अनेक घर बाढ़ की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सतर्कता बरतते हुए तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थान ले जाया जा रहा है। किरंदुल के गाटर पुलिया एवं सीएससी सेंटर के पास भी बारिश से जल जमाव होने से जेसीबी मशीन के द्वारा रोड से पानी क्लियर किया गया। साथ ही साफ सफाई भी की गयी है। यहां भी जिला प्रशासन के द्वारा निचले स्तर पर बसी बस्तियों में जलभराव स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है।

अमेरिकी चुनाव मिशिगन में शनिवार को हुई रैली को राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ने किया संबोधित

आलोचकों को दरकिनार कर ट्रंप बोले- लोकतंत्र के लिए खाई गोली

वाशिंगटन, एजेंसी

पेनसिल्वेनिया में एक कार्यक्रम में हुए जानलेवा हमले में बाल-बाल बचने के बाद अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी पहली चुनाव प्रचार रैली में आलोचकों की इन चिंताओं को खारिज किया कि वह लोकतंत्र के लिए खतरा हैं और कहा कि उन्होंने लोकतंत्र के लिए गोली खाई।

मिशिगन में शनिवार को हुई रैली में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जे डी वेंस भी थे। ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने के लिए 12,000 से अधिक लोग इकट्ठे हुए। ट्रंप (78) ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का जिक्र करते हुए कहा, वे कहते रहते हैं कि वह (ट्रंप) लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मैं कहता हूं, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया है? मैंने पिछले सप्ताह लोकतंत्र के लिए गोली खाई। उन्होंने अपने हजारों समर्थकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, मैंने लोकतंत्र के खिलाफ क्या किया? यह पागलपन है। पेनसिल्वेनिया में एक चुनावी रैली के दौरान पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर एक बंदूकधारी ने कई गोलियां चलाई थीं। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी, जबकि रैली में शामिल एक व्यक्ति मारा गया था और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पूर्व राष्ट्रपति ने ट्रंप के एजेंडे का समर्थन करने के लिए अमेरिकी संघीय सरकार को नया स्वरूप देने के लक्ष्य से बनाई गई रूढ़िवादी हेरिटेज फाउंडेशन की परियोजना 2025 पर भी बात की, जिसके बारे में उनके प्रतिद्वंद्वियों का दावा है कि यह पहल लोकतंत्र के लिए खतरा है। ट्रंप ने इस परियोजना से खुद को अलग करते हुए कहा, मैं इसके बारे में कुछ जानना नहीं चाहता, लेकिन वे गलत सूचना और भ्रामक जानकारी दे रहे हैं। कान पर पट्टी बांधकर आए ट्रंप ने करीब दो घंटे तक भाषण दिया।

- ग्रैंड रैपिड्स के वैन एंडेल एरिना में ट्रंप और वेंस को देखने 12,000 से अधिक लोग इकट्ठा हुए

ट्रंप पर हमला करने वाले बंदूकधारी ने रैली से पहले कार्यक्रम स्थल पर ड्रोन उड़ाया था : अधिकारी

वाशिंगटन। ऐसा माना जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले बंदूकधारी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम से पहले पेनसिल्वेनिया रैली स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाया था, ताकि कार्यक्रम से पहले जगह का जायजा लिया जा सके। यह जानकारी एक कानून प्रवर्तन अधिकारी ने शनिवार को दी। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ड्रोन बरामद कर लिया है। एफबीआई पिछले शनिवार को रैली में 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स द्वारा की गई गोलीबारी के मामले की जांच का नेतृत्व कर रही है। क्रुक्स ने उस बटलर फार्म शो के मैदान के पास स्थित एक इमारत की छत से कई गोलियां चलाईं, जहां ट्रंप भाषण दे रहे थे। इसके बाद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर की गोली लगने से क्रुक्स की मौत हो गई। ड्रोन का विवरण देने वाले अधिकारी इस मामले पर सार्वजनिक रूप से बयान देने के लिए अधिकृत नहीं हैं और उन्होंने उनका नाम न छापने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से बात की। ड्रोन के बारे में विस्तृत जानकारी सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। रैली के दौरान हुए हमले में ट्रंप को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी में 50 वर्षीय अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

अमेरिका में भारत के राजदूत की नियुक्ति का स्वागत किया

वाशिंगटन। भारतीय-अमेरिकी संगठन और गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्थाओं ने राजनयिक विनय क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि द्विपक्षीय संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए वे उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। पूर्व विदेश सचिव क्वात्रा को शुक्रवार को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया। जनवरी में तरनजीत संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद अमेरिका में भारत के राजदूत का पद रिक्त हो गया था। गैर-सरकारी एवं गैर लाभकारी संस्था इंडियास्पोरा ने कहा, प्रवासी भारतीय समूह विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई देता है।

पर्यटक वाहनों को कचरा थैलियां रखना अनिवार्य

गंगटोक, एजेंसी

निर्णय

- पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश

सिक्किम में प्रवेश करने वाले सभी पर्यटक वाहनों को अब कचरा फेंकने के लिए अनिवार्य रूप से थैली रखनी होगी। पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि पर्यावरणीय स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। इसमें कहा गया है कि टूर ऑपरेटर, ट्रैवल एजेंसी और वाहन चालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यात्रियों से थैलियों में कचरा फेंकने के लिए कहें।

विभाग ने कहा कि इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्यटकों के वाहनों की आकस्मिक जांच की जाएगी और आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन को दंडित किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि पर्यटकों को कचरा प्रबंधन और पर्यावरणीय स्थिरता के बारे में शिक्षित करने के लिए स्वच्छता संबंधी जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिक्किम में छह लाख से अधिक लोग रहते हैं और यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है। राज्य के खूबसूरत हिमालयी स्थलों पर हर साल 20 लाख से अधिक पर्यटक आते हैं।